वर्ष 73 ▸ अंक 199 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 18 अप्रैल, 2026
▸ वैशाख शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2083
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"दुश्मन को माफ करना आसान है, लेकिन दोस्त को माफ करना ज्यादा कठिन होता है।
- विलियम ब्लेक

## ऑफ बीट
### ज्यादा शराब पिलाने पर 2.3 करोड़ मुआवजा



*अमेरिका में एक क्रूज यात्रा के दौरान महिला को जरूरत से ज्यादा शराब परोसना एक कंपनी को भारी पड़ गया। अदालत ने कंपनी को दोषी मानते हुए पीड़िता को लगभग 2.3 करोड़ रुपए (करीब 2.7 लाख डॉलर) का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मामला 45 वर्षीय डायना सैंडर्स से जुड़ा है, जो जनवरी 2024 में क्रूज यात्रा पर गई थीं। उन्हें महज 9 घंटे के भीतर कम से कम 14 शॉट्स टकीला परोसी गईं। इस अत्यधिक शराब सेवन के बाद जब वे बार से बाहर निकलीं, तो कुछ ही देर में सीढ़ियों से गिर गईं। इस हादसे में उनके सिर और पीठ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद डायना ने कंपनी के खिलाफ अदालत में मामला दर्ज कराया।*

## आईपीएल में आज

**दिल्ली बनाम बेंगलुरु**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से
**हैदराबाद बनाम चैन्नई**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

**परिणाम: गुजरात ने कोलकाता को 5 विकेट से हराया।**

#### भाजपा नेता की हत्या का मामला
### कांग्रेस विधायक समेत 17 दोषियों को उम्रकैद

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक में विशेष अदालत ने कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 16 अन्य आरोपियों को 2016 में भाजपा नेता योगेशगौड़ा गौडर की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने सजा का ऐलान किया। इसी सप्ताह सभी आरोपियों को हत्या और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया था। मामले की जांच सीबीआई ने की थी। मामला धारवाड़ में जिला पंचायत सदस्य योगेशगौड़ा की हत्या का था।



#### खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका
### ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने से किया इनकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि उन्हें राहत के लिए सीधे असम की अदालत का रुख करना चाहिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई के दौरान खेड़ा को फटकार भी लगाई। अदालत ने कहा कि याचिका में गड़बड़ी गंभीर मामला है, इसलिए जमानत बढ़ाने का कोई आधार नहीं बनता। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना हाईकोर्ट में दाखिल याचिका के साथ आधार कार्ड के अलग-अलग हिस्सों में भिन्न जानकारी दी थी।



#### महिला आरक्षण से संबंधित 131वां संविधान संशोधन बिल गिरा, पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट
# विपक्ष का नहीं मिला साथ, '54' से चूकी सरकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** महिला आरक्षण से जुड़े संविधान (131वां संशोधन) बिल को लोकसभा में आवश्यक बहुमत नहीं मिल पाया और यह 54 वोटों से गिर गया। लगभग 21 घंटे की लंबी बहस के बाद इस बिल पर वोटिंग कराई गई। कुल 528 सांसदों ने मतदान किया। इनमें से 298 वोट पक्ष में आए जबकि विपक्ष में 230 सांसदों ने वोटिंग की।

संविधान संशोधन बिल होने के कारण इसे पारित करने के लिए दो-तिहाई बहुमत यानी 352 वोटों की जरूरत थी। लेकिन सरकार को केवल 298 वोट ही मिल सके। इस तरह बिल 54 वोटों से गिर गया। लोकसभा की कुल 543 सीटों में से कुछ सीटें खाली होने के कारण प्रभावी संख्या कम थी, लेकिन फिर भी सरकार आवश्यक आंकड़ा जुटाने में नाकाम रही। सरकार को पहले से अंदाजा था कि उसके पास आवश्यक संख्या नहीं है। इसके बावजूद अंतिम समय तक समर्थन जुटाने की कोशिशें जारी रहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन अलग-अलग मौकों पर सांसदों से अपील की। उन्होंने 13 अप्रैल को सांसदों को पत्र लिखकर समर्थन देने की अपील की। 16 अप्रैल को लोकसभा में कहा- 'हमें क्रेडिट नहीं चाहिए, विपक्ष ले ले।' 17 अप्रैल को सोशल मीडिया पर अंतरात्मा की आवाज से वोट देने की अपील की। गृहमंत्री अमित शाह ने भी सदन में जोरदार भाषण दिया और कहा कि अगर बिल पास नहीं हुआ तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष पर होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि देश की महिलाएं इस फैसले को याद रखेंगी।

(नंबर गेम सरकार के खिलाफ था, नैरेटिव सेट करने लाए विधेयक- पेज-8)



### पहली बार महत्वपूर्ण बिल पारित नहीं करा सकी मोदी सरकार

*यह पिछले 12 वर्षों में पहली बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसी महत्वपूर्ण विधेयक को सदन में पारित कराने में असफल रही है। सरकार महिला आरक्षण को लागू करने की दिशा में इस बिल को महत्वपूर्ण मान रही थी। इसके तहत लोकसभा की कुल सीटों को 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव था, ताकि महिलाओं को बढ़ी हुई सीटों में से 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।*

#### सरकार का तर्क
सीटों की संख्या बढ़ाए बिना आरक्षण लागू करना व्यावहारिक रूप से कठिन होगा, क्योंकि इससे मौजूदा सांसदों की सीटों पर असर पड़ता।

#### विपक्ष का आरोप
यह बिल सिर्फ महिला आरक्षण के लिए नहीं लाया गया, बल्कि परिसीमन के जरिए राजनीतिक संतुलन को बदलने का प्रयास किया गया था।

### दो अन्य बिलों पर नहीं कराई वोटिंग

*सरकार ने परिसीमन को लेकर इस दौरान दो अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी पेश किया था।*

- परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026
- केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026

हालांकि इन दोनों पर सरकार ने वोटिंग से इनकार कर दिया। सरकार का कहना था कि ये तीनों बिल आपस में जुड़े हुए हैं, इसलिए एक ही बिल पर फैसला पर्याप्त है।

### पीएम ने की थी अपील- अंतरात्मा की सुनें सांसद



इसके पहले शुक्रवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों से 131वें संविधान संशोधन बिल के समर्थन में वोटिंग की अपील की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मैं सभी सांसदों से कहूंगा कि आप अपने घर में मां-बहन-बेटी-पत्नी सबका स्मरण करते हुए अपनी अंतरात्मा को सुनिए। देश की नारीशक्ति की सेवा का, उनके वंदन का ये बहुत बड़ा अवसर है। उन्हें नए अवसरों से वंचित नहीं करिए। ये संशोधन सर्वसम्मति से पारित होगा, तो देश की नारीशक्ति और सशक्त होगी। देश का लोकतंत्र और सशक्त होगा। उन्होंने लिखा कि 'संसद में इस समय नारीशक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन पर चर्चा चल रही है। कल रात भी एक बजे तक चर्चा चली है। जो भ्रम फैलाए गए, उनको दूर करने के लिए तर्कबद्ध जवाब दिया गया है। हर आशंका का समाधान किया गया है। जिन जानकारियों का अभाव था, वो जानकारियां भी हर सदस्य को दी गई हैं। किसी के मन में विरोध का जो कोई भी विषय था, उसका भी समाधान हुआ है। महिला आरक्षण के इस विषय पर देश में चार दशक तक बहुत राजनीति कर ली गई है।' प्रधानमंत्री की इस अपील के बावजूद लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक गिर गया और सरकार 54 मतों से यह बिल पारित कराने से चूक गई।

### भारत ने देख लिया, 'इंडिया' ने रोक दिया: राहुल



संविधान (131वां) संशोधन बिल के गिरने पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा- संशोधन विधेयक गिर गया। उन्होंने महिलाओं के नाम पर, संविधान को तोड़ने के लिए, असंवैधानिक तरकीब का इस्तेमाल किया। भारत ने देख लिया। 'इंडिया' ने रोक दिया। जय संविधान। इससे पहले सदन में राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा, 'यह महिला आरक्षण बिल महिलाओं को सशक्त नहीं बनाएगा। यह शेमफुल कानून है। उन्होंने कहा कि पुराना कानून लाओ हम समर्थन देंगे। यह सिर्फ भारत के निर्वाचन क्षेत्र के नक्शे को बदलने के लिए है।' उन्होंने कहा, 'भारत के इतिहास में यह सबसे कड़वा सच है। मैं इसके बारे में सब जानता हूं। यह ओबीसी, दलित वर्गों के लिए क्रूरता वाला बिल है। सभी जानते हैं कि ओबीसी, दलित और महिलाओं के साथ क्या होता है।' राहुल गांधी ने कहा- केंद्र ओबीसी वर्गों के भाई बहनों से अधिकार छीनना चाहता है। वे संविधान के ऊपर मनुवाद हावी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि असल में यह बिल देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश है। महिला आरक्षण को ढाल बनाकर सरकार राजनीतिक फायदे के लिए परिसीमन कराना चाहती है।

### कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता उजागर: सीएम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद में महिला आरक्षण से जुड़े अहम विधेयक को पारित न होने देने को कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता बताया है। उन्होंने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय बताया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के प्रति कांग्रेस की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता आज एक बार फिर उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और इसका जवाब समय पर अवश्य देगी।

### बिल को गिराकर जश्न मनाना निंदनीय: शाह



अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा- आज लोकसभा में बहुत अजीब दृश्य दिखा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जरूरी संविधान संशोधन बिल को कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने पारित नहीं होने दिया। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के बिल को गिरा देना, उसका उत्साह मनाना और जयनाद करना सचमुच निंदनीय और कल्पना से परे है। अब देश की महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण, जो उनका अधिकार था, वह नहीं मिल पाएगा। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने यह पहली बार नहीं किया, बल्कि बार-बार किया है।

### बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है विधेयक का विरोध



यदि किसी देश में महिलाओं के अधिकारों से जुड़े विधेयक का विरोध किया जाए और उसे राजनीतिक उपलब्धि के रूप में देखा जाए, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में आगे भी प्रयास जारी रहेंगे।
**- किरेन रिजिजू**, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री

### महिला आरक्षण का नहीं किया विरोध



समाजवादी पार्टी या विपक्ष ने कभी महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया, लेकिन जो महिलाओं के हक का हरण करना चाहते थे, उनके लिए विपक्ष ने लक्ष्मण रेखा खींच दी है। महिलाओं को आरक्षण मिले, लोकतंत्र में उन्हें उनका स्थान मिलना चाहिए उसके हम पक्ष में हैं।
**- अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

### प्रियंका बोलीं- मसीहा का खोखला प्रयास



प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा- संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण इस देश की महिलाओं का हक है जो उनको मिलने से कोई नहीं रोक सकता। एक दिन यह हकीकत में परिवर्तित होकर रहेगा। मगर बदनीयती से इसे 2011 की जनगणना और उस पर आधारित परिसीमन से जोड़कर प्रधानमंत्री जी का महिलाओं का मसीहा बनने का खोखला प्रयास आज नाकाम रहा। आज, देश के विपक्ष ने अपनी दृढ़ता और एकजुटता दिखाकर भारत के लोकतंत्र और इसकी अखंडता को अक्षुण्ण रखा है। भारत की राजनीति में आज का दिन ऐतिहासिक माना जायेगा।

# ईरान ने होर्मुज खोला, ट्रंप ने कहा- शुक्रिया, अगले दौर की वार्ता जल्द

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान ने सीजफायर के दौरान दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्ग होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने का ऐलान किया है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बताया कि इस दौरान सभी कमर्शियल जहाजों को सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। अराघची के अनुसार, जहाजों के लिए एक सुरक्षित रूट तय किया गया है, जिसकी निगरानी ईरान का पोर्ट्स और मैरीटाइम संगठन करेगा, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। इस फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर ईरान को धन्यवाद दिया और कहा कि होर्मुज स्ट्रेट का खुलना वैश्विक सप्लाई के लिए अहम कदम है। हालांकि ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी अभी जारी रहेगी और अंतिम समझौते तक बनी रह सकती है।



पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली अहम वार्ता के अगले दौर की मेजबानी के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह बातचीत अगले सप्ताह इस्लामाबाद में हो सकती है, जिसका मकसद पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को खत्म कर शांति समझौते की दिशा में आगे बढ़ना है।

अंतरराष्ट्रीय एजेंसी आईएईए के अनुसार, ईरान के पास 5-6 टन तक एनरिच्ड यूरेनियम मौजूद है, जिसमें से करीब 120-130 किलोग्राम 60 फीसदी तक शुद्ध किया जा चुका है।

#### दावा: ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार, ईरान बोला- हवाई बातें

ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच शांति समझौता 'काफी करीब' है। हालांकि ईरानी मीडिया ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिका 'हवाई बातें' कर रहा है।

#### 2,358 भारतीय निकाले

इस बीच भारत ने बड़ी राहत कार्रवाई करते हुए ईरान से अब तक 2,358 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इन लोगों को पहले आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचाया गया, जहां से उनकी भारत वापसी कराई जा रही है।

**सीजफायर लागू:** इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन का सीजफायर लागू हो गया है। अमेरिका की मध्यस्थता से यह शांति वार्ता आगे बढ़ी है।

# सिंगरौली: 5 बदमाशों ने दिनदहाड़े 15 मिनट में की 15 करोड़ की लूट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिंगरौली में शुक्रवार को दिनदहाड़े करोड़ों की बैंक डकैती हुई। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ब्रांच में 5 हथियारबंद बदमाशों ने महज 15 मिनट के भीतर करीब 15 करोड़ रुपये कीमत के सोने और जेवर के साथ 20 लाख रुपये कैश लूट लिये और फरार हो गए। बदमाशों ने बैंक मैनेजर के साथ मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना और रीवा के संभागीय प्रभारी स्पेशल डीजी अनिल कुमार विशेष विमान से सिंगरौली रवाना हुए। एसपी मनीष खत्री पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया। हालांकि आरोपी पकड़ में नहीं आए। पुलिस मुख्यालय ने बदमाशों की तस्वीरें जारी की हैं।

प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बैंक के भीतर बदमाशों ने लोगों और स्टाफ को डराने के लिए फायर भी किया। इसके बाद भी बैंक में वारदात की भनक बाहर मौजूद लोगों को नहीं लगी। बदमाश अपने साथ कपड़े का बोरा और पिट्ठू बैग लेकर आए थे। बैंक की इस ब्रांच में वारदात के वक्त कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था। लुटेरे बैंक की हर गतिविधि से वाकिफ थे। डकैतों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं। भागते समय बदमाशों का देसी कट्टा बैंक से कुछ दूर गिर गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।



सीसीटीवी में बदमाशों के चेहरे कैद हुए हैं। पुलिस ने तीन तस्वीरें जारी की हैं।

#### 13 किलो सोना और 20 लाख कैश लेकर फरार हुए बदमाश

घटना दोपहर करीब एक बजे की है। बैंक में रोजमर्रा का काम चल रहा था। दो बदमाश हथियार लहराते हुए अंदर दाखिल हुए और वहां मौजूद ग्राहकों व कर्मचारियों को बंधक बना लिया। इसके तुरंत बाद उनके तीन और साथी बैंक के भीतर पहुंचे और बैंक के गेट को अंदर से बंद कर दिया। बदमाशों ने सबसे पहले मैनेजर से तिजोरी और लॉकर्स की चाबियां मांगी। इस दौरान जब मैनेजर ने विरोध किया, तो बदमाशों ने देसी कट्टे से उनके सिर पर वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसके बाद लुटेरों ने मैनेजर से चाबी छीनकर बैंक की तिजोरी में रखे 13 किलो सोने के जेवर और कैशियर के पास रखे लगभग 20 लाख रुपये कैश कपड़े के थैले और पिट्ठू बैग में भरे। बदमाशों ने महज 15 मिनट के भीतर वारदात को अंजाम दिया और बाहर खड़ी बाइकों पर सवार होकर फरार हो गए।

## पैरेंटिंग
#### बच्चों का स्क्रीन टाइम नियंत्रित करना चाहते हैं, वहीं खुद भी दूर रहना होगा फोन से
# खुद फोन में डूबेंगे, तो बच्चों पर सख्ती लागू नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्मार्टफोन आज हमारी जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर परिवारों खासतौर पर माता-पिता और बच्चों के रिश्तों पर दिखाई दे रहा है। एक ओर माता-पिता बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर खुद उनके फोन इस्तेमाल की आदतें इन नियमों को कमजोर कर देती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे घर में देखते हैं। अगर माता-पिता हर समय फोन में व्यस्त रहते हैं, खाने के समय, बातचीत के दौरान या आराम के वक्त तो बच्चों के लिए यह 'सामान्य व्यवहार' बन जाता है।

दिल्ली की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट रचना के सिंह के अनुसार, '70 फीसदी से अधिक किशोर बताते हैं कि उन्होंने अपने माता-पिता को फैमिली टाइम में फोन इस्तेमाल करते देखा है। इसका सीधा असर उनके खुद के स्क्रीन व्यवहार पर पड़ता है।'

आज की पैरेंटिंग पहले से बिल्कुल अलग हो गई है। पहले जहां बच्चों के साथ कहानियां और खेल होते थे, अब माता-पिता खुद भी स्क्रीन में उलझे रहते हैं। कभी वर्क कॉल, कभी सोशल मीडिया, कभी मनोरंजन। दिल्ली के एक बिजनेसमैन (नाम गोपनीय) मानते हैं कि वे खुद भी स्क्रीन के चक्र में फंसे हुए हैं। वे कहते हैं, 'मैं काम के अलावा गेमिंग में भी काफी समय बिताता हूं।'

### एक मां की कहानी: खुद बदली आदत, तब बदला बच्चा



चेन्नई से मुंबई आईं सुजाता रवि अय्यर की कहानी इस समस्या का एक समाधान भी दिखाती है। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने की शुरुआत उन्होंने सामाजिक दबाव में की, लेकिन जल्द ही यह आदत उनके बच्चों पर भी असर डालने लगी। जब उनकी बेटी 10वीं में थी, उन्होंने उसे पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए इंस्टाग्राम छोड़ने को कहा। लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हुआ कि जब तक वे खुद सोशल मीडिया नहीं छोड़ेंगी, तब तक यह अपेक्षा अनुचित है। उन्होंने खुद इंस्टाग्राम डिलीट किया और करीब 3 साल तक सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। अय्यर कहती हैं, 'अगर बच्चों से कुछ उम्मीद करते हैं, तो पहले खुद वैसा व्यवहार दिखाना जरूरी है।'




#### बढ़ती समस्या
- माता-पिता औसतन रोज 5 घंटे से ज्यादा फोन इस्तेमाल करते हैं
- बच्चे भी करीब 4 घंटे रोज स्क्रीन पर बिताते हैं
- 69 फीसदी बच्चे और 73 फीसदी माता-पिता मानते हैं कि फोन के कारण परिवार में झगड़े होते हैं

#### दिलचस्प
- 94 फीसदी बच्चे अपने माता-पिता के लिए सिर्फ कॉल, मैसेज और कैमरा जैसे बेसिक फीचर्स वाले फोन को बेहतर मानते हैं।
- बच्चे मानते हैं कि माता-पिता सोशल मीडिया में जरूरत से ज्यादा समय बिताते हैं।

#### असली समस्या: 'कथनी' और 'करनी' में फर्क
- इस पूरे मुद्दे का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि बच्चों पर नियम थोपना आसान है, लेकिन खुद उनका पालन करना कठिन।
- जब माता-पिता कहते हैं- 'फोन कम चलाओ', लेकिन खुद घंटों स्क्रीन पर रहते हैं, तो बच्चों के लिए यह संदेश विरोधाभासी हो जाता है।

#### परिणाम
- बच्चे नियमों को गंभीरता से नहीं लेते
- घर में टकराव बढ़ता है
- संवाद कम होता है

#### चंबल में अवैध खनन: मप्र, उप्र, राजस्थान को फटकार
# जरूरत हुई तो पैरामिलिट्री करेंगे तैनात: सुप्रीम कोर्ट

**मुरैना/नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने चंबल नदी में जारी अवैध रेत खनन पर कड़ा रुख अपनाते हुए मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकारों को सख्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने साफ कहा कि अगर राज्य सरकारें खनन नहीं रोक पातीं, तो क्षेत्र में अर्धसैनिक बल (पैरामिलिट्री) तैनात करने पर विचार किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि चंबल अभयारण्य क्षेत्र में हो रहा अवैध खनन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। कोर्ट में पेश तथ्यों में यह भी सामने आया कि नदी के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर मशीनों से रेत निकाली जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस और वन विभाग को संयुक्त रूप से 24 घंटे गश्त करने के निर्देश दिए हैं। अवैध खनन में शामिल पाए जाने वाले वाहनों को तुरंत जब्त करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है।

#### निर्देश: सीसीटीवी कैमरे लगाएं



कोर्ट ने तीनों राज्यों को निर्देश दिया कि नदी के संवेदनशील इलाकों और खनन मार्गों पर हाई-रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही खनन में इस्तेमाल होने वाले सभी वाहनों और मशीनों में जीपीएस डिवाइस अनिवार्य किए जाएं, ताकि उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके।



# टॉपर आईएएस अधिकारी अक्षत जैन होंगे नगर निगम रीवा के नये कमिश्नर



**जागरण, रीवा।** राज्य शासन द्वारा नगर निगम रीवा में नये कमिश्नर की पदस्थापना कर दी गई है। नगर निगम रीवा में इस बार 2019 बैच के टॉपर आईएएस अधिकारी अक्षत जैन को पदस्थ किया गया है। इसके पहले वे बैतूल में जिला प्रचायत सीईओ के पद पर पदस्थ रहे हैं। श्री जैन बैतूल से रीवा आने वाले दूसरे आईएएस अधिकारी हैं। इसके पहले कलेक्टर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी बैतूल से रीवा भेजे गए हैं। रीवा नगर निगम का सौभग्य है कि सबसे कम उम्र के टॉपर आईएएस अधिकारी अक्षत जैन को कमिश्नर को बनाया गया है। उन्होंने 23 वर्ष की उम्र में अपने दूसरे प्रयास में ऑल इंडिया में दूसरी रैंक हासिल कर यूपीएससी की परीक्षा पास की। बैतूल में सीईओ रहते उन्होंने ऐसा काम किया, जिसके लिए उन्हें सेंट्रल में सम्मानित भी किया गया है। उनके द्वारा बैतूल जिला में टीबी मुक्त अभियान शुरू किया गया था। इसके तहत मई 2025 में उत्कृष्ट कार्य के लिए सीईओ अक्षत जैन को सम्मानित किया जा चुका है। सीईओ अक्षत जैन ने जिला का प्रतिनिधित्व किया था। इसके अलावा उन्हें एसआईआर कार्य के लिए भी प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। वह मुख्य रूप से छतरपुर में एसडीएम के रूप में काम करने के लिए जाते हैं।

### जल संचय जनभागीदारी अवार्ड से हुए थे सम्मानित

*बैतूल में जिला पंचायत सीइओ के रूप में भी अक्षत जैन ने जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐसा काम किया है कि उनका नाम राष्ट्रीय स्तर पर छा गया है। उन्होंने देश में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बैतूल जिले ने राष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई थी। दिल्ली के विज्ञान भवन में 6वां नेशनल वाटर अवार्ड समारोह के दौरान केन्द्रीय मंत्री जल शक्ति मंत्रालय द्वारा बैतूल के सीईओ अक्षत जैन को जल संचय जन भागीदारी अवार्ड से सम्मानित किया था। उन्हें यह सम्मान केन्द्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रारंभ किए गए नवाचार जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत दिया था।*

### पिता आईपीएस और माता आईआरएस अधिकारी

*टापर आईएएस अधिकारी अक्षत जैन मूलतः जयपुर राजस्थान के रहने वाले हैं। उन्होंने जयपुर के इंडिया इंटरनेशनल स्कूल से अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी की है। बचपन से ही उन्हें पढ़ाई में रुचि रही है। आईएएस अक्षत जैन के पिता डीसी जैन आईपीएस अधिकारी माता सिम्मी जैन आईआरएस अधिकारी हैं। अक्षत जैन मूल रूप से जयपुर के रह्ने वाले हैं। उन्होंने आईआईटी गुवाहाटी से स्नातक किया। उन्होंने स्कूलिंग इंडिया इंटरनेशनल स्कूल से की। उन्होंने 12वीं में 94 फीसदी अंक प्राप्त किए थे। उनका विवाह निकिता जैन से हुआ है। उन्होंने एंथ्रोपोलॉजी डीमिस्टिफाइड नाम से एक पुस्तक लिखी है।*

# भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण संपन्न



**जागरण, रीवा।** भारत विकास परिषद रीवा शाखा का गत दिवस दायित्व ग्रहण समारोह उल्लासमय वातावरण में विभाग प्रचारक राष्ट्रीय सेवा संघ हरीनारायण के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष कमल सूरी, सचिव राजेन्द्र ताम्रकर, कोषाध्यक्ष दलबीर द्विवेदी, सहकोषाध्यक्ष किरण्ण कालरा, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बघेल, दीप चंद विश्वकर्मा को प्रांतीय महिला प्रमुख अनुराधा श्रीवास्तव द्वारा दायित्व एवं शपथ ग्रहण कराई गई। संयोजक गजेन्द्र गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुधा सिंह, रेखा चितरांशी, वंदना पटेल व जगन्नाथ साहू को भी दायित्व ग्रहण कराया गया। तत्पश्चात एमआर ढींगरा, राजेन्द्र सिंह बघेल, सुरेश विश्नोई, अनुराधा श्रीवास्तव व डॉ. रेखा सिंघल को शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। समारोह में डॉ. संजीव शुक्ल, डॉ. कमलेन्द्र वर्मा, डॉ. रेखा सिंघल, राम निवास चौरसिया, मनोहर कटारिया, तुषार ताम्रकर व शुभम ताम्रकर सात नए सदस्यों को परिषद की सदस्यता ग्रहण किए जाने पर श्रीफल व तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। वर्ष भर परिषद की स्वास्थ्य सेवाओं में सक्रिय यहयोग के लिए डॉ. लोकेश त्रिपाठी को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। अध्यक्ष कमल सूरी ने स्वागत भाषण में दोगुनी जिम्मेदारी का उल्लेख करते हुए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने पर्यावरण पर प्रमुखता से प्रकाश डालते हुए यूज पॉलीथीन का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया। इस दौरान बीपी सूरी, ज्ञानेन्द्र पाठक, सलिल सूरी, आशीष पाठक, अखिलेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। संचालन उपाध्यक्ष राजेन्द्र बघेल ने किया, आभार सुरेश विश्नोई ने माना व वार्षिक प्रतिवेदन राजेन्द्र ताम्रकर ने प्रस्तु किया। अंत रात्रि भोज का आयोजन किया गया।

## विधिवेत्ता विवेक तन्खा 25 को रीवा में करेंगे युवाओं से संवाद



**रीवा।** विंध्य क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक और बौद्धिक आयोजन 25 अप्रैल को होने जा रहा है। प्रख्यात विधिवेत्ता एवं राज्यसभा सांसद विवेक तन्वा रीवा में आयोजित विधिक संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह आयोजन माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्व विद्यालय रीवा के परिसर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रीवा सहित आसपास के क्षेत्रों के युवा छात्र, विधि के विद्यार्थी, अधिवक्ता एवं बुद्धिजीवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। इस संवाद के माध्यम से विधि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी, जिससे युवाओं को मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के आयोजक कांग्रेस नेता अमृत लाल मिश्रा ने बताया कि विवेक तन्वा जैसे वरिष्ठ विधि विशेषज्ञ को देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आमंत्रित करते रहते हैं। ऐसे में उनका रीवा आगमन शहर के लिए एक गौरवपूर्ण और सुखद अवसर है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण आयोजन की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि युवा वर्ग इसका लाभ उठा सके।

## नगर में आज निकलेगी परशुराम शोभा यात्रा



**रीवा।** भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विप्र सेवा संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज व सनातनी संगठन द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया कि शोभा यात्रा का प्रारंभ शाम 4 बजे परशुराम आश्रम इटौरा बायपास से होगा। शोभा यात्रा इटौरा बायपास से सिरमौर चौराहा, कॉलेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा, प्रकाश चौराहा, घोड़ा चौराहा, साईं मंदिर होते हुए कोठी कंपाउंड शिव मंदिर पहुंचेगी जहां विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से राजीव शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष विप्र सेवा संघ, पंडित संजय त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज व अन्य सनातनी सामाजिक संगठन शामिल रहे। पंडित संजय त्रिपाठी ने कार्यक्रम में सभी सनातियों को कार्यक्रम मे शामिल होने का आह्वान किया है।

## परशुराम आश्रम में कल होगा धर्म संसद का आयोजन

**रीवा।** परशुराम सेवा समिति रीवा द्वारा भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर 19 अप्रैल को परशुराम आश्रम में भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से धर्म संसद के साथ-साथ अनेक धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.00 बजे सुंदरकांड पाठ से होगी। सुंदरकांड पाठ की समाप्ति के पश्चात हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद धर्म संसद होगी, जिसमें अनेक विद्वान धर्म और समाज से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखेंगे। धर्म संसद के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। परशुराम आश्रम परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हर साल परशुराम जयंती पर यह आयोजन किया जाता है, हर बार धर्म संसद को विशेष रूप से जोड़ा गया है ताकि युवा पीढ़ी को भगवान परशुराम के आदर्शों और सनातन धर्म की जानकारी मिल सके। समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# आफत बन चुकी है क्षतिग्रस्त बीहर पुल, मरम्मत जल्द



### दिल्ली की डीजीसी इन्फ्रा करेगी क्षतिग्रस्त बीहर पुल की मरम्मत

### जैक की मदद से गार्डर किया जायेगा ऊपर, फिर लगेगी बियरिंग

**जागरण, रीवा।** बायपास में बीहर नदी के क्षतिग्रस्त पुराने पुल की मरम्मत के लिए मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) द्वारा एजेंसी का चयन कर लिया गया है। क्षतिग्रस्त हुए बीहर के पुराने पुल की मरम्मत का काम दिल्ली की डीजीसी इन्फ्रा कंपनी करेगी। एमपीआरडीसी के प्रभारी महाप्रबंधक अंशुल करोड़िया ने बताया कि पुल की मरम्मत के लिए एजेंसी का चयन होने के बाद समयसीमा में काम पूरा कर लिया जाएगा। उक्त कंपनी के विशेषज्ञ इंजीनियरों द्वारा पुल की जांच पहले ही की जा चुकी है और इसके लिए जरूरी पार्ट भी ऑर्डर कर दिये गये हैं। पुल की मरम्मत का काम पूरा होते ही वैकल्पिक मार्गों पर लगने वाले जाम की समस्या से भी मुक्ति मिल जाएगी। पुल की मरम्मत होने तक जाम की समस्या बनी रहेगी। बताया गया है कि डीजीसी इन्फ्रा कंपनी के अधिकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त बीहर पुल के कांक्रीट की जांच भी गई है कि वह आगे उपयोग के लायक है या नहीं। इसका सैंपल जांच के लिए दिल्ली भेजा गया है। जहां से जांच के बाद रिपोर्ट आने पर मरम्मत का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि पुल का गर्डर और पियर कैप कई पिलरों के पास क्षतिग्रस्त हुआ है। गर्डर और पियर कैप के बीच में लगा बेयरिंग भी टूट चुका है। इसी कारण से पुल का गार्डर नीचे धंस गया है, इसे पश्चिम बंगाल से मंगाया जा रहा है। इसके पहुंचने बाद इसे लगाने का काम शुरू होगा। इसके लिए जैक की मदद से सभी गर्डर को ऊपर उठाया जाएगा। इसके बाद पियर कैप और गर्डर के बीच में बेयिरंग लगाई जाएगी। बेयरिंग पुल के ऊपरी हिस्से के गर्डर और पिलर के पियर के बीच में स्थापित किया जाएगा। बेयिरंग लगाते समय क्षतिग्रस्त पियर कैप को भी सुधारा जाएगा। ब्रिज बेयरिंग पुल के भार को स्थानांतरित करता है। तापमान को परिवर्तन से होने वाले संकुचन और प्रसार कंपन को नियंत्रित करते हैं। एमपीआरडीसी के प्रभारी महाप्रबंधक अंशुल करोड़िया ने बताया कि पुल की मरम्मत का काम हाथ में लेने के बाद कंपनी ने समय पर काम पूरा करने का भरोसा जताया है।

### ढेकहा तिराहे के आगे लगा जाम, सीवरेज कार्य के चलते आवागमन हुआ बंद



**रीवा।** ढेकहा तिराहे आगे छोटी पुल के समीप सीवरेज लाइन कार्य के चलते सड़क बंद कर आवागमन रोक दिए जाने से यहां शुक्रवार दोपहर में जाम लग गया। रीवा से सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर की ओर जाने इस मार्ग पर चौबीस घंटे आवागमन बहाल रहता है, दोपहर के समय यहां सीवरेज लाइन का कार्य करने के लिए रास्ता बंद कर दिया गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। सीवरेज कार्य होने तक दोनों ओर से आवागमन अवरुद्ध रहा, जिससे वाहन चालक परेशान होते रहे। इस स्थान पर पिछले एक सप्ताह से चैम्बर बनाने के नाम पर एक ओर की सड़क के बीच में स्टॉपर लगाकर आवागमन रोक रखा है, जिससे सप्ताह भर से वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। शुक्रवार को तो रास्ता ही बंद कर दिया गया, जब बस चालक सहित अन्य वाहन चालकों ने नाराजगी दिखाई तो एक ओर से वाहन निकालने का स्थान दिया गया।

## नए न्यायालय भवन में प्याऊ का शुभारंभ



**रीवा।** अवधिया समाज सेवा समिति के सचिव एडवोकेट सन्तोष अवाधिया के द्वारा नए न्यायालय भवन में तेज गर्मी को देखते हुए अधिवक्ताओं को मीठा पानी उपलब्ध कराने हेतु दो स्थानों में निःशुल्क प्याऊ संचालित किए गए हैं। प्याऊ का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता राम सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता जय सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता मृगेंद्र पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता रीतेश गुप्ता द्वारा अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थित में किया गया। समिति द्वारा मीठे जल के साथ गुड़ की भी व्यवस्था की गई है।

## निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ




**जागरण, रीवा।** लायंस क्लब रीवा ग्रेट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गर्मी की तीव्रता को देखते हुए राहगीरों के लिए निःशुल्क ठंडे पानी की व्यवस्था करते हुए आर्य हॉस्पिटल के नीचे गुरु कृपा प्लाई के सामने प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष लायन सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री, सचिव गायत्री गुप्ता, रीजन चेयर पर्सन वीरेन्द्र शर्मा, वीरेन्द्र आर्य, अनूप अवस्थी, राजेश्वरी वर्मा, अर्चना श्रीवास्तव, गीता पुरवार, रविंदर कौर, रश्मि पुरवार, दीप्ति अग्निहोत्री, संध्या श्रीवास्तव, एकता जायसवाल, मनजीत सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

रीवा में पहली बार
यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब
METRO HOSPITAL
मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
OPD क्लीनिक की सुविधा
NABH CERTIFIED
यदि आप इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही पाएं उपचार एवं परामर्शः
पथरी, प्रोस्टेट, मूत्र मार्ग के रोग/ कैंसर का आधुनिक इलाज। किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह एवं उपचार।
मिलने का समय 18 अप्रैल 2026 शनिवार समयः दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक
डॉ. विकास सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (General Surgery), M.Ch.
यूरोलॉजी जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे बकिया कॉलोनी के रहवासी



### एक समय जल प्रदाय वह भी गंदा बदबूदार, सीवरेज लाइन डालने खोदी सड़क, तोड़ी नाली

**जागरण, रीवा।** शहर के वार्डों का विकास होने की बजाय दिन प्रतिदिन वार्डों की हालत खराब होती जा रही है। शहर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित बकिया कॉलोनी के रहवासी पिछले लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। वार्डवासियों ने बताया कि यहां प्रतिदिन एक समय जल प्रदाय किया जा रहा है, शाम के समय, उसमें भी गंदा व बदबूदार पानी लोगों के नलों तक पहुंच रहा है, जिससे न तो उस पानी का पीने में उपयोग कर सकते हैं न ही अन्य कार्य में। लोग बाजार से पानी खरीदने को मजबूर हैं। क्योंकि वार्ड में पानी का अन्य स्रोत भी नहीं है। वार्ड के लोगों ने बताया कि यहां अच्छी खासी सीमेंटेट सड़क बनी हुई थी, जिसे सीवरेज लाइन डालने के नाम खोद दिया गया, इसके बाद सड़क नहीं बनी, सीवरेज लाइन खोदने आई जेसीबी चढ़ने से वार्ड की नाली टूट गई, जिससे नाली से पानी निकलना बंद हो गया। सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़क का खनन किए एक माह से अधिक समय बीत गया, न तो सड़क बनी न ही नाली दुरुस्त हुई, वार्ड के घरों का पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे खोदी गई सड़क में गर्मी के मौसम में भी कीचड़ होता है।

### रात्रि के समय वेपर लैंप रहते हैं बंद

कहने को तो कॉलोनी में वेपर लैंप लगाए गए हैं, किन्तु अधिकतर वेपर लैंप रात्रि के समय बंद रहते हैं। बिजली के खंभे भी पर्याप्त नहीं लगे, एक ही खंभे से सैंकड़ों घरों में सर्विस लाइन जा रही है, जिसमें तारों का अच्छा खासा गुच्छा लगा है, आए दिन कोई न कोई तार टूटता रहता है, जिससे बिजली बाधित रहती है। वार्ड के लोग किन सुविधाओं से महरूम हैं ये देखने कोई नहीं आता, सिर्फ चुनाव के दौरान यहां एकाध बार चुनाव लड़ने वाले जनप्रतिनिधि आए थे, चुनाव के बाद वह भी दिखाई नहीं दिए। जबकि वार्डवासी हर प्रकार का टैक्स वहन कर रहे हैं।

PIONEERS SCHOOL OF EXCELLENCE
Behind Vrindawan Colony Near Janta College Anantpur, Rewa (M.P.)
ADMISSION FEES में विशेष छूट 25.04.2026 तक
Nursery to 10th Class An English Medium School
CBSE Pattern Formerly shemrock
National School Award 2021 Winner
Vacancy For - Pre-Primary teacher, PRT (science/mathematics) & office reception.
ADMISSION OPEN Now
Session : 2026-27
Phone No.: 8370073017, 9109143141

MP BIRLA GROUP

**विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड**

सीआईएनः L31300MP1983PLC002134
पंजीकृत कार्यालयः उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.)
कार्पोरेट कार्यालयः 5वां तल, सिग्नेचर टावर–।।।, टावर सी, सेक्टर 15–।।,
एनएच–8, निकट 32वां एवेन्यू, गुरूग्राम–122001 (हरियाणा)
टेलीफोनः (07662) 400400; फैक्सः (07662) 400591
ई–मेलः headoffice@vtlrewa.com; वेबसाइटः https://www.vtlrewa.com

**शेयरधारकों के लिए सूचना**

**भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और अभौतिकीकरण के लिए विशेष विंडो**

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि सेबी के सर्कुलर नंबर एचओ/38/13/11(2)2026–एमआईआरएसडी–पीओडी/आई/3750/2026 ("सेबी सर्कुलर"), दिनांकित 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटीरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए एक और विशेष विंडो 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक, एक वर्ष की अवधि के लिए उन निवेशकों के लिए खोली गई है, जिन्होंने 1 अप्रैल, 2019 से पहले कंपनी की भौतिक प्रतिभूतियां बेची/खरीदी थीं, और (i) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा नहीं की थीं, या (ii) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा की थीं, लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या किसी अन्य कारण से उन्हें अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था/उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

इस विंडो की प्रयोज्यता के संबंध में अधिक स्पष्टता के लिए, कृपया नीचे दी गई मैट्रिक्स देखें:

| हस्तांतरण विलेख के निष्पादन की तिथि | क्या आपने 1 अप्रैल, 2019 से पहले स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था? | क्या मूल सुरक्षा प्रमाणपत्र उपलब्ध है? | क्या आप वर्तमान समय सीमा में आवेदन करने के पात्र हैं? |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नहीं (यह नया आवेदन है) | हाँ | √ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ (यह पहले अस्वीकार/वापस कर दिया गया था) | हाँ | √ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ | नही | × |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नही | नही | × |

इस प्रकार हस्तांतरित प्रतिभूतियाँ अनिवार्य रूप से केवल डीमैट मोड में ही हस्तांतरिती के खाते में जमा की जाएँगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक–इन अवधि में रहेंगी। इस लॉक–इन अवधि के दौरान ऐसी प्रतिभूतियों को हस्तांतरित/ग्रहाणाधिकार–अंकित/गिरवी नहीं रखा जा सकता है। हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरिती के बीच विवादों से संबंधित मामले और वे प्रतिभूतियाँ जिन्हें निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में हस्तांतरित किया गया है, इस प्रक्रिया के अंतर्गत विचार के लिए नहीं ली जाएँगी।

शेयरधारको को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा अनुरोध किया जाता है कि वे मूल प्रतिभूति प्रमाणपत्र, शेयर हस्तांतरण विलेख, क्लाइंट मास्टर लिस्ट (सीएमएल) और उपरोक्त सेबी सर्कुलर में सूचीबद्ध सभी अन्ये दस्तावेज कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स ('आरटीए'), नामतः एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (यूनिटः विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड), सी–101, एम्बेसी 247, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400083 को प्रस्तुत करें।

किसी भी पूछताछ के लिए, शेयरधारको से अनुरोध किया जाता है कि वे आरटीए को investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर या कंपनी को investorgrievance@vtlrewa.com पर सेवा अनुरोध करें।

वास्ते विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड

हस्ता/-
(दिनेश कपूर)
कम्पनी सचिव

तिथि : 17 अप्रैल, 2026
स्थान : रीवा

# एक ओर नाले कर रहे साफ, दूसरी ओर डाल रहे कचरा

### मानस भवन के समीप प्रतिदिन टनों कचरा जा रहा नाले में



**जागरण, रीवा।** शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में स्थान दिलाने के लिए निगम द्वारा भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं, किन्तु निगम के मातहतों व ठेकेदारों की लापरवाही से ही शहर को अब तक स्वचछता सर्वेक्षण में स्थान नहीं मिल पाया। शहर के बीच से निकले नालों की हालत यह है कि इनके आसपास से गुजरना मुश्किल है, लोगों के घरों की नालियां व ड्रेनेज नालों से जुड़े हैं, जिससे नालों से उठने वाली असहनीय बदबू से इन नालों के आसपास के दुकानदार व रहवासी अपने घरों के दरवाजे तक नहीं खोल पाते। कुछ माह पूर्व निगम आयुक्त द्वारा शहर के नालों की सफाई के निर्देश दिए गए थे, जिसका पालन करते हुए कुछेक नालों की सफाई भी की गई थी, एक ओर जहां नाले साफ किए भी जा रहे हैं तो दूसरी ओर से उनमें निगम के ठेकेदार ही कचरा बहा रहे हैं, जिसका उदाहरण देखा जा सकता है मानस भवन के समीप कचरा डंप पाइंट पर। यहां से कचरा हटाने के निर्देश हुए हैं, किन्तु इसका पालन नहीं किया जा रहा। कचरा डंप पाइंट की दीवार टूटने से यहां डंप किए जाने वाले कचरे का आधा हिस्सा या यूं कहे कि प्रतिदिन टनों कचरा खिसककर टूटी दीवार के कारण नाले में जा रहा है, न तो कचरा डंप पाइंट की दीवार बनाई जा रही है न ही यहां से कचरा हटवाया जा रहा है, ऊपर से प्रतिदिन शहर से एकत्रित किया जाने वाला कचरा यहीं लाकर डंप किया जा रहा है। करीब दो-तीन सप्ताह पूर्व यहां से कचरा हटवाने के बजाय रात्रि के समय यहां डंप किए गए कचरे में आग लगा दी गई। जबकि शहर से कुछ दूर स्थित पहड़िया में कचरे से खाद बनाने व बिजली उत्पादन के लिए करोड़ों रुपया खर्च कर प्लांट लगाया गया है, किन्तु का शहर से हटाया जाने वाला कचरा पहड़िया तक पहुंच ही नहीं पाता। या तो वार्ड मे पड़ा रहता है या फिर नालों में बहकर सीधे नदियों में जाकर नालों के साथ ही नदियों का पानी भी दूषित कर रहा है।

# उप मुख्यमंत्री ने भैरवनाथ लोक का किया भ्रमण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गुढ़ स्थित भैरवनाथ लोक पहुंचकर भगवान भैरवनाथ का दर्शन एवं पूजन किया। उन्होंने भैरवनाथ लोक में उपस्थित जनसमुदाय व श्रद्धालुओं से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन व बेहतर व्यवस्थाओं के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करायें।

## झलबदरी तालाब सौन्दर्यीकरण कार्य भी देखा



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने झलबदरी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य एवं मार्तंड क्रमांक 2 के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।






# विद्युत चोरी करने वालों पर कार्यवाही, बकाया बिल जमा नहीं करने वालों के काटे कनेक्शन



**जागरण, रीवा**

शहर संभाग में गत 13 से 17 अप्रैल तक कार्यपालन अभियंता अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में तीनों जोन के सहायक अभियंता द्वारा टीम बनाकर रात्रिकालीन चेकिंग की गई। विद्युत चोरी करने वाले उपभोक्ताओं व विद्युत बिल की बकाया राशि समाधान योजना में जमा नहीं करने पर उनके बिजली कनेक्शन काटे गए। चेकिंग के दौरान कुल 18 नंबर धारा 135 एवं धारा 138, विद्युत चोरी के प्रकरण तैयार किए गए, जिसमें कुल 12.10 लाख की विद्युत क्षतिपूर्ति राशि निकाली गई। मुख्य रूप से बड़े बकायादारों पर कार्यवाही की गई, जिसमें हरपाल इंडस्ट्रीज चोरहटा, विद्युत बकाया राशि 820611, रामबली पाण्डेय पाण्डव नगर बकाया राशि 119601 एवं रामदुलारे, पुष्पराज नगर बकाया राशि 106848 के परिसर में कार्यवाही की गई। इसके अलावा विद्युत चोरी से ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशनों पर भी कार्यवाही की गई, जिसमें रानी तालाब मंदिर के पास लगे ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में भी विद्युत चोरी से ई-रिक्शा चार्ज करते पाया गया, जिस पर धारा 135 के तहत विद्युत चोरी का प्रकरण दर्ज कर 130000 रुपए की ऊर्जा क्षतिपूर्ति राशि निकाली गई। उक्त कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी। इस दौरान उपभोक्ताओं से अपील की गई कि विद्युत का उपयोग वैध कनेक्शन से ही करें एवं अपने विद्युत बिल की बकाया राशि का भुगतान समाधान योजना के तहत सुनिश्चित करें। ऐसे उपभोक्ताओं की भी जांच की जा रही है जिनके परिसर में स्मार्ट मीटर लगने के उपरांत विद्युत बिल की बकाया राशि होने के कारण विद्युत कनेक्शन काट दिया गया है एवं विद्युत बिल की बकाया राशि जमा नहीं की गई। शहर संभाग रीवा में लगभग 200 उपभोक्ता चिन्हित किए गए है जिनके कनेक्शन विद्युत बिल बकाया होने के कारण काट दिए गए थे उनके परिसर की भी जांच की जा रही है एवं विद्युत का अवैधानिक उपयोग करते पाए जाने पर प्रकरण तैयार किया जाएगा। रात्रिकालीन चेकिंग के दौरान सहायक अभियंता चन्द्रमणि भास्कर, सहायक अभियंता जीतेश त्रिपाठी, कनिष्ठ अभियंता प्रकाश गौतम, कनिष्ठ अभियंता संजय सिंह, अजय मिश्रा, अनिल मिश्रा आदि शामिल थे।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित मिली तो होगी कठोर कार्यवाही कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को तत्परता से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा है कि प्राप्त होने वाली शिकायतों का 18 अप्रैल तक समाधानपूर्वक शत प्रतिशत निराकरण करें। शिकायतें लंबित रहने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि इस अतिमहत्वपूर्ण कार्य में जिन विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्परता नहीं बरती जायेगी और शिकायतें लंबित रहेगी उनके विरूद्ध वेतन काटने के साथ ही अर्थदण्ड की भी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जी की वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अनुपस्थित रहने वाले जिला स्तरीय अधिकारियों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिये।

# विद्यालय खुलते ही ऑटो, वाहनों में बढ़ी बच्चों की ओवरलोडिंग

### वाहनों में सुरक्षा के संसाधनों सहित फर्स्ट एड बॉक्स तक नहीं, दौड़ते हैं अंधगति से



**जागरण, रीवा।** नवीन शिक्षा सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से हो गई है, विद्यालयों के खुलते ही ऑटो, रिक्शा सहित अन्य वाहनों में बच्चों की ओवरलोडिंग बढ़ गई है। क्षमता से अधिक बच्चों को ढो रहे इन वाहनों में न तो सुरक्षा के कोई संसाधन हैं न ही वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स हैं। ऑटो चालकों की स्थिति तो ये है कि ये अपने वाहनों में छोटे बच्चों को भी बीच में भेड़-बकरियों की भांति भर लेते हैं, चालक के दोनों ओर दो-दो बच्चों को लटकाए रहते हैं, परिवहन विभाग द्वारा करीब एक दशक पूर्व निर्देश जारी किए गए थे कि ऑटो में सवारियों के चढ़ने-उतरने के लिए एक ही हिस्से से सवारियों को बैठाया व उतारा जाए, किन्तु शहर में उक्त निर्देशों का पालन नहीं हो रहा। क्षमता से अधिक भरे बच्चों को बैठाकर ये वाहन इतनी तीव्र गति से वाहन दौड़ाते हैं कि सामने से आने वाले अथवा बगल से जाने वाले वाहन चालकों को अपने वाहन किनारे अथवा खड़े करने पड़ते हैं। स्कूलों के लगने से पूर्व व छूटने के बाद ऐसे ऑटो व वाहन चालकों के कारनामे आसानी से देखे जा सकते हैं, जो यातायात थाने के सामने, सिविल लाइन, समान सहित अन्य थानों के सामने से बेखौफ नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। जिन के विरुद्ध न तो यातायात विभाग न ही परिवहन विभाग कोई कदम उठाने को तैयार है।

# बाल विवाह कराने पर होगी दो वर्ष की सजा और एक लाख का जुर्माना

**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया एवं अन्य विवाह मुहूर्तों पर होने वाले आयोजनों पर प्रशासन की पैनी नजर है और बाल विवाह की पहचान कर उसे रोकने के लिए पूरी तरह अलर्ट पर है। कानूनन 18 वर्ष से कम आयु की बालिका और 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि एक अपराध है। बाल विवाह जैसी गंभीर कुरीति को दूर करने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू है, जिसके अंतर्गत बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना या प्रोत्साहन देना गैरकानूनी है। इस कानून के उल्लंघन पर दोषियों को 2 वर्ष तक का सश्रम कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं का प्रावधान है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, धर्मगुरुओं, गैर-सरकारी संगठनों और विवाह से जुड़े विभिन्न घटकों जैसे विवाह घर संचालकों, बैंडदल, प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई और केटरर्स से अपील की है कि वे बाल विवाह न होने देने को प्राथमिकता दें और संभव हो तो विवाह संबंधी कार्य लेने से पूर्व वर-वधू का आयु प्रमाण पत्र अवश्य देख लें। जिले में इस अभियान में मदद करने और बाल विवाह को रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खण्ड चिकित्सा एवं शिक्षा अधिकारी, पुलिस थाना प्रभारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सचिव शामिल हैं। बाल विवाह की शिकायतों की प्राप्ति और त्वरित रोकथाम के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नागरिक जिले में होने वाले किसी भी बाल विवाह की सूचना मोबाइल नंबर 9406935085, 9630403767, 9752408448, 8172836084, 9039688479 या चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त उड़नदस्ता दल के किसी भी सदस्य को भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने इस सामाजिक बुराई को रोकने के लिए सभी से सहयोग करने का अनुरोध किया है।

## समाधान योजना: सभी वितरण केंद्रों में लगाया जा रहे कैंप



**रीवा।** ऊर्जा विभाग मध्य प्रदेश शासन की समाधान योजना के तहत वरिष्ठ अधिकारी प्रमा पांडे मुख्य अभियंता रीवा एवं बीके शुक्ला अधीक्षण अभियंता रीवा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पूर्व संभाग डीई सुशील यादव के नेतृत्व में लगातार क्षेत्र में समाधान योजना के वसूली कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान योजना के तहत बकायादार उपभोक्ता के लंबित सरचार्ज माफी का प्रावधान है। क्षेत्र के पात्र उपभोक्ता भुगतान के द्वारा लाभ लिया जा रहा है। पूर्व संभाग के अंतर्गत वितरण केंद्र गोविंदगढ़, गुढ़, मनिकवार, मंनगवा, बदरांव, रायपुर गंगेव में कनिष्ठ अभियंता एवं सहायक अभियंता क्षेत्र की उपस्थिति में गांव-गांव कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के एक दिन पूर्व संबंधित सरपंच सचिव को अनाउंसमेंट के माध्यम से एवं लोकल सोशल मीडिया के माध्यम से उपभोक्ताओं को पूर्व से सूचित कर दिया जाता है ताकि क्षेत्र के प्रत्येक उपभोक्ता को लाभ प्रदान किया जा सके।

**बिल सुधार की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई :** कैंप में उपभोक्ताओं के बिजली के बिल संबंधी शिकायतें मौके पर प्राप्त होती है उनका तत्काल निरीक्षण कर नियमानुसार बिल सुधार किए जाने का कार्य लगातार क्षेत्र में किया जा रहा है।

**हाई ट्रिपिंग फीडरों का किया जा रहा मेंटेनेंस :** उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए क्षेत्र में लगातार 33, 11 केवी एवं वितरण ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस कार्य पूर्व संभाग के अंतर्गत लगातार किया जा रहा है।

## परिसीमन विधेयक को गिराना लोकतंत्र बचाना: कुंवर

**रीवा।** कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय समन्वयक किसान नेता कुंवर सिंह पटेल ने देश की लोकसभा में विवादित परिसीमन विधेयक के गिरने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है। जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के लोग लोकतंत्र को समाप्त करना चाहते हैं, परिसीमन विधेयक लाकर संविधान के अनुच्छेदों का दुरुपयोग करके सारी शक्तियां कार्यपालिका के ऊपर निर्भर करना चाहते थे, उनके मंशा अनुसार सारे कानून पास करना व संविधान के साथ विपक्ष को समाप्त करने की साजिश पूरी तरह से नाकाम हो गई है।

## शार्ट सर्किट से कई किसानों की गेहूं की फसल जलकर खाक

**रीवा।** जिला समीपस्थ ग्राम पंचायत चौरा ब्लाक रीवा तहसील हुजूर विधानसभा सेमरिया में भरी दोपहर 2 बजे बिजली की शार्ट सर्किट से खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। जिन किसानो की फसल भारी नुकसान हुआ है उनमें रेवतीमरण मिश्र, रामसुशील पयासी अन्य किसानों की फसलों को आग लगने से नुकसान पहुंचा। किसानों को आर्थिक मदद के लिये जिला प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि किसानों की क्षतिपूर्ति दिलायी जाए। पूर्व सरपंच चुनका कोल, राजललन मिश्र, बृजेश मिश्र, वर्तमान सरपंच श्रीमती सोनी, महेश मिश्र, रमाकांत मिश्र, मुंडा कोल, विपिन त्रिपाठी आदि ने जिला प्रशासन से सहयोग करने की अपील की है।

# एफआरबी ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल, बची जान

### मनगवां थाना क्षेत्र के जरहा राइस मील के सामने हुआ था हादसा

**जागरण, रीवा।** जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के ग्राम जरहा में राइस मिल के सामने बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पे पहुँची मनगवां पुलिस की एफआरबी टीम ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुँचाकर मानवता की मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार, अविनाश शर्मा 35 वर्ष निवासी जेपी नगर रीवा और मुकेश दहिया 31 वर्ष निवासी छीजवार थाना चोरहटा अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर रीवा से गंगेव की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे ग्राम जरहा स्थित राइस मिल के समीप पहुँचे, पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही थाना मनगवां की एफआरबी टीम तत्काल मौके पर पहुँची। जहा घायलों के सिर में गंभीर चोट होने के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई थी। समय की गंभीरता को देखते हुए आरक्षक शिवेंद्र मिश्रा एवं एफआरबी स्टाफ ने बिना देरी किए दोनों घायलों को पुलिस वाहन से रीवा के संजय गांधी अस्पताल पहुँचाया और समय पर भर्ती कराया। फिलहाल दोनों घायलों का उपचार जारी है। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस की इस तत्परता और कार्यशैली की सराहना की है, जिससे घायलों को समय पर उपचार मिल सका।

# कलेक्टर ने अपने मोबाइल से भरा स्व गणना फॉर्म

### डिजिटल सुविधा का लाभ लेने की अपील



**जागरण, रीवा।** कलेक्टर एवं जिला मुख्य जनगणना अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को बढ़ावा देते हुए स्वयं अपने मोबाइल फोन के माध्यम से स्व-गणना फॉर्म भरकर नागरिकों को प्रेरित किया और यह संदेश दिया कि यह प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं सहज है। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों से इस डिजिटल सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है। भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई यह आधुनिक डिजिटल सुविधा नागरिकों को घर बैठे सरल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से जनगणना में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक पोर्टल पर लॉगिन कर कुछ आसान प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकता है। उल्लेखनीय है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई से 30 मई तक किया जाएगा। इसके पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना हेतु पोर्टल पर विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवधि में नागरिक अपनी स्व-गणना समय रहते पूर्ण कर सकते हैं, जिससे आगामी प्रक्रिया और अधिक सुगम हो सके। इससे नागरिकों को घर, कार्यालय अथवा किसी भी स्थान से मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से सुरक्षित रूप से जानकारी दर्ज करने की सुविधा मिलती है। जनगणना-2027 में पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है, जो एक आधुनिक, तकनीकी रूप से सशक्त एवं समावेशी प्रक्रिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी और देश के विकास के लिए आवश्यक आंकड़ों का संकलन अधिक सुगमता से किया जा सकेगा। जनगणना का द्वितीय चरण, जिसमें जनसंख्या गणना की जाएगी, फरवरी 2027 में पूरे देश में संपन्न होगा। इस दृष्टि से वर्तमान स्व-गणना प्रक्रिया नागरिकों को प्रारंभिक चरण में ही जुड़ने और अपनी जिम्मेदारी निभाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्व-गणना सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और जनगणना कार्य को सफल बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। इस दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी आर के सिन्हा, सहायक जनगणना अधिकारी हेमंत त्रिपाठी, जिला प्रभारी जनगणना अधिकारी शशिकांत शुक्ला, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार पटेल के साथ कार्यकाल में उपस्थित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने अपना अपना स्व-गणना फॉर्म भरा।

## दस्तावेजी साक्ष्य 27 अप्रैल से पूर्व प्रस्तुत किये जा सकेंगे

**रीवा।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग मनगवां एवं रायपुर कर्चुलियान द्वारा ग्राम रायपुर की भूमि के संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 0076/अ-6(अ)/2025-26 में पारित आदेश के अनुपालन में सूचना का प्रकाशन कराने के निर्देश दिए हैं। यह मामला मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत ग्राम रायपुर, पटवारी हल्का एवं तहसील रायपुर कर्चुलियान की भूमि खसरा नंबर 716 से 725, 751 से 753 और 730 से 735 तक, कुल 20 कित्ता रकबा 30.14 एकड़ से संबंधित है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में कलेक्टर जिला रीवा द्वारा त्रुटि सुधार की अनुमति दी गई है, जिसमें हितबद्ध पक्षकारों को विधिवत सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए गुणदोष के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण वर्तमान में अंतिम तर्क के प्रक्रम में है। अत: इस सूचना के माध्यम से उक्त वादभूमियों में हित रखने वाले व्यक्तियों, भूमिस्वामियों और पक्षकारों को सूचित किया गया है कि यदि वे अपने पक्ष समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो न्यायालय में नियत अग्रिम पेशी 27 अप्रैल 2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि बीतने के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और प्रकरण का निराकरण उपलब्ध साक्ष्यों एवं गुणदोष के आधार पर कर दिया जाएगा।




संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# सुनिश्चित की जानी चाहिए कर्मचारियों की गरिमा

देश की एक प्रमुख आईटी कंपनी की नासिक शाखा में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयासों के चौंकाने वाले आरोप परेशान करने वाले हैं। निस्संदेह, यह प्रकरण बेहद गंभीर है और इन आरोपों ने कार्यस्थल की सुरक्षा जैसे नजरअंदाज किए जा रहे महत्वपूर्ण मुद्दे पर फिर देश का ध्यान आकर्षित किया है। यह आरोप है कि पुरुष कर्मचारियों का एक समूह महिला सहकर्मियों को निशाना बनाने के लिए एक 'संगठित गिरोह' की तरह काम कर रहा था। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम कंपनी प्रबंधन की उस घोर लापरवाही को ही उजागर करता है जिस के चलते समय रहते इस तरह के यौन उत्पीड़न व धर्म परिवर्तन की कोशिशों पर अंकुश नहीं लग सका। यह विडंबना ही है कि मानव संसाधन प्रबंधक ने कथित तौर पर पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने से यह कहकर रोका कि –'ऐसी चीजें होती रहती हैं।' आक्षेप लगाया गया है कि इस प्रकरण में आरोपी का ही पक्ष लिया गया। निश्चित तौर पर यह दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम कॉर्पोरेट जगत में व्याप्त विद्रूपताओं और एक गहरी तथा व्यापक विफलता की ओर ही इशारा करता है। जबकि दावा यह किया जाता रहा है कि कॉर्पोरेट जगत की प्राथमिकता कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चत करना है। इसमें दो राय नहीं है कि जब यौन उत्पीड़न रोकथाम ढांचे को लागू करने के लिये जिम्मेदार उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर दुर्व्यवहार को सामान्य या मामूली बात समझने का आरोप लगता है, तो सारे संस्थागत सुरक्षा उपाय ध्वस्त हो जाते हैं। निर्विवाद रूप से यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है, जब पीड़ित महिला कर्मचारी को न केवल अपराधियों द्वारा बल्कि उनकी सुरक्षा का दायित्व संभालने वालों द्वारा भी चुप कराने के प्रयास किये जाते हैं। एक बार फिर से पुलिस के हस्तक्षेप और परामर्श के बाद ही कई पीड़ित महिला कर्मचारियों ने आगे आने का साहस जुटाया है। जिसके बाद ही मामले में प्राथमिकी दर्ज हो पायी है।

बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को लेकर एक असहज करने वाला प्रश्न यह उठता है कि क्यों भय, सामाजिक कलंक अथवा संस्थागत उदासीनता के कारण देश भर के विभिन्न कार्यस्थलों में ऐसे कितने ही यौन उत्पीड़न के मामले उजागर नहीं हो पाते हैं? इसमें दो राय नहीं कि इस मामले में जांच बिना किसी पुर्वाग्रह के आगे बढ़नी चाहिए। निर्विवाद रूप से आईटी कंपनी के नासिक प्रकरण में सांप्रदायिक या राजनीतिक रंग देने का प्रयास इस संकट की मूल चिंताओं को धूमिल करने का जोखिम जरूर पैदा कर सकता है। निस्संदेह, ऐसी घटनाओं को धार्मिक या वैचारिक नजरिये से देखना कॉर्पोरेट जवाबदेही और लैंगिक संवेदनशीलता वाले सुधारों की तत्काल आवश्यकता से ध्यान भटका सकता है। इस संवेदनशील विषय पर नजर रखने वाले तर्क देते हैं कि उत्पीड़न को संप्रदाय विशेष के अपराध के रूप में देखने के बजाय, इसे एक अधिकारी द्वारा अपने अधिकार के दुरुपयोग के रूप में देखा जाना चाहिए, जो किसी भी संस्थान में पारदर्शिता और प्रवर्तन की कमी वाले वातावरण में ही पनपता है। इस विचलित करने वाले प्रकरण में अधिकारियों की प्रतिक्रिया, जिसमें एक विशेष जांच दल का गठन भी शामिल है, स्वागत योग्य है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में महिला आयोग द्वारा भी एक स्वतंत्र जांच की जा रही है, जो कि एक सराहनीय कदम कहा जा सकता है। हालांकि, कॉर्पोरेट जगत से जुड़े कार्यालयों में स्थायी परिवर्तन तभी संभव होगा जब कंपनियां ऐसे मामलों में 'शून्य सहिष्णुता' की घोषणा करेंगी। इसके साथ ही जरूरत इस बात की भी कि कार्यालयों में ऐसा निर्भयतापूर्ण वातावरण तैयार किया जाए कि कोई भी महिला कर्मचारी बिना डर के बोलने के लिये सशक्त बन सके। उन्हें सशक्त बनाने के लिये आंतरिक तंत्र को सक्रिय रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि कंपनियों का शीर्ष प्रबंधन गाहे-बगाहे यह पड़ताल करता रहे कि सर्वाधिकार प्राप्त कोई अधिकारी असीमित अधिकारों की आड़ में उत्पीड़न के अपवित्र खेल में शामिल तो नहीं है। एक पारदर्शी व सतर्क व्यवस्था भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है।

## प्रसंगवश

# मानसूनी बारिश की कमी से निपटने की तैयारी जरूरी

शिखर के बाद, गर्त अपरिहार्य रूप से आता ही है। दो सालों की घनघोर बारिश के बाद, भारत को आने वाले मानसून के दौरान बरसात में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अप्रैल में जारी अपने पूर्वानुमान में जून से सितंबर के बीच आठ फीसदी की कमी, यानी सामान्य से कम वर्षा होने की भविष्यवाणी की है। इस अनुमान में पांच फीसदी की त्रुटि की संभावना है। लेकिन आईएमडी के पिछले रिकॉर्ड के मद्देनजर, ऐसे कई मौके आए हैं जब आईएमडी ने 'सामान्य' मानसून की भविष्यवाणी की है और भारत में सूखा पड़ा है। जबकि, सूखे की भविष्यवाणी करने और इसके गलत साबित होने के मामले इससे कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, जब आईएमडी अप्रैल में बारिश की कमी की चेतावनी देता है, तो इतिहास गवाह है कि भारत में अक्सर सूखा पड़ता है। यह एजेंसी अपनी आधिकारिक शब्दावली में कभी भी 'सूखा' शब्द का प्रयोग नहीं करती है और सिर्फ 90 फीसदी से नीचे की कमी को ही 'न्यून' वाली स्थिति के रूप में संदर्भित करती है। अप्रैल 2015 में, आईएमडी ने 2015 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के लिए 'सामान्य से कम मानसून' का पूर्वानुमान जारी किया था। इसमें मौसमी वर्षा के दीर्घकालिक औसत के 93 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था, जो फिर से 'सामान्य से कम' था। लेकिन भारत में हालात कहीं ज्यादा ही खराब रहे और उसका दीर्घकालिक औसत (एलपीए) 86 फीसदी रहा। आईएमडी को इस बार मानसून के दूसरे महत्वपूर्ण आधे हिस्से (अगस्त और सितंबर) में कमजोर मानसून की आशंका है। इसका कारण मौसम मॉडल द्वारा दर्शाए गए 'अल नीनो' का संकेत है। 'अल नीनो' एक ऐसी चक्रीय घटना है, जिसमें मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का तापमान एक डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ जाता है और 1950 के बाद से 16 में से 9 बार यह कमजोर मानसून से संबंधित रहा है।अल नीनो का समय महत्वपूर्ण होता है। अगर तापमान में बढ़ोतरी मानसून के महीनों के अलावा अन्य महीनों में होती है, तो मानसून पर इसका असर उतना खतरनाक नहीं होता है। मिसाल के तौर पर, 2019 में, आईएमडी ने अप्रैल में सामान्य से कम वर्षा की उम्मीद जताई थी क्योंकि 'अल नीनो' जैसी स्थितियां बनती नजर आ रही थीं। विडंबना यह रही कि भारत में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई क्योंकि अपेक्षा के मुताबिक गर्मी तेज नहीं हुई। इस साल भी, आईएमडी को उम्मीद है कि हिंद महासागर डायपोल अल नीनो के शुष्क प्रभाव का प्रतिकार करेगा। इस साल जब पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक बने हुए हैं, ऐसे में कमजोर बारिश के साथ-साथ गैस और उर्वरक की कमी से किसानों की हालत और भी खराब हो सकती है। लिहाजा सरकार को उर्वरकों का भंडार बढ़ाने, खासतौर पर पानी की कमी की आशंका वाले जलाशयों समेत पानी का समान वितरण सुनिश्चित करने और किसानों को बुवाई की सर्वोत्तम पद्धतियों के बारे में समय रहते सलाह देने की तैयारी फौरन शुरू कर देनी चाहिए।



## बॉलीवुड चर्चा

# अपशगुनी टाइटल- बॉलीवुड में अंधविश्वास?




● हेमंत पाल ●

सलमान खान ने हाल ही में अपनी फिल्म 'गलवान' का नाम बदलकर 'मातृभूमि' रख दिया। इसके पीछे कारण चाहे जो भी बताए जा रहे हों, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा रहा कि पुराने नाम को बदलने के पीछे कोई शुभ-अशुभ का गणित भी हो सकता है। क्योंकि, ऐसे प्रयोगों का एक लंबा इतिहास रहा है। कुछ फिल्में सिर्फ नाम की वजह से ही नहीं चली। कई बार तो फिल्मों के नाम की स्पेलिंग बदलकर इस प्रयोग को सुधारा गया, जो सफल रहा। बॉलीवुड की चमक-दमक भरी दुनिया में जहां करोड़ों की कमाई का सपना हर कलाकार देखता है, वहीं अंधविश्वास की जड़ें इतनी गहरी हैं कि टाइटल की एक स्पेलिंग बदलने से फिल्म की किस्मत पलट सकती है। लेकिन, कुछ टाइटल ऐसे हैं जो जड़ से कथित मनहूस साबित हुए हैं। इनका जिक्र होते ही प्रोड्यूसर्स के चेहरे पीले पड़ जाते हैं। सबसे कुख्यात है 'शहजादा'। पिछले 50 सालों में राजेश खन्ना, अजय देवगन और कार्तिक आर्यन जैसे सितारों ने इस नाम के साथ दांव लगाया, लेकिन हर बार बॉक्स ऑफिस पर पानी फेर गया।

> विलियम शेक्सपियर ने अपने नाटक 'रोमियो और जूलियट' में संवाद लिखा था 'नाम में क्या रखा है।' उनकी यह बात उस नाटक के संदर्भ में सही हो सकती है। लेकिन, फिल्मों के नाम के बारे में यह कई बार गलत साबित हुई। क्योंकि, फिल्मकार हर चीज को शुभ-अशुभ के नजरिये से देखते हैं। यदि उन्हें फ़िल्म के नाम में कोई अशुभ बात नजर आती है, तो वह उसे बदलने में देर नहीं करते। कई उदाहरण हैं, जब फिल्मों के नाम ने ही लाखों-करोड़ों की फिल्मों का बंटाधार किया। फिल्म के निर्माण से पहले उसके नाम को लेकर खासी मशक्कत की जाती है।

### 'शहजादा' बनी तीन सितारों की नाकामियां




बॉलीवुड में 'शहजादा' नाम की काली छाया इतनी घनी है कि इसके जिक्र भर से स्टार्स सिहर उठते हैं। पहली बार यह अभिशाप 1972 में राजेश खन्ना पर उतरा। सुपरस्टार खन्ना साहब की लहर पर सवार होकर 'शहजादा' रिलीज हुई। डायरेक्टर कोटि कोमीनिनी की इस रिमेक फिल्म में राजेश खन्ना के अलावा मोना सिंह और प्रिया राजवंश मुख्य भूमिकाओं में थे। उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म ने महज 50 लाख की कमाई की। ट्रेड एनालिस्टों के मुताबिक, बजट के मुकाबले 70 प्रतिशत का घाटा हुआ। इंडस्ट्री में चर्चा फैली कि नाम में ही कुछ खराब है। चार दशक बाद 2012 में अजय देवगन ने इस मनहूस टाइटल को फिर आजमाया। 'सन ऑफ सरदार' के बाद मनोज मुंतशिर की स्क्रिप्ट पर बनी यह फिल्म एक्शन-ड्रामा थी। संजय लीला भंसाली प्रोडक्शन की चमक के साथ अजय देवगन, संजय दत्त और काजोल जैसे सितारे थे। लेकिन रिलीज होते ही धमाका उल्टा फूटा। यानी प्रोड्यूसर्स को 50 करोड़ का चूना लगा।ताजा झटका 2023 में कार्तिक आर्यन को लगा। रोहित धवन डायरेक्टोरियल 'शहजादा' में कार्तिक आर्यन, कृति सैनन और तब्बू के साथ पूजा हेगड़े थीं। प्रचार भव्य था लेकिन बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम यानी 60 प्रतिशत घाटा। इंडस्ट्री वाले फुसफुसाते हैं शहजादा का अभिशाप फिर चला।

### 'मनहूस' टाइटल जो दुश्मन बने

'शहजादा' अकेला नहीं। बॉलीवुड में कई ऐसे टाइटल हैं जो फ्लॉप की गारंटी बन चुके हैं। 'आग' इसका सबसे काला उदाहरण है। 1980 के दशक में कमल हासन की 'आग' आई, जो सुपरफ्लॉप रही। फिर 1999 में गोविंदा और कैरी अमीन वाली 'आग' ने 5 करोड़ का बजट खा लिया। 2003 में संजय दत्त की 'लूंगी' टाइप 'आग' आई, फिर फुस्स। तीनों 'आग' बॉक्स ऑफिस पर जल गईं। एक और नाम है 'बदला।' 1966 में मीना कुमारी की 'बदला' फ्लॉप हुई। 1970 में धर्मेंद्र वाली भी डूबी। 2019 में तापसी पन्नू और अमिताभ बच्चन की 'बदला' ने तो कमाल किया, लेकिन इससे पहले के दो 'बदला' ने इंडस्ट्री को सबक सिखाया। ट्रेड एक्सपर्ट सुमीत कचड़ कहते हैं कि बार-बार फेल होने वाले नामों से बचना चाहिए। 'खिलाड़ी' भी मनहूस साबित हुआ। अक्षय कुमार की 1996 वाली 'खिलाड़ी' हिट रही, लेकिन 2016 में 'खिलाड़ी 786' ने 125 करोड़ बजट पर 50 करोड़ कमाए। फिर 2022 में सिद्धू की 'खिलाड़ी' सीरीज का नया भाग फुस्स। नाम की चमक फीकी पड़ी। 'धुंध' या 'बारिश' जैसे टाइटल ने भी फ्लॉप रिकॉर्ड बनाए।

### एक नाम से तबाह हुई कई फ़िल्में

1980 में सुभाष घई की 'कर्ज' में ऋषि कपूर लीड रोल में थे, लेकिन यह बुरी तरह फ्लॉप हो गई। 2002 में सनी देओल और शिल्पा शेट्टी वाली 'कर्जः द बर्डन ऑफ ट्रूथ' ने 15 करोड़ ही जुटाए, जबकि उम्मीदें भारी थीं। 2008 में हिमेश रेशमिया का 'कर्ज' रीमेक आया, फिर फुस्स। इसके अलावा कर्ज तेरे खून का (1990), दूध का कर्ज (2016),'प्यार का कर्ज, कर्ज चुकाना है जैसी फिल्में भी डूब गईं। इंडस्ट्री वाले इसे शापित मानते हैं।

### स्पेलिंग बदलकर बची किस्मत

बॉलीवुड में नाम बदलना आम है। जब मनहूस टाइटल का डर सताता है, तो स्पेलिंग का जादू चल जाता है। सबसे मशहूर केस है 'शोले'। मूल नाम कुछ और था, जिस पर मनोज कुमार ने आपत्ति जताई थी। अंत में 'शोले' किया गया। 1975 में 35 करोड़ कमाई, सुपरहिट। सलमान खान की 'राधे' भी मूल रूप से 'राधिका' थी। अंधविश्वास से 'राधे : योर मोस्ट वांटेड भाई' हो गया। पाइरेटेड रिलीज के बावजूद फिल्म हिट रही। आमिर खान की 'लगान' का नाम पहले 'सरकारी राज' था। ज्योतिषी बोले, यह नाम नेगेटिव है। फिर जो नाम बदला उसके बाद तो ऑस्कर नॉमिनेशन मिला। '3 इडियट्स' का नाम भी पहले '5 इडियट्स' था, बदला गया तो फिल्म ने इतिहास बना दिया। सलमान की 'दबंग' पहले 'दबंगग' (तीन जी) था। ज्योतिषी ने दो जी सुझाए, फिर जो हुआ उसमें 138 करोड़ की कमाई जुड़ गई। 'बजरंगी भाईजान' भी पहले 'शुक्ला भाईजान' था जो बदला गया। कबीर खान भी मानते हैं कि अंधविश्वास काम करता है। 'कहानी 2' को भी 'आखिर क्यों' से बदल दिया। क्योंकि, पहले वाला नाम मनहूस था। विद्या बालन ने कहा था 'बॉलीवुड में नाम ही राजा है।' प्रियंका चोपड़ा की 'मैरी कॉम' का नाम पहले 'मैरी' था। फिर बदलकर पूरा नाम रखा और ये बायोपिक हिट हुई।

### बॉलीवुड में टोटकों की दुनिया

बॉलीवुड सिर्फ नामों पर नहीं रुकता। शूटिंग से पहले खास पूजा, क्लैपबोर्ड पर 'मां भगवती' लिखना, फर्स्ट शॉट साउथ दिशा में न लेना ये सब आम हैं। अमिताभ बच्चन के 'कुली' हादसे के बाद कुछ ज्यादा टोटके अपनाए जाने लगे। शाहरुख का काला चश्मा लकी चार्म है और सलमान का ब्रेसलेट। लेकिन, नाम सबसे ऊपर है। ट्रेड एनालिस्ट अक्षय जितेश के मुताबिक, पिछले 20 सालों में 40 फीसदी फ्लॉप फिल्मों का कारण नाम को माना गया। डिजिटल दौर में भी यह जारी है। अब तो प्रोड्यूसर नाम की पहले टेस्टिंग कराने लगे। ज्योतिषि सलाह देते हैं। पर, क्या यह विज्ञान है या अंधविश्वास? बॉलीवुड कहता है दोनों।

## हेल्थ अपडेट

# गर्मी में योगासन से पाएं शीतल अहसास



गर्मियों में शरीर जल्दी थक जाता है। शरीर में पानी की कमी हो जाने से यह सुस्ती और बेचैनी से भी घिर जाता है। ऐसे में कुछ योगासन हैं जो न केवल शरीर को तरोताजा और स्फूर्तिदायक बनाते हैं बल्कि हमारी कार्यक्षमता को भी बढ़ाते हैं। तो इस साल हम गर्मियों के सेहत पर असर से बचने के लिए कुछ योग के अभ्यास या अन्य व्यायाम करें। यहां जानिये उन लाभकारी योगासनों के बारे में जो हमें इन गर्मियों में तरोताजगी देंगे।

> गर्मी के मौसम में अकसर सुस्ती व थकान महसूस होती है। साथ ही तनाव व चिड़चिड़ेपन का अहसास हो तो कुछ योगासन बड़े फायदेमंद साबित हो सकते हैं। सुबह कुछ आसन गर्मी को छूमंतर कर शीतलता प्रदान करते हैं।

**पद्मासन :** यह ध्यान का आसन है, लेकिन तन व मन दोनों को शीतलता प्रदान करता है। गर्मियों में नियमित रूप से पद्मासन करने से हम अपने तनाव पर काबू पा सकते हैं। यानी शरीर की ऊर्जा को संतुलित कर पाते हैं। प्राणायाम और ध्यान के लिए यह खास आसन है तथा जिन्हें गर्मियों के आते ही चिड़चिड़ापन सताने लगता है, उन्हें तो पद्मासन से दोस्ती कर ही लेनी चाहिए। पद्मासन करने के लिए जमीन पर बैठकर दोनों पैरों को विपरीत जांघों पर रखें, रीढ़ को सीधी रखें और आंखें बंद करके गहरी सांसें लें।

### शवासन

शवासन गर्मियों में शरीर के तापमान को संतुलित रखता है। यह आसन मानसिक थकान दूर करता है और पूरे योग सत्र के बाद इसे किया जाए तो यह शरीर को फिर से ऊर्जा से भर देता है। इस तरह गर्मियों के मौसम में शरीर को तुरंत आराम देने वाला शवासन सबसे प्रभावी आसन है। इसे करने के लिए पीठ के बल सीधा लेटें, हाथ-पैर ढीला छोड़ दें और अपनी सांसों पर ध्यान दें। ऐसे करेंगे तो शवासन करेंगे।

### बरतें कुछ सावधानियां भी

गर्मियों में योगासन करते समय सावधान रहना बहुत जरूरी होता है। कुछ बुनियादी सावधानियां ये हैं, जिनका पालन करना चाहिए मसलन- योगासन हमेशा सुबह या शाम में ही करें। तेज धूप के समय भूलकर ये न करें। योगा से पहले पर्याप्त पानी पीएं और योगा खत्म करने के बाद भी पानी पीना जरूरी है। गर्मियों में सूती, महीन और हल्के कपड़े पहनें। इन दिनों ज्यादा जोर लगाने वाले आसनों से बचें। साथ ही योग के साथ शीतली और शीतकारी प्राणायाम भी करें। ये शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं।

### शशांकासन

शशांकासन की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह आसन शरीर और दिमाग को तुरंत शांत करता है। इसलिए शशांकासन गर्मियों से होने वाली थकान को दूर करने के लिए बेहद उपयुक्त है। इसे नियमित करने से दिमाग को ठंडक मिलती है। ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। मानसिक तनाव और बेचैनी कम होती है। जहां तक सवाल है कि शशांकासन कैसे करें तो सबसे पहले वज्रासन में बैठें, फिर सांस छोड़ते हुए आगे की तरफ झुकें और इतना धीरे-धीरे झुकें कि माथा जमीन पर लग जाए और अब हाथ आगे की तरफ फैला दें, और हो गया शशांकासन।

### भुजंगासन

भुजंगासन को कोबरा पोज़ भी कहते हैं। कोई सतर्क काला नाग जिस मुद्रा में होता है, उसे ही भुजंगासन कहते हैं। ये करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेटें, हथेलियों को कंधे के पास रखें और धीरे-धीरे अपनी छाती को ऊपर उठाएं तो जो पोज़ बनेगा, वो भुजंगासन का होगा। भुजंगासन करने के जो त्वरित फायदे मिलते हैं, उनमें एक रीढ़ की हड्डी मजबूत होना भी है। फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है और शरीर में ऊर्जा तथा रक्त का संचार बढ़ता है। गर्मियों के मौसम में भुजंगासन इसलिए फायदेमंद होता है, क्योंकि इससे शरीर की जकड़न दूर हो जाती है और उसे करते ही सुस्ती खत्म हो जाती है।

### ताड़ासन

ताड़ासन को माउंट पोज भी कहते हैं। यह करने से शरीर का संतुलन सुधरता है और गर्मियों में विशेषकर इसे करते ही आलस्य दूर हो जाता है। क्योंकि यह पूरे शरीर को ऊपर की तरफ खींचता है। इससे मासंपेशियां सक्रिय होती हैं। थकान और सुस्ती कम होती है। जहां तक सवाल है कि माउंट पोज़ या ताड़ासन कैसे करें, तो सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं, अब दोनों हाथ ऊपर उठाकर शरीर को ऊपर की तरफ खींचें तथा गहरी सांस लें, यही ताड़ासन है।

## वायरल मसाला

# विराट की पसंद - जर्मन मॉडल लिज लैज




> विराट कोहली ने एक जर्मन मॉडल लिजलैज की इंस्टाग्राम तस्वीर को लाइक किया है, जो अब चर्चा का विषय बन गई हैं।

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। इस बार वो अपनी बल्लेबाजी के लिए नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ की वजह से चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर कुछ स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं, जिनमें एक मॉडल की तस्वीर पर विराट कोहली का लाइक दिख रहा है। विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर जिस मॉडल की तस्वीर लाइक की है,उनका नाम लिजलैज है। लिजलैज एक जर्मन मॉडल हैं। इसके अलावा वो इनफ्लुएंसर और सिंगर भी हैं। उनके इंस्टग्राम अकाउंट पर 4 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। इसके अलावा उन्हें कई बार भारतीय आउटफिट में भी देखा गया है।

### यूजर्स ने खूब ली मौज

विराट कोहली का लाइक दिखने के बाद यूजर्स ने क्रिकेटर की खूब मौज ली। एक यूजर ने लिखा, 'आपका यह एल्गोरिदम कभी हमारा फोटो क्यों नहीं लाइक करता'? एक यूजर ने लिखा, 'गलती सबसे होती है'। एक यूजर ने लिखा, 'लगता है कि विराट कोहली भी लिजलैज के फैन हैं'। एक यूजर ने लिखा, 'मतलब, इंसान एक लाइक भी नहीं कर सकता है'।

### आरसीबी की जर्सी में शेयर की तस्वीर

विराट कोहली की वजह से चर्चा में आने के बाद लिज लैज ने आज एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वो RCB की जर्सी में नजर आ रही हैं। फैंस उनके इस लुक को काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि लिज लैज यूट्यूब पर भी काफी फेमस हैं। यूट्यूब पर उनके 2 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

### कोहली की फैन हैं लिजलैज

लिज लैज पहले भी कई बार चर्चा में रही हैं। कुछ महीने पहले वो भारत भी आई थीं। मार्च में ही उन्होंने फिल्मी मंत्रा को एक इंटरव्यू दिया था। इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि उनके पसंदीदा क्रिकेटर विराट कोहली हैं। बता दें कि इन दिनों आईपीएल मैच चल रहे हैं। विराट कोहली आरसीबी टीम में शामिल हैं और लिजलैज आरसीबी को सपोर्ट करती हैं।

# सावधान! कहीं आपका स्मार्ट टीवी आपकी जासूसी तो नहीं कर रहा?

## टेक अलर्ट

> एक नई स्टडी ने खुलासा किया है कि स्मार्ट टीवी हर 15 सेकंड में स्क्रीनशॉट लेकर कंपनियों को भेज रहे हैं। यह जासूसी एसीआर तकनीक के जरिए होती है, जो लैपटॉप और गेमिंग डेटा भी ट्रैक करती है। प्राइवेसी बचाने के लिए तुरंत अपने टीवी की सेटिंग्स में जाकर इसे बंद करें।

आज के स्मार्ट टीवी सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं रह गए हैं, बल्कि ये आपकी हर गतिविधि पर नजर भी रख सकते हैं। एक नई स्टडी और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दावों ने इस बात को लेकर बड़ी चिंता खड़ी कर दी है कि कहीं आपका टीवी आपकी निजी जानकारी इकट्ठा तो नहीं कर रहा। हाल ही में एक पियर-रिव्यूड स्टडी में सामने आया कि कई स्मार्ट टीवी आपके स्क्रीन के स्क्रीनशॉट लेते हैं और उन्हें कंपनी के सर्वर पर भेजते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ स्मार्ट टीवी मॉडल्स में यह प्रक्रिया हर 15 सेकंड में होती है, जबकि कुछ ब्रांड्स जैसे Samsung में यह हर मिनट हो सकता है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह ट्रैकिंग तब भी जारी रहती है जब आप टीवी को सिर्फ मॉनिटर की तरह इस्तेमाल कर रहे हों।

Ads By त्यूट्यूब पर लॉयल मोसेस नाम के एक क्रिएटर ने दावा किया कि स्मार्ट टीवी में ऑटोमैटिक कंटेंट रिकग्निशन (ACR) नाम का फीचर होता है, जो डिफॉल्ट रूप से ऑन रहता है। यह फीचर आपके टीवी स्क्रीन पर चल रही हर चीज, चाहे वो प्लेस्टेशन हो, लैपटॉप हो या केबल बॉक्स, सबको ट्रैक करता है। वीडियो में यह भी कहा गया कि यह डेटा कंपनियां आगे बेचती हैं और इससे आपकी पूरी डिजिटल प्रोफाइल तैयार की जाती है।



### क्या है एसीआर टेक्नोलॉजी

ऑटोमैटिक कंटेंट रिकग्निशन (एसीआर ) एक ऐसी तकनीक है, जो स्क्रीन पर दिख रहे कंटेंट को पहचान लेती है। यह कुछ-कुछ शाजम ऐप की तरह काम करता है, जो गाने की पहचान कर लेता है। रिसर्च के अनुसार, यह सिस्टम छोटे-छोटे ऑडियो-वीडियो क्लिप्स को कैप्चर कर उनका 'फिंगरप्रिंट' बनाता है और फिर उसे सर्वर पर भेजता है, जहां उसे डेटाबेस से मैच किया जाता है।

**कंपनियां ऐसा क्यों करती हैं :** टेक कंपनियों का मुख्य मकसद है, आपकी पसंद-नापसंद को समझना। इस डेटा के जरिए कंपनियां आपको टारगेटेड विज्ञापन दिखाती हैं। यानी अगर आपने टीवी पर कुछ देखा, तो उसी से जुड़े विज्ञापन आपको मोबाइल या लैपटॉप पर भी दिख सकते हैं।

### बड़े ब्रांड्स के ऊपर हुआ था केस

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिसंबर 2025 में टेक्सास के अटॉर्नी जनरल ने पांच बड़े टीवी ब्रांड्स के खिलाफ केस भी दायर किया था। इससे यह साफ होता है कि डेटा प्राइवेसी को लेकर अब कानूनी स्तर पर भी सवाल उठने लगे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया और अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों की एक रिसर्च ने इस चौंकाने वाले सच से पर्दा उठाया था। यह सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि आपकी हर पसंद और नापसंद पर नजर रखने वाला एक जासूस बन चुका है।

### इसे बंद कैसे करें

यूट्यूबर ने अलग-अलग स्मार्ट टीवी में सेटिंग्स बंद करने के तरीके भी बताए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग ब्रांड्स में अलग सेटिंग्स होती हैं, जिससे इस ट्रैकिंग को बंद किया जा सकता है। लेकिन याद रखें, हर बार सिस्टम अपडेट के बाद ये सेटिंग्स अपने आप ऑन हो सकती हैं, इसलिए इन्हें बार-बार चेक करते रहें।

## आईडीए विंध्य शाखा की कार्यशाला में दी एंटीरियर एस्थेटिक रेस्टोरेशन की जानकारी



**रीवा।** भारतीय दंत चिकित्सक संघ विंध्य शाखा की कार्यशाला होटल लैंडमार्क में सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में वक्ता के रूप में डॉ हर्षद पांडे मौजूद रहे जिन्होंने एनटीरियर एस्थेटिक रेस्टोरेशन के बारे में बताया। स्वागत भाषण संघ के अध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र तिवारी के द्वारा दिया गया वहीं आभार प्रगट संघ के सचिव डॉ अमित त्रिपाठी के द्वारा दिया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ नवीन मिश्रा, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ मुकेश यादव, डॉ जयपाल सिंह, डॉ सचिन राय, डॉ धनेश वर्मा, डॉ गीता त्रिपाठी, डॉ निधि मिश्रा, डॉ नीरज गुप्ता, डॉ नितिन चतुर्वेदी, डॉ विवेक सिंह, डॉ हेमराज सिंह, डॉ मनीष देव वर्मा, डॉ रुनझुन अग्रवाल, डॉ राहुल दुबे, डॉ रावेंद्र सिंह, डॉ जावेद मंसूरी, डॉ शिव प्रताप सिंह, डॉ राजेश सिंह, डॉ रोहित सिंह सहित अन्य दंत चिकित्सक उपस्थित रहे।

## दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



**रीवा।** दून पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल समान के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को पुनः सिद्ध किया है। कक्षा 12वीं में विद्यालय की छात्रा सुष्मिता सिंह ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जीवविज्ञान संकाय में प्रदेश में 10वीं रैंक तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वाति सिंह पटेल ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा अनन्या गुप्ता ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। कक्षा 10वीं में अनन्या मिश्रा एवं आकाश मिश्रा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 12वीं रैंक, जिले में द्वितीय स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आयुष मिश्रा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा ईशा पटेल ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संचालक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## टॉप 10 में जगह बनाने पर आयुषी को दी बधाई



**रीवा।** डभौरा क्षेत्र के अकौरिया निवासी आयुषी पिता रविन्द्र द्विवेदी ने कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया। आयुषी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित गुरुजनों को दिया। विद्यालय स्टाफ सहित परिजनों ने इस सफलता पर आयुषी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विश्वामित्र लोक सेवा कल्याण संगठन की बैठक संपन्न



**रीवा।** रिंग रोड स्थित शोरूम में विश्वामित्र लोक सेवा कल्याण संगठन रायपुर कर्चुलियान द्वारा विंध्य विकास कृतज्ञता महोत्सव के आयोजन संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की आगामी 21 मई को विंध्य विकास कृतज्ञता महोत्सव का आयोजन राज कपूर ऑडिटोरियम में किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के संरक्षक लाल बहादुर सिंह बृजेंद्र सिंह इटावा रविंद्र सिंह देवेंद्र प्रताप सिंह नरसिंहपुर सत्येंद्र शुक्ला बट लो पुष्पेंद्र सिंह नरसिंहपुर शिव बहादुर सिंह रायपुर ब्रजकिशोर सिंह देवरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## उमादत्त स्मृति स्कूल की दिव्या का चयन एमपी टीम में



**रीवा।** रीवा संभाग के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि उमादत्त स्मृति विद्यालय, दुआरी की प्रतिभाशाली छात्रा दिव्या मिश्रा का चयन राष्ट्रीय स्तर की सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश टीम में हुआ है। वर्तमान में दिव्या मिश्रा दिल्ली में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे रीवा संभाग का नाम रोशन कर रही हैं। दिव्या मिश्रा का यह चयन एक कठिन एवं प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न हुआ है। प्रारंभिक चरण में रीवा संभाग की 16 सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसके उपरांत मध्य प्रदेश के सभी 10 संभागों की टीमों के बीच चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस प्रक्रिया में विभिन्न संभागों के श्रेष्ठ खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अंतिम रूप से मध्य प्रदेश टीम का गठन किया गया, जिसमें दिव्या मिश्रा ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 22 अप्रैल तक दिल्ली में किया जा रहा है, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए दिव्या मिश्रा का चयन रीवा संभाग के लिए एक विशेष उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि को लेकर अत्यंत हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। विद्यालय के संचालक विपिन शुक्ला, प्राचार्य अमरेंद्र मिश्रा, खेल प्रभारी पूनम मिश्रा एवं शिवम मिश्रा सहित समस्त स्टाफ ने दिव्या मिश्रा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दिव्या मिश्रा की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे रीवा संभाग के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## विवि अतिथि विद्वानों को वर्ष में 13 आकस्मिक अवकाश की पात्रता, शिक्षक संघ ने जताया आभार

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के अतिथि विद्वानों को एक वर्ष के कैलेंडर में 13 आकस्मिक अवकाश की पात्रता आज दिनांक से हो गई है। शिक्षक संघ ने कुलगुरु प्रोफेसर राजेंद्र कुमार कुड़रिया, कुलसचिव डॉक्टर नीरजा नामदेव, कार्य परिषद के सदस्य अजय सोन केसरिया, अजय मिश्रा, गजेंद्र दुबे, निहारिका मैडम, संध्या मैडम के साथ-साथ सभी कार्य परिषद के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया है जिनके कारण यह पात्रता कार्य परिषद में हुए निर्णय के उपरांत हो पाई। आगामी दिनों में उनकी बहुप्रतीक्षित मांग मध्य प्रदेश शासन के अनुरूप 50000 रु. मासिक होने की भी संभावना है जिसमें शिक्षक संघ लगातार प्रशासन और कार्य परिषद के सदस्यों से मिलकर निवेदन कर रहा है। डॉ शेरसिंह परिहार, डॉ शशांक पांडेय, डॉ एस पी सिंह, डॉ ऊषा, डॉ प्रीती तिवारी, डॉ प्रीतम सिंह, डॉ संजीव मिश्रा, डॉ विजय पाल, डॉ अनामिका दुबे, डॉ कल्पना पांडे, डॉ रंजन केलकर, डॉ अजितेश सिंह, डॉ सुनील तिवारी, डॉ केके जायसवाल, डॉ वर्षा पांडे, डॉ कमलाकर पांड, डॉ देवेंद्र मिश्रा, डॉ खगेश गर्ग सहित सभी अतिथि शिक्षकों ने आभार प्रगट किया है।

## नैंसी गुप्ता ने बढ़ाया विद्यालय का मान




**रीवा।** विंध्य पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल अनंतपुर की कक्षा 10 की छात्रा नैंसी गुप्ता ने बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय परिवार एवं अपने माता-पिता का मान बढ़ाया है। देवी पाठक ने द्वितीय एवं आशी विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 की छात्रा सुधा सोनी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, राखी मिश्रा ने द्वितीय स्थान एवं किरण त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के सभी छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित कक्षा आठवीं की परीक्षा में भाग्यश्री मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कक्षा 5 में अक्षत शुक्ला ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# पावर हब बनने की दिशा में रीवा, टाटा एनर्जी लगाएगी 5000 मेगावाट का पावर प्लांट

### पावर प्लांट से पाँच हजार लोगों को मिलेगा रोजगार, एकेवीएन 169 हेक्टेयर दे रहा जमीन, डिप्टी सीएम ने कहा, टाटा एनर्जी जिले में 28 हजार करोड़ का करेगी निवेश



जागरण, रीवा

रेलवे के बाद हवाई सेवा से जुड़ने के बाद रीवा में विकास के नए द्वार खुलना शुरू हो गए हैं। रीवा अब पावर हब बनने जा रहा है। एशिया के सबसे बड़े सोलर पलांट की स्थापना के बाद अब टाटा एनर्जी 5000 मेगावाट का पावर पलांट लगाने जा रही है जिसमें पांच हजार से अधिकांश लोगों को रोजगार मिलेगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि टाटा एनर्जी रीवा जिले में ऊर्जा की बड़ी परियोजना शुरू करने जा रही है। टाटा एनर्जी 28 हजार करोड़ रुपए निवेश करके पावर प्लांट स्थापित करने जा रही है। इस प्लांट से एक हजार मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन होगा। इससे क्लीन और ग्रीन एनर्जी के साथ-साथ पाँच हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। परियोजना के लिए आवश्यक जमीनें चिन्हित कर ली गई हैं। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम 169 हेक्टेयर जमीन टाटा एनर्जी को आवंटित कर रहा है। शेष जमीनों का अधिग्रहण करके टाटा एनर्जी को उपलब्ध कराएं, जिससे परियोजना का कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके।

### आवश्यक जमीनें तय समय में उपलब्ध

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में अधोसंरचना का विकास तेजी से हुआ है। इसका लाभ अब जिले को मिलने लगा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन योदव की विशेष पहल पर रीवा में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कई क्षेत्रों के उद्योगपति रीवा में निवेश के इच्छुक हैं। टाटा एनर्जी की परियोजना से जिले के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि परियोजना के लिए आवश्यक जमीनें तय समय सीमा में टाटा एनर्जी को उपलब्ध करा दी जाएंगी। निजी जमीनों को टाटा एनर्जी स्वयं प्राप्त करेगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट से केवल 30 मिनट की दूरी पर मैहर जिले के अमझर में 170 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक यूके तिवारी ने बताया कि अमझर में औद्योगिक पार्क में 50 से अधिक औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी। औद्योगिक केन्द्र के लिए अतिरिक्त भूमि की भी तलाश की जा रही है।

### उद्यमियों को हर संभव सहायता

बैठक में सीसीएफ राजेश राय ने कहा कि वन भूमि में अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन करने पर समय सीमा में अनुमति जारी कर दी जाएगी। बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि जिले में निवेश करने वाले उद्यमियों को हर संभव सहायता दी जाएगी। जिले के औद्योगिक विकास में तेजी के लिए निवेश आवश्यक है। अमझर में प्रस्तावित औद्योगिक पार्क का लाभ भी रीवा जिले को मिलेगा। बैठक में टाटा एनर्जी के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित परियोजना की विस्तार से जानकारी दी। टाटा एनर्जी के प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मिल रहे सहयोग की प्रशंसा की। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी नितिन पटेल तथा टाटा एनर्जी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बढ़ते तापमान के कारण स्कूलों के समय में किया गया परिवर्तन

### नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यालयों में नियम लागू

**रीवा।** जिले में वर्तमान में पड़ रही अत्यधिक गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने छात्र-हित में स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले संचालित होने वाले समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध विद्यालयों के समय में तत्काल प्रभाव से बदलाव किया गया है । यह नया नियम नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं पर लागू होगा, जिसके तहत अब शाला संचालन का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियत कर दिया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

**आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश :** जारी आदेश के अनुसार स्कूल के शैक्षणिक और अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक उपस्थित रहकर अपने विभागीय कार्यों को पूर्ण करेंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम और अन्य आवश्यक गतिविधियाँ अपनी पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही संचालित होती रहेंगी। कलेक्टर ने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को निर्देशित किया है।

## प्राणविहीन विकास की हवा चिंता जनकः जयराम




**रीवा।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरणीय गतिविधि एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण का कायक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भोपाल एप्को के मार्गदर्शन व ईको महाविद्यालयीन ईको क्लब के आयोजकत्व मे हुआ। कायक्रम के मुख्य अतिथि नवनियुक्त अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ महेंद्रमणि द्विवेदी ने कहा पर्यावरणीय गतिविधियों में जागरुकता लाना जरूरी है। भाग लेने वाले छात्राओं को सम्मानित करके न केवल उपलब्धियों को पहचान देने का माध्यम है, बल्कि दूसरों को प्रेरित करने का भी एक सशक्त तरीका है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल ने कहा की प्राणविहीन विकास की हवा ही हमारे लिए चिंता जनक है। प्रकृति से उतना ही लेना चाहिए जितना एक भंवरा फूल से लेता है, जितना सूर्य प्रकृति के पानी से लेता है। लेकिन ऐसा विकास जिसमें जीवन, संवेदनशीलता, मानवता और प्रकृति का संतुलन नहीं होता, यह केवल भौतिक या आर्थिक प्रगति पर आधारित होता है, लेकिन उसमें मानवीय मूल्यों, पर्यावरण और समाज की भलाई की अनदेखी होती है। लोगों की भावनाओं की उपेक्षा हो, सामाजिक असमानता बढ़े तो हमारे लिए घातक है। मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि आरके सिन्हा अपर कलेक्टर, प्राचार्य डॉ मेजर विभा श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, संयोजक डॉ इला तिवारी, गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ अमरजीत सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया। एप्को भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित विभिन्न गतिविधि एवं कार्यक्रम निबंध, पोस्टर, प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान, अनाज संग्रहण, पौधे संग्रहण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार मेडल एवं प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। इस कायक्रम में डॉ राजश्री पांडे डॉ सोनू राही डॉ अंजना सिंह डॉ रचना श्रीवास्तव डॉ गीता सिंह डॉ सुपर्णा बनर्जी डॉ आशुतोष द्विवेदी डॉ केएन शर्मा डॉ एचजी आर त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक कर्मचारी व छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन डॉ के एस मिश्रा ने किया।

# प्राध्यापकों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया



**रीवा।** शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की संभागीय बैठक शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के संरक्षक डॉ. कैलाश त्यागी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद शर्मा एवं उच्च शिक्षा रीवा संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. महेन्द्रमणि द्विवेदी ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। आगंतुक अतिथियों का पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने सभी अतिथियों एवं प्राध्यापकों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की बैठकें शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक समन्वय एवं प्राध्यापक हितों के संरक्षण हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संभागीय अध्यक्ष डॉ. आर.एन. स्वर्णकार ने संघ की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक के दौरान रीवा जिला अध्यक्ष डॉ. अखिलेश शुक्ल, सचिव डॉ. बी.पी. सिंह सहित विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राध्यापकों डॉ. एम.यू. सिद्दीकी (बैढ़न), डॉ. आर.एन. पटेल (मऊगंज), डॉ. संतोष निगम, डॉ. रवीन्द्र धुर्वे, डॉ. स्कन्द मिश्रा, डॉ. रवीन्द्र तिवारी, डॉ. जितेन्द्र पाण्डेय, डॉ. विनोद विश्वकर्मा एवं डॉ. शिरीश नारायण ने प्राध्यापकों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इनमें वरिष्ठ एवं प्रवर श्रेणी वेतनमान, परिवीक्षा अवधि, पीएच.डी. इन्क्रीमेंट, 'सार्थक' ऐप में उपस्थिति का समय, पदनामित प्राध्यापकों, ग्रंथपालों एवं क्रीड़ाधिकारियों की समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। मुख्य अतिथि डॉ. कैलाश त्यागी ने अपने उद्बोधन में प्राध्यापकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने में प्राध्यापकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान आवश्यक है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संघ द्वारा उठाए गए मुद्दों को शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा तथा उनके निराकरण के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। डॉ. त्यागी ने सभी प्राध्यापकों से एकजुट रहकर शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. आनंद शर्मा ने अपने संबोधन में शासन स्तर पर चल रही कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि प्राध्यापकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. महेन्द्रमणि द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विभाग प्राध्यापकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है तथा उनके स्तर पर हर संभव प्रयास कर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अश्वनी द्विवेदी ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. भारतेन्दु मिश्र द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में रीवा संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों से आए पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्राध्यापक उपस्थित रहे।




बिरला केबल लिमिटेड
सीआईएनः L31300MP1992PLC007190
पंजीकृत कार्यालयः उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.)
टेलीफोन नंबरः +91–7662–400580; फैक्स नंबरः +91–7662–400680
ई–मेलः headoffice@birlacable.com; वेबसाइटः https://www.birlacable.com

शेयरधारकों के लिए सूचना

भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और अभौतिकीकरण के लिए विशेष विंडो

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि सेबी के सर्कुलर नंबर एचओ/38/13/11(2)2026–एमआईआरएसडी–पीओडी/आई/3750/2026 ("सेबी सर्कुलर"), दिनांकित 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटीरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए एक और विशेष विंडो 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक, एक वर्ष की अवधि के लिए उन निवेशकों के लिए खोली गई है, जिन्होंने 1 अप्रैल, 2019 से पहले कंपनी की भौतिक प्रतिभूतियां बेची/खरीदी थीं, और (i) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा नहीं की थीं, या (ii) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा की थीं, लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या किसी अन्य कारण से उन्हें अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था/उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

इस विंडो की प्रयोज्यता के संबंध में अधिक स्पष्टता के लिए, कृपया नीचे दी गई मैट्रिक्स देखें:

| हस्तांतरण विलेख के निष्पादन की तिथि | क्या आपने 1 अप्रैल, 2019 से पहले स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था? | क्या मूल सुरक्षा प्रमाणपत्र उपलब्ध है? | क्या आप वर्तमान समय सीमा में आवेदन करने के पात्र हैं? |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नहीं (यह नया आवेदन है) | हाँ | √ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ (यह पहले अस्वीकार/वापस कर दिया गया था) | हाँ | √ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ | नही | × |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नही | नही | × |

इस प्रकार हस्तांतरित प्रतिभूतियाँ अनिवार्य रूप से केवल डीमैट मोड में ही हस्तांतरिती के खाते में जमा की जाएँगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक–इन अवधि में रहेंगी। इस लॉक–इन अवधि के दौरान ऐसी प्रतिभूतियों को हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार–अंकित/गिरवी नहीं रखा जा सकता है। हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरिती के बीच विवादों से संबंधित मामले और वे प्रतिभूतियाँ जिन्हें निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में हस्तांतरित किया गया है, इस प्रक्रिया के अंतर्गत विचार के लिए नहीं ली जाएँगी।

शेयरधारको को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा अनुरोध किया जाता है कि वे मूल प्रतिभूति प्रमाणपत्र, शेयर हस्तांतरण विलेख, क्लाइंट मास्टर लिस्ट (सीएमएल) और उपरोक्त सेबी सर्कुलर में सूचीबद्ध सभी अन्ये दस्तावेज कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स ('आरटीए'), नामतः एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (यूनिटः बिरला केबल लिमिटेड), सी–101, एम्बेसी 247, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400083 को प्रस्तुत करें।

किसी भी पूछताछ के लिए, शेयरधारको से अनुरोध किया जाता है कि वे आरटीए को investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर या कंपनी को investorgrievance@birlacable.com पर सेवा अनुरोध करें।

वास्ते बिरला केबल लिमिटेड

हस्ता/-
(सुमन)
कम्पनी सचिव

तिथि : 17 अप्रैल, 2026
स्थान : रीवा



# मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश

## जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाएं लागू करें और जनता का मन जीतकर अभियानों को सफल बनाए : मुख्यमंत्री



**जागरण, रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाओं को लागू करें। जनता का मन जीतकर जल गंगा संवर्धन अभियान तथा अन्य अभियानों को सफल बनाएं। जल संवर्धन और संरक्षण के कार्यों में प्रदेश को लगातार अग्रणी बनाए रखें। महिलाओं के अधिकारों को लेकर संसद में अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं। नारी सशक्तिकरण के लिए 20 अप्रैल को बड़े आयोजन करके हम सरकार की नारी सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता प्रगट करेंगे। कलेक्टर और एसपी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करके कानून और व्यवस्था की निगरानी करें। असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निगम और मंडलों का पुनर्गठन शीघ्र किया जाएगा। दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई दूध सहकारी समितियों के गठन तथा पुरानी समितियों के चुनाव पर भी कलेक्टर्स ध्यान दें। प्रदेश भर में गेहूं उपार्जन शुरू हो गया है। हम पहले दो हेक्टेयर तक जमीन वाले छोटे किसानों से उपार्जन कर रहे हैं। इसका जिला स्तर पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। खरीदी केन्द्रों का राजस्व तथा उपार्जन से जुड़े विभागों के अधिकारी नियमित निरीक्षण करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों को उपार्जन के तीन दिन की अवधि में भुगतान कराएं। चना, मसूर और सरसों की भी खरीदी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मंडियों का भी नियमित रूप से निरीक्षण करके किसानों के लिए उचित प्रबंध कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में कई विभागों में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। कलेक्टर लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण के साथ विभागवार विश्लेषण करके विभागीय योजनाओं की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें। गर्मियों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराएं। नशामुक्त भारत अभियान के तहत एनकोर समिति की हर माह बैठक आयोजित करके नशामुक्ति के प्रयासों को गति दें। जनगणना के लिए 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का कार्य किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों से स्व-गणना कराकर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे आमजन भी इसके लिए प्रेरित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का निराकरण करें। इनमें विभागवार प्राप्त पत्रों का विश्लेषण करके कलेक्टर संबंधित विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करें। कलेक्टर्स जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी सांदीपनि स्कूलों के नवीन भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान में डिंडौरी, खण्डवा तथा बड़वानी जिले में अच्छा कार्य हो रहा है। देश स्तर की रैंकिंग में डिंडौरी को प्रथम तथा खण्डवा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। अभियान के शुरूआत में प्रदेश छठवें स्थान पर था जो अच्छे कार्यों से अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों में शीघ्र ही स्वच्छता रैंकिंग के लिए सर्वेक्षण शुरू हो रहा है। इसमें देश में श्रेष्ठ से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने गर्मियों में सार्वजनिक स्थलों में निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था, ज्ञान भारत अभियान के तहत प्राचीन पाण्डुलिपियों को पोर्टल में अपलोड करने तथा गर्मियों में संचारी रोगों एवं लू से बचाव के संबंध में अस्पतालों में समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार तथा संभागीय अधिकारी शामिल हुए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राचार्य ने किया मेधावी छात्रों को सम्मानित




## सांदीपनि हायर सेकण्डरी विद्यालय लालगाँव में रहा जश्न का माहौल

**लालगांव, नि.प्र.।** स्वर्गीय कुँवर रुक्मिणी रमण प्रताप सिंह सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगाँव में शुक्रवार के दिन हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा मे उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र शिवम पटेल, संदीप केवट और प्रमोद मिश्रा का सम्मान संस्था के प्राचार्य बालेन्दु शेखर द्विवेदी ने माल्यार्पण करने के बाद मुंह मीठा करा कर किया। इस खास अवसर पर 10 से 25 अप्रैल तक चल रहे नारी शक्ति बंदन पखवाड़ा मे विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुँची संयुक्त संचालक एडीपीसी रमसा आकाँक्षा सोनी का सम्मान प्राचार्य ने लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा अपने विद्यालय की सभी महिला शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जनशिक्षक राकेश कुमार शर्मा, सुनील पटेल, राघवेंद्र तिवारी, संजीव सिंह, अनिल तिवारी, मानेन्द्र सिंह, लवकुश सोनी, ओमप्रकाश पटेल, दीपेन्द्र सिंह, मनीष सिंह, दयाराम साकेत, रमाकांत पाण्डेय, बालेंद्र शेखर द्विवेदी, हैवेन्स कुमार वर्मा,ज्योती साकेत, माया भारती, आँचल पटेल, रेणू सूत्रकार सहित विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

# एमपी की हुकूमत गांव में भी बेचेंगी पानी: शिव सिंह

**रीवा।** मध्य प्रदेश में बीजेपी की मोहन सरकार ने गांधी अंबेडकर के ग्रामीण विकास सपनों पर गंभीर चोट करते हुए आगामी मई माह से ग्राम पंचायत स्तर पर पीने के पानी में जलकर लगाने का खाका तैयार कर चुकी है। जिस पर पलटवार करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह ने कहा कि प्रदेश की हुकूमत में बेईमान बैठे हैं। शिव सिंह ने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार प्रदेश में तालाबों पोखरों एवं नदियों को बचाने की जगह उन्हें मिटाने का काम किया है। जिससे ग्रामीण इलाकों के जल स्रोत नष्ट हो चुके हैं। अब मध्य प्रदेश में बीजेपी सरकार 23 हजार ग्राम पंचायतों में पीने के पानी की सप्लाई पाइपलाइन से करके ग्रामीण नागरिकों से जजिया कर वसूलने का इरादा बना लिया है। जहां ग्रामीण नागरिकों को नल कनेक्शन के हजारों रुपए देने पड़ेंगे साथ ही 100 से 500 रुपए हर माह पानी का टैक्स देना पड़ेगा। बीजेपी गांधी अंबेडकर के सपनों के भारत को समाप्त करने का फैसला ले चुकी है। गांधी जी मानते थे कि गांव अपनी पानी की जरूरत के लिए अपने ही संसाधनों पर आत्मनिर्भर हो।

# समिति कर्मियों को पेंशन लाभ देने के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश जारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा ग्रामीण विद्युत सहकारी समिति कार्मिकों के हित में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, कंपनी में संविलियन समितियों के कार्मिकों को पेंशन संबंधी लाभ प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है । ग्रामीण विद्युत सहकारी समितियों रीवा, मंडला एवं बंडा के कार्मिकों का कंपनी में संविलियन वर्ष 2002 में तथा लौंडी, सीधी, अमरपाटन एवं नौगांव समितियों का संविलियन वर्ष 2010 में किया गया था । संविलियन के बाद इन कर्मियों द्वारा पेंशन एवं अन्य लाभों के लिए न्यायालय में प्रकरण दायर किया गया था। माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश एवं विभिन्न याचिकाओं के निर्णयों के अनुपालन में कंपनी द्वारा प्रकरण संचालक मंडल की 121 बैठक दिनांक 24.03.2026 में प्रस्तुत किया गया । 24 अप्रैल 2026 को आयोजित बैठक में समिति कर्मियों को पेंशन लाभ देने संबंधी निर्णय लिया गया ।

## आदेश के प्रमुख बिंदु

पात्र समिति कर्मियों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के अंतर्गत, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पेंशन का लाभ दिया जाएगा । न्यायालय के आदेश दिनांक 13.05.2025 के अनुसार सेवानिवृत्त एवं वर्तमान में कार्यरत कर्मियों को भी आवेदन करने पर पेंशन का लाभ मिलेगा ।

पात्र कर्मियों के जी.पी.एफ. खाते खोले जाएंगे तथा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कटौती प्रारंभ की जाएगी।

जी.पी.एफ. खाते में संचित राशि को संविलियन की तिथि से समायोजित किया जाएगा। अमरपाटन, लौंडी, नौगांव एवं सीधी समितियों के सेवानिवृत्त/मृत और वर्तमान में कार्यरत कार्मिक मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के तहत पात्र नहीं हैं, अपितु वे नई पेंशन योजना के पात्र हैं। चूंकि ये कार्मिक ई.पी.एफ. एवं इ.पी.एस. में पंजीकृत थे, अतः उन्हें उनके आवेदन और घोषणाओं के आधार पर ई.पी.एफ. एवं ई.पी.एस. में से जो भी अधिक लाभकारी योजना हो, उसके अनुसार लाभ प्रदान किया जाएगा । कंपनी के इस निर्णय से लंबे समय से पेंशन की मांग कर रहे समिति कर्मियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा उनके भविष्य को सामाजिक सुरक्षा प्रदान होगी ।

# जिला जनगणना अधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों से किया संवाद

## अपर कलेक्टर ने जनगणना प्रशिक्षण का किया अवलोकन




**मऊगंज।** जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने देवतालाब तहसील में जनगणना प्रशिक्षण का किया निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आगामी जनगणना कार्यों की शुचिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। उन्होंने तहसील कार्यालय में चल रहे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण कक्षों का भ्रमण कर संभागवार चल रही गतिविधियों का जायजा लिया। मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि गणना कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे, इसके लिए सभी प्रगणकों को व्यावहारिक और तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जाए। जिला जनगणना अधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान किया और जनगणना फॉर्म भरते समय पूर्ण सावधानी बरतने और डेटा की सत्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रशिक्षण मॉड्यूल को पूर्ण करने की बात कही। डिजिटल जनगणना के दौर में प्रशिक्षकों ने मोबाइल ऐप और पोर्टल के प्रभावी उपयोग के संबंध में बारीकियों से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में उपयोग किए जा रहे अध्ययन सामग्री, तकनीकी संसाधनों एवं उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कर्म चारियों को प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने तहसीलदार एवं स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रतिभागी को असुविधा न हो और अनुशासन का पूर्णतः पालन किया जाए। इस अवसर पर स्थानीय राजस्व अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स और जनगणना शाखा के कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आयुष दुबे को मिला प्रदेश में दसवां स्थान



**जवा ब्यूरो।** तराई अंचल के मुख्यालय जवा में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल का छात्र आयुष दुबे ने माशिमं की हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में प्रांतीय प्रावीण्यता सूची में 98 प्रतिशत पांच सौ में से चार सौ नब्बे अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त कर समूचे तराई अंचल को गौरवान्वित किया। आयुष दुबे पिता सरोज कुमार दुबे एवं माता निशा दुबे के सुपुत्र हैं। उनकी बहन शिवानी दुबे भी इस सफलता पर गर्व महसूस कर रही हैं। अपनी इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय आयुष ने अपने माता-पिता, बहन एवं विद्यालय परिवार को दिया है। उनका कहना है कि परिवार का निरंतर सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही उनकी सफलता की असली ताकत रहा है। छात्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य सुशील सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र पाण्डेय, आचार्य अरूण कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में समाजसेवियों शुभचिंतकों ने आयुष के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# मऊगंज कलेक्टर ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए की सहयोग की अपील

**मऊगंज।** अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाहों की रोकथाम के लिए मऊगंज जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया एवं अन्य विवाह मुहूर्तों पर होने वाले आयोजनों पर प्रशासन की पैनी नजर है और बाल विवाह की पहचान कर उसे रोकने के लिए पूरी तरह अलर्ट पर है। कानूनन 18 वर्ष से कम आयु की बालिका और 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि एक अपराध है। बाल विवाह जैसी गंभीर कुरीति को दूर करने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू है, जिसके अंतर्गत बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना या प्रोत्साहन देना गैरकानूनी है। इस कानून के उल्लंघन पर दोषियों को 2 वर्ष तक का सश्रम कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं का प्रावधान है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, धर्मगुरुओं, गैर-सरकारी संगठनों और विवाह से जुड़े विभिन्न घटकों जैसे विवाह घर संचालकों, बैंडदल, प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई और केटरर्स से अपील की है कि वे बाल विवाह न होने देने को प्राथमिकता दें और संभव हो तो विवाह संबंधी कार्य लेने से पूर्व वर-वधू का आयु प्रमाण पत्र अवश्य देख लें। जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया कि जिले में इस अभियान में मदद करने और बाल विवाह को रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खण्ड चिकित्सा एवं शिक्षा अधिकारी, पुलिस थाना प्रभारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सचिव शामिल हैं। बाल विवाह की शिकायतों की प्राप्ति और त्वरित रोकथाम के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका नोडल अधिकारी हरिशंकर सिंह को बनाया गया है। नागरिक जिले में होने वाले किसी भी बाल विवाह की सूचना मोबाइल नंबर 8982180928 तथा 9224660441 या चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त उड़नदस्ता दल के किसी भी सदस्य को भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कलेक्टर ने इस सामाजिक बुराई को रोकने के लिए सभी से सहयोग करने का अनुरोध किया है।

**कार्यालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा ( म.प्र. )**

क्रमांक 66/विशेष विवाह 2025 रीवा, दिनांक 15.05.26

**इश्तहार**

आवेदक मुकेश कुमार मौर्या पिता श्री रामदुलारे मौर्या उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पकड़ी बरामद देउबारी तहसील रूद्रपुर थाना मदनपुर जिला देवरिया उत्तर प्रदेश एवं आवेदिका काजल साकेत पुत्री इन्द्रमणि साकेत उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम पो. देवगांव, थाना व तहसील मनगवां जिला रीवा मध्यप्रदेश के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/- रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक. 15/05/2026

विवाह अधिकारी
जिला रीवा ( म.प्र. )
R- 85029

**कार्यालय वन मण्डल अधिकारी, वन मण्डल सतना, ( म.प्र. )**
( मुख्यारगंज रेल्वे फाटक के पास, सिविल लाईन सतना )
E-Mail- dfotsatna@mp.gov.in Phone No- 07672-223355

क्रमांक/स्था./3640 सतना, दिनांक 15.04.2026

**विज्ञप्ति सूचना का प्रकाशन**

विषय:- श्री सुरेश कुमार वर्मा, वनरक्षक के द्वारा विभागीय जांच में जांच उपपत्ति में अंतिम बचाव उत्तर प्रस्तुत करने बावत्।

विषयांतर्गत श्री सुरेश कुमार वर्मा, वनरक्षक वन परिक्षेत्र उंचेहरा मे पदस्थ थे, पदस्थिति अवधि में लगातार दिनांक 17.05.2021 से स्वेच्छापूर्वक, मनमानीतौर से लगातार आज दिनांक तक कर्तव्य से अनुपस्थित है। विभागीय जांच में आरोप पत्र तामील होने के फलस्वरूप भी विभागीय जांच कार्यवाही से भी अनुपस्थित है तथा आरोप पत्र का जवाब भी प्रस्तुत नही किया गया।

इस प्रकार दिनांक 17.05.2021 से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण आपके विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के अंतर्गत दीर्घशस्ति अधिरोपित कर विभागीय जांच संस्थित की गई है, जिसमें जांचकर्ता अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी चित्रकूट के द्वारा भी विभागीय जांच में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र भेजा गया जिसकी पावती अभिस्वीकृत भी आपके द्वारा दी गई थी।

अत: श्री सुरेश कुमार वर्मा, वनरक्षक को सूचित किया जाता है, कि आपके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई, तदानुसार जांचकर्ता अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी चित्रकूट के कार्यालय में उपस्थित होकर आरोप पत्र का जवाब पुस्तुत करने हेतु पत्र जारी किये गये साथ ही सामाचार पत्रों के माध्यम से भी सूचना प्रकाशित कराई गई। आरोप पत्र का जवाब प्रस्तुत न किये जाने पर एवं विभागीय जांच कार्यवाही मे भी आप अनुपस्थित रहे है। जांचकर्ता अधिकारी के द्वारा आरोप सिद्ध पाया गया है, जिसमें जांच उपपत्ति की प्रति आपकी ओर भेजी गई हे, साथ ही जांच उपपत्ति पर जबाब प्रस्तुत न करने की दशा में क्यों न अनुपस्थित अवधि का दीर्घशास्ति अंतर्गत सेवा समाप्त की कार्यवाही की जावें। तदानुसार आपकों सूचित किया जाता है, कि दिनांक 24.04.2026 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। उपस्थित न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही कर आदेश पारित कर दिया जावेगा।

वन मण्डल अधिकारी
वन मंडल, सतना ( म.प्र. )
G- 11699/26

# केरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**जागरण, रीवा।** जिले के आनंद नगर बोदा बाग़ स्थित केरला पब्लिक स्कूल ने वर्ष 2025-26 के कक्षा 10वी एवं 12वी के छात्रों के परीक्षा परिणामो मे एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया है। इस वर्ष के आये बोर्ड परीक्षा के परिणामो मे विद्यालय के कक्षा 12वी एवं 10वी के सभी छात्रों का रिजल्ट 90त्न से अधिक रहा विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय के शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ अनुशासन और उचित मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय मे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच खुशी का माहौल दिखाई दिया। सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार द्वारा बधाई दी गई विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा की विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष नियमित अध्ययन और अनुशासित दिनचर्या का पालन शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन से किया जिसका परिणाम बोर्ड परीक्षा मे देखने को मिला। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है साथ ही आने वाले वर्षों मे भी इस तरह बेहतर परिणाम देने का संकल्प किया है।

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
Mob. - 9425601511/9340714903

**प्रेस-विज्ञप्ति**

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला रीवा, मऊगंज, सीधी, पन्ना, अनूपपुर, छतरपुर एवं टीकमगढ़ में विभिन्न मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2026-27 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/ TENDER No. 2026_MPPHC_501175, 501178, 501179, 501180, 501181, 501182 & 501183_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 02.05.2026 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण Portal : **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/125383/2026 परियोजना यंत्री

**नोटिस अंतर्गत धारा 138 एन.आई.ए.**

अंकित चौरसिया पिता दुर्गा चौरसिया उम्र 33 वर्ष प्रोपाइटर दुर्गा इंटरप्राइजेज निवासी मऊगंज वार्ड क0 03 थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0 मो0नं0-9893001423 - नोटिसदाता

**बनाम**

अनिल कुमार गुप्ता पिता रामसुमेर गुप्ता उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम करही पो0 भरिगवां थाना व तहसील नईगढी जिला मऊगंज म0प्र0 मो0नं0-9753626061 - नोटिसग्रहिता

**नोटिस म्यादी 15 दिवस**

यह कि आप नोटिसग्रहिता द्वारा नोटिसदाता की दुकान से जनवरी 2026 मे 5 लाख रू0 का सामान लिया गया था उक्त सामान के एवज मे आप नोटिसग्रहिता द्वारा दिनांक 03-02-2026 को अपने एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा मऊगंज के खाता क0-50100772390249 का चेक क0 000002 नोटिसदाता को दिया जाकर कहा गया कि उक्त चेक के माध्यम से उक्त चेक को अपने खाते मे जमा करके अपनी बकाया राशि वापस प्राप्त कर लेना नोटिसदाता द्वारा दिनांक 04-02-2026 को उक्त चेक को अपने इंडियन बैंक शाखा मऊगंज के खाता नं0-50461213401 मे चेक जमा कर दिया गया था किन्तु नोटिसदाता के बैंक द्वारा उक्त चेक को उसी दिनांक 04-02-2026 को ही अनादरित कर इस मेमोरण्डम के साथ उक्त चेक को नोटिसदाता को वापस कर दिया गया कि आप नोटिसग्रहिता के खाते मे चेक मे दर्शित राशि पर्याप्त नही है जिसके पश्चात नोटिसग्रहिता को दिनांक 16-02-2026 को आपके बैक पते पर प्रथम बार नोटिस रजिस्टर्ड डाक क0 - EI766511180IN भेजी गई थी जो कि डाक विभाग द्वारा इस टीप के साथ दिनांक 23-03-2026 को नोटिसदाता के अधिवक्ता को वापस कर दी गई है कि जिस कारण से पुन: नोटिसदाता द्वारा द्वितीय नोटिस दिनांक 26-03-2026 को आप नोटिसग्रहिता के बैंक पते पर जरिये रजिस्टर्ड डाक क्र० - EI766518418IN से भेजी गई किन्तु उक्त नोटिस भी इस टीप के साथ वापस प्राप्त हुई कि नोटिसग्रहिता घर पर नही है जिस कारण से उक्त नोटिस को दैनिक अखबार मे प्रकाशित कराया जा रहा है।

अत: आप नोटिसग्रहिता को जरिये इस अखबार मे प्रकाशित नोटिस के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के भीतर नोटिसदाता को 5 लाख रू0 की राशि वापस दिये जाकर उसकी रसीद प्राप्त कर लेवे अन्यथा आपके विरूद्ध सक्षम न्यायालय मे परक्राम्य लिखित अधि0 1881 की धारा 138 के अंतर्गत सक्षम न्यायालय मे परिवाद पत्र प्रस्तुत किया जावेगा।

दिनांक- 17-04-2026

नोटिसदाता
अंकित चौरसिया पिता दुर्गा चौरसिया
प्रोपाइटर दुर्गा इंटरप्राइजेज निवासी मऊगंज वार्ड क0 03 थाना व तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0
RN-85030

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# एमएसपी पर खरीदी न होने से किसान परेशान

**सिरमौर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ब्लॉक इकाई सिरमौर की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष बैजनाथ शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह उपस्थित रहे। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीदी न होने से प्रदेश के किसान अत्यंत दुखी हैं। शासन-प्रशासन मंचों पर बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन जमीनी हकीकत शून्य है। किसानों की हालत इतनी खराब हो गई है कि वे आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। इसके अलावा बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी कड़ा विरोध जताया गया। कहा गया कि प्रदेश में विद्युत उपभोक्ता शासन-प्रशासन की तानाशाही से परेशान हैं। विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बिजली बिल जारी किए जा रहे हैं और नोटिस के नाम पर भोले-भाले किसानों को डराया और प्रताड़ित किया जा रहा है। बैठक में यह भी कहा गया कि वर्तमान सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने तथा सी-2+50 के आधार पर फसलों का उचित मूल्य देने का वादा किया था, लेकिन आज तक यह वादा पूरा नहीं हुआ है। ग्राम माड़ौ, तिलखन, उमरी, हर्दीकला, धोधकी सहित कई गांवों में किसानों को मनमाने बिजली बिल दिए जा रहे हैं, जिनका कोई समाधान नहीं किया जा रहा। साथ ही सभी विद्युत स्टेशनों पर उपभोक्ताओं के परेशान होने की बात भी सामने आई। बैठक में रविदत्त सिंह, रामायण प्रसाद मिश्रा, भक्त प्रहलाद कुशवाहा, वंशगोपाल त्रिपाठी, बैजनाथ शुक्ला, मनमोहन त्रिपाठी, अनूप सिंह, वीरेन्द्र सिंह परिहार, बीरेन्द्र सिंह पटेल, निशांत सिंह, संतोष कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/ 1831 to 1836 / PWD/2026 विदिशा, दिनांक:- 10/04/2026

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | निविदा क्र. | ई-टेंडर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1831 | 2026_UAD_499975_1 | Rates for Materials to be Hired for Various Events by the Electrical Department vidisha ULB in the Year 2026-27 | I Call | 3500000.00 | 26250.00 | 5000.00 | 12 Month | 15/05/2026 |
| 2 | 1832 | 2026_UAD_499984_1 | Supply of Pesticides Regarding to be put in the parks of the municipal body. | II Call | 500000.00 | 5000.00 | 2000.00 | 12 Month | 1/5/2026 |
| 3 | 1833 | 2026_UAD_499993_1 | Supply of various material in Ramvindra nath taigore building VIP guest rooms vidisha. municipality. | III Call | 250000.00 | 2500.00 | 2000.00 | 12 Month | 1/5/2026 |
| 4 | 1834 | 2026_UAD_500004_1 | Reparinig work of AC and Electric light in Ravindranath tegor bhawan vidisha | I Call | 700000.00 | 7000.00 | 2000.00 | 12 Month | 1/5/2026 |
| 5 | 1835 | 2026_UAD_500038_1 | Dead Cattle Bone Leather Contract Financial Year 2025-26 vidisha Municipality. | I Call | 65000.00 | 1300.00 | 1000.00 | 12 Month | 1/5/2026 |
| 6 | 1836 | 2026_UAD_500495_1 | Animal registration contract Financial year 2026-27 vidisha Municipality. | I Call | 1250000.00 | 12500.00 | 2000.00 | 12 Month | 15/05/2026 |

1-निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा

## संक्षिप्त खबरें

### नगर परिषद कर्मी 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने शुक्रवार को खरगोन जिले की भीकनगांव नगर परिषद के सहायक राजस्व निरीक्षक मयंक जैन को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ा है। यहां के वार्ड नंबर 6 के निवासी सिराज पठान की पत्नी आयशा पठान को इस योजना के तहत मकान स्वीकृत हुआ था। मकान के निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में एक लाख रुपये मिल गए थे, लेकिन दूसरी किश्त के एक लाख रुपये जारी करने की फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर मयंक जैन ने सिराज से 15,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। शुक्रवार को जैसे ही मयंक जैन ने सिराज से अपने दफ्तर के भीतर घूस की राशि ली, वैसे ही पहले से तैयार लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपी मयंक जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। छापे की इस कार्रवाई से नगर परिषद कार्यालय में हड़कंप मच गया।

### आयकर विभाग में लैपटॉप और कैडर रीस्ट्रक्चरिंग की मांग



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** अपनी लंबित मांगों को लेकर आयकर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अब हड़ताल करने जा रहे हैं। आयकर कर्मचारी महासंघ और आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के आह्वान पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी आयकर कार्यालयों में भोजन अवकाश (लंच ब्रेक) के दौरान जोरदार विरोध प्रदर्शन कर आंदोलन की शुरुआत की गई। भोपाल के आयकर भवन और मेट्रो वॉक कार्यालय में बड़ी संख्या में जुटे कर्मचारियों ने केंद्र सरकार और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी की। आयकर अधिकारी महासंघ एवं संयुक्त कार्रवाई परिषद के संयुक्त संयोजक महेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि विभाग में लंबे समय से 10 सूत्रीय मांगें लंबित हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कदम नहीं उठाए गए। सीबीडीटी और केंद्र सरकार की इसी बेरुखी से नाराज होकर कर्मचारियों ने अब चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है।

# टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार, रिव्यू पिटीशन दायर

## अब परीक्षा के औचित्य पर सवाल, 50 हजार शिक्षक आज भोपाल में जुटेंगे, परीक्षा का आदेश स्थगित करने की मांग

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश के डेढ़ लाख से ज्यादा शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी से निजात मिलने की उम्मीद बंध गई है। लंबी एक्सरसाइज के बाद सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। सरकार ने टीईटी को लेकर पुनर्विचार याचिका दायर कर दी है। सरकार के इस कदम से शिक्षकों को राहत मिलना तय है, लेकिन डीपीआई के परीक्षा संबंधी आदेश के औचित्य पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इस पर नाराजगी जताने 50 हजार से ज्यादा शिक्षक शनिवार को भोपाल में एकत्रित होंगे। विधि विशेषज्ञों से राय लेने के बाद राज्य सरकार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका शुक्रवार को दायर कर दी है। प्रदेशभर के शिक्षक संगठन पिछले तीन महीने से आंदोलन चलाकर सरकार से पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग कर रहे थे। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की ओर से 17 अप्रैल को शाम चार बजे यह पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। हालांकि इस पर



सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं हो सकी है। मगर महाधिवक्ता की ओर से ई-फाइलिंग से दायर की गई पुनर्विचार की रसीद भी शाम को ही शासन को मिल गई है। आनन-फानन में लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी संघ सहित शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा को भी यह रसीद भेजी गई है। सरकार का यह कदम टीईटी की अनिवार्यता का विरोध कर रहे शिक्षकों को राहत देने वाला है। हालांकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह शिक्षकों को आश्वस्त कर चुके थे।

### अब डीपीआई के आदेश पर सवाल

महाराष्ट्र के एक प्रकरण की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को फैसला सुनाया था कि पात्रता परीक्षा के जरिए शिक्षकों की योग्यता परखी जाए। 5 साल में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को छूट दी थी। इसके तहत डीपीआई ने आननफानन में 2 मार्च को आदेश जारी कर टीईटी का टाइम टेबल भी जारी कर दिया। इसके मुताबिक मध्यप्रदेश के शिक्षकों के लिए जुलाई-अगस्त में टीईटी का आयोजन कर्मचारी चयन मंडल द्वारा किया जाना है। इसे लेकर प्रदेश भर के कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षक तनाव में आ गए। अब सरकार द्वारा दाखिल की गई पुनर्विचार याचिका से डीपीआई के इस आदेश के औचित्य पर सवाल उठ गए हैं। संगठनों को सुप्रीम कोर्ट में दायर पुनर्विचार याचिका की रसीद भेजने वाले आयुक्त लोक शिक्षण ने भी अभी तक कोई संशोधित आदेश टीईटी के संबंध में जारी नहीं किया है।

### जम्मू-कश्मीर में स्थगित हो चुकी है टीईटी

सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही पंजाब, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, केरला और उत्तरप्रदेश सरकार 30 दिन के अंदर ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थीं। मगर मध्यप्रदेश सरकार ने समय सीमा में पुनर्विचार याचिका ही दायर नहीं की। वहीं जम्मू-कश्मीर शासन ने तो पुनर्विचार याचिका पर फैसला आने तक टीईटी स्थगित करने का आदेश भी जारी कर दिया। अब मप्र सरकार को भी इसी आधार पर अपनी परीक्षा स्थगित करना पड़ेगी। मप्र शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह यादव का भी कहना है कि संचालनालय को तत्काल टीईटी स्थगित करने का आदेश जारी कर शिक्षकों का संशय से बाहर निकालना चाहिए। अब इस परीक्षा का कोई औचित्य ही नहीं बचा है।

### आंदोलन स्थगित करने से इंकार

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक राकेश दुबे एवं उपेंद्र कौशल ने सरकार द्वारा दायर रिव्यू पिटीशन का स्वागत किया है, लेकिन अपना आंदोलन स्थगित या निरस्त करने से इंकार किया है। इनका कहना है कि हमारी मांगें अभी भी वहीं की वहीं हैं। इसलिए कल प्रदेश भर से 50 हजार शिक्षक भोपाल पहुंचकर भेल दशहरा मैदान में धरना देंगे। सरकार को तत्काल टीईटी का आदेश स्थगित करना चाहिए। साथ ही भविष्य में होने वाली टीईटी के दायरे में आने वाले शिक्षकों की स्थिति भी स्पष्ट करना चाहिए।

हमने पुनर्विचार याचिका दायर कर दी है। अब मामला शीर्ष अदालत के क्षेत्राधिकार में है। इसलिए परीक्षा का फैसला भी हम नहीं कर सकते। अदालत के आदेश पर ही परीक्षा करने या न करने का फैसला लिया जा सकेगा। जम्मू-कश्मीर राज्य शासन द्वारा पुनर्विचार याचिका का फैसला आने तक टीईटी स्थगित करने के संबंध में हमें जानकारी नहीं है। यदि कोई आदेश की प्रति उपलब्ध कराता है तो हमें भी आसानी हो जाएगी।

● **अभिषेक सिंह**, आयुक्त लोक शिक्षण मप्र

# भाजपा की कमजोर विधानसभा सीटों पर अब रात बिताएंगे सरकार के मंत्री

## कसावटः आंतरिक सर्वे के बाद भाजपा ने लगभग 70 विधानसभा सीटों को किया है चिह्नित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की उन विधानसभा क्षेत्रों में अपना जनाधार बढ़ाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं, जहां भाजपा कमजोर है या फिर वहां विपक्षी दल का विधायक लगातार चुनाव जीत रहा है। इसके लिए जिलों के प्रभारी मंत्रियों को विधानसभा मुख्यालयों में रात्रि बिताने एवं वहां चौपाल लगाने को कहा गया है। गौरतलब है कि भाजपा ने पिछले दिनों एक आतंरिक सर्वे के बाद अपनी ऐसी लगभग 70 विधानसभा सीटों को चिह्नित किया है, जहां पर उनका जनाधार पहले से नीचे गिरा है। जिसे निकाय और त्रि स्तरीय पंचायती राज चुनावों से पहले सुधारने के लिए रणनीति तय कर दी है। जानकारों की मानें तो मंत्रियों से कहा गया कि वे जब भी अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा करें, तो सरकारी कामकाज निपटाने के बाद कमजोर हो चुकी विधानसभा सीट मुख्यालय में एक रात रुकें और वहां रात्रि में सभाएं या चौपाल लगाकर लोगों को बताएं कि किस तरह से भारतीय जनता और उसकी सरकार जनता के हितों को लेकर काम कर रही है। इधर भाजपा संगठन को भी सक्रिय किया




गया है। प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारी एवं जिला प्रभारियों को टाइम लाइन थमा दी गई है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को जनता व कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करने की बात कही गई है। पार्टी ने अपनी इस नई गाइडलाइन के तहत प्रदेशाध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से कहा है कि वे प्रत्येक महीने के शुरुआती 10 दिनों में मैदानी दौरे और जिला स्तरीय बैठकों में शामिल होंगे। महीने के पहले सप्ताह में संगठन और पदाधिकारियों का पूरा फोकस मंडल स्तर पर रहेगा। इस दौरान मंडल की बैठकें आहुत की जाएगी, जिसमें मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, मंडल मोर्चा अध्यक्षों व वार्ड संयोजकों के साथ समन्वय स्थापित होगा।

### 7 से 10 अप्रैल के बीच होंगी जिला स्तर पर बैठकें

इसी तरह दूसरे चरण में यानि कि 7 से 10 अप्रैल के मध्य जिला स्तर पर बैठकें बुलाई जाएंगी। जिनमें संभाग प्रभारी,जिला प्रभारी और जिलाध्यक्षों की मौजूदगी अनिवार्य रहेगी। हर माह के मध्य में 11 से 20 तारीख के बीच प्रदेश स्तरीय बैठकें और वरिष्ठ पदाधिकारियों का प्रवास रहेगा। महीने के चौथे सप्ताह में पार्टी की विशिष्ट इकाईयों और शक्ति केन्द्रों पर ध्यान दिया जाएगा। जिसमें मन की बात और बूथ समिति की बैठक का एजेण्डा निर्धारित किया जाएगा। शक्ति केन्द्र टोली की बैठकों के बाद टिफिन बैठकों का आयोजन किया जाएगा। बताया गया है कि यह रोडमैप दो महीने के रोटेशन के आधार पर हर महीने 50 प्रतिशत मंडलों में आयोजित की जाएंगी।

### संभाग और जिला प्रभारियों को थमाए लक्ष्य

भाजपा की नई रणनीति तो लेकर पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को संभाग और जिला प्रभारियों की बैठक हुई, जिन्हें गाइललाइन के मुताबित टारगेट सौंपे गए। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर ज्यादा और मेहनत करनी होगी। जब तक हम सब मिलकर पार्टी के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एक जुट होकर काम नहीं करेंगे,तब तक हमारी योजनाओं में सफलता नहीं मिल सकती। हमें समाज के हर वर्ग से संवाद बढ़ाना होगा। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी की सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और एकजुटता पर निर्भर करती है। हमारी सरकार और संगठन की योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा।

# उपार्जन केंद्रों पर गड़बड़ी करने वालों पर शुरू हुई कार्रवाई

## रायसेन जिले में दो जगहों पर मिली गड़बड़ी, प्रकरण दर्ज

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** संभाग में चल रहे गेहूं उपार्जन के बीच नापतौल विभाग ने वेयर हाउस खरीदी केंद्रों की सघन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वेयरहाउस खरीदी केंद्रों पर किसानों से नमी के नाम पर प्रति ट्रॉली 25 किलो अतिरिक्त गेहूं लिया जा रहा है, जिसकी जानकारी सामने आते ही नापतौल विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को मुगालिया कोट स्थित मां पीतांबरा वेयरहाउस पर जिला आपूर्ति विभाग के औचक निरीक्षण के दौरान भी तुलाई के दौरान हो रही गड़बड़ी सामने आई थी। जिसके बाद सेवा सहकारी समिति तूमड़ा के केंद्र प्रभारी और समिति सदस्य को शो कॉज नोटिस जारी किया गया था। जांच दल ने मौके पर मौजूद किसान रमेश प्रजापति से पूछताछ की, तो पता चला कि केंद्र पर पिछले कई दिनों से प्रति क्विंटल गेहूं की तुलाई पर एक किलो अतिरिक्त गेहूं लिया जा रहा है। यही स्थिति संभाग के भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन और राजगढ़ जिले में भी निर्मित हो रही है। जहां उपार्जन केंद्रों पर तुलाई के नाम पर किसानों से अतिरिक्त गेहूं की तुलाई करवाई जा रही है। पहले दिन रायसेन जिले में दो जगहों पर गड़बड़ी सामने आई है। जिसके बाद प्रकरण दर्ज कर तौल कांटे जब्त किए गए हैं।

### इन जगहों पर मिली गड़बड़ी

नापतौल विभाग की जांच के दौरान रायसेन में खरबई जाखा, सेवासनी और मोरेल करा स्थित उपार्जन केंद्रों की जांच अमले से कराई गई, जिसमें मोरेल करा उपार्जन केंद्र में दो इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे असत्यापित पाए गए। जिसके बाद अमले ने इन कांटों को जब्त कर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है और वेयर हाउस संचालकों को सत्यापित कांटों से ही तुलाई करने को कहा है। अमला संभाग के अन्य वेयर हाउस की जांच भी लगातार कर रहा है, ताकि किसानों को आर्थिक हानि होने से बचाया जा सके।

तुलाई केंद्रों पर किसानों से क्विंटल व प्रति ट्रॉली पर अतिरिक्त गेहूं लिए जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है, जिसके बाद अमले को संभाग के सभी वेयर हाउस की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

■ **नसीम उद्दीन**, उप नियंत्रक, नापतौल, भोपाल संभाग

# एकात्म पर्वः एकात्मता के संदेश को साकार कर रहा है मध्यप्रदेशः सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सुशासन के साथ सनातन संस्कृति और एकात्मता के संदेश को साकार कर रहा है। मध्य प्रदेश की धरती अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता की व्यवस्था में सनातन-संस्कृति का गठबंधन किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति केवल लेने की नहीं है, बल्कि देने की है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को आचार्य शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में आयोजित 5 दिवसीय प्रकटोत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के कारण मध्यप्रदेश की धरा धन्य हुई। आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का आधार बना। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सनातन संस्कृति के सिद्धांतों के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। हमारी सनातन विरासत, शास्त्र और आध्यात्मिक परम्पराएं यदि आज जीवित एवं जागृत हैं तो यह आदिगुरू शंकराचार्य के प्रयास और आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। द्वारका शारदा पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती एकात्म धाम की संकल्पना की सराहना करते हुए कहा कि प्राणी मात्र में परमात्मा का दर्शन करने वाला ही एकात्मता सिद्ध कर सकता है। व्यक्ति में एकात्म बोध होना आवश्यक है। ब्रह्म, भगवान और आत्मा तीनों एक हैं। प्राणी मात्र में विद्यमान आत्म तत्व का ज्ञान ही एकता का आधार है। सद्-चित-आनंद का भाव ही एकता है। इस जगत से जगदीश्वर को प्राप्त करना ही हमारा ध्येय है। उन्होंने कहा कि गौमाता, धरती माता और जन्म देने वाली माता का सम्मान होना आवश्यक है। गौमाता की सेवा और रक्षा को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, संस्कारों से समृद्ध होती है। व्यक्ति विश्व को जानना चाहता है, लेकिन अपनी आत्मा से साक्षात्कार नहीं करना चाहता है। प्राणी मात्र में आत्मा रूपी जो तत्व विद्यान है, वहीं एकात्म है। तत्व को समझते हुए हमें अपने लक्ष्य और उसकी प्राप्ति की जानकारी होनी चाहिए। शरीर केवल भोग-विलास के लिए नहीं है, इस दृश्य जगत से हमें अदृश्य ईश्वर को प्राप्त करना है। एकात्मा को सिद्ध करने के लिए वेदों की आवश्यकता है। वेदों में कही बातों का पालन करना चाहिए। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की उपाध्यक्ष निवेदिता भिड़े ने कहा कि हम सभी की आत्मा एक है, शरीर मात्र एक साधन है। मनुष्य शरीर, एकात्म का सबसे सुंदर उदाहरण है, शरीर में कई अंग है, लेकिन चेतना एक है। संपूर्ण विश्व में हम सभी ईश्वर की कोशिकाओं की तरह हैं, इन कोशिकाओं का प्राण ईश्वर ही है, जो सर्वथा एक है। हमारे वेदों में विद्यमान क्वांटम फिजिक्स और पर्यावरण के सिद्धांतों को विश्व आज समझ रहा है। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के प्रो. जयकिशोर एस. शास्त्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के अंतर्गत आचार्य शंकर की 108 फीट एकात्म प्रतिमा का लोकार्पण 2023 में हो चुका है।

### अंत्योदय के लिए सरकार प्रतिबद्ध



सीएम ने कहा कि चिंतक एवं विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों में भी एकात्मता के भाव की अभिव्यक्ति होती है। राज्य सरकार अंत्योदय के सिद्धांतों के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उदारमना भारतीय सनातन संस्कृति में भक्षण को नहीं अपितु दूसरों के कल्याण को सर्वाधिक महत्व दिया गया है।

# भाजपा विधायक का जाति प्रमाण पत्र कठघरे में, हेडमास्टर बताएंगे रिकॉर्ड

**जागरण, खंडवा।** खंडवा से भाजपा विधायक कंचन तनवे की मुश्किल बढ़ती दिख रही है। जाति प्रमाण पत्र की वैधता को लेकर दायर की गई याचिका की सुनवाई करते हुए अदालत ने भाजपा विधायक द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों को साक्ष्य मानने से इंकार कर दिया है। साथ ही विधायक के जाति प्रमाण पत्र की सत्यता जांचने के लिए उनके प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के हेडमास्टर्स को रिकॉर्ड लेकर तलब किया है। स्कूल के रिकार्ड से मिलान करने के बाद अदालत आगे की कार्रवाई करेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव में विजयी रहीं कंचन तनवे द्वारा नामांकन पत्र के साथ लगाए गए जाति प्रमाण पत्र को कांग्रेस प्रत्याशी कुंदन मालवीय द्वारा चुनौती दी गई है। अदालत ने भाजपा विधायक के दस्तावेजों की सत्यता जांचने दो स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को गवाह के रूप में तलब किया है।

# हाईकोर्ट ने कहा-क्या बिना पढ़े आंख बंद कर करते हैं काम

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि बिना पढ़े आंखें मूंदकर कार्य किया जाता है। कोर्ट ने मंडला के पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि वे इस सिलसिले में अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें। मामला अस्थाई जमानत के लिए दायर आवेदन से संबंधित था। पुलिस द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया था कि आवेदक अभियुक्त का विवाह है। मामले की सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप उपस्थित पुलिस अधीक्षक मंडला ने गलती स्वीकार करते हुए क्षमा याचना की। दरअसल, मंडला जिले के घुघरी थानांतर्गत दर्ज पास्को व दुष्कर्म के आरोप में सजा से दंडित जेल में बंद आवेदक अन्नू वनवासी की ओर से भाई की शादी में शामिल होने के लिए अस्थाई जमानत प्रदान करने हाई कोर्ट की शरण ली गई। आवेदन में कहा गया कि उसके बड़े भाई अनिल वनवासी की 18 अप्रैल को शादी है। आवेदन की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने संबंधित थाना पुलिस को रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे।

### पुलिस अधीक्षक को फटकार

**बैठक** कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में आया प्रस्ताव, वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

# हर विधानसभा में 30 हजार घरों से कांग्रेस मांगेगी 100 रु.

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 30 हजार घरों से 100 रुपए की सहयोग राशि लेगी। जिसका उपयोग संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में किया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को पार्टी की ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी के सभी दिग्गज नेता मौजूद रहे। राजधानी के रविंद्र भवन में दिन भर चली बैठक में हर ब्लॉक अध्यक्षों से संगठन को और कैसे मजबूत बनाया जाए, इसे लेकर सुझाव लिए गए। इस बैठक में सबसे अहम बात यह रही कि अरसे बाद पार्टी के 50 से ज्यादा वरिष्ठ नेता मंच पर नजर आए। इन नेताओं ने संगठन की मौजूदा स्थिति,जमीनी स्तर पर कमजोर पकड़, कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। नेताओं ने साफ तौर पर कहा कि अब बैठकों से कांग्रेस मजबूत नहीं होगी, बल्कि जमीन पर काम करना होगा। वरिष्ठ नेताओं ने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि जिम्मेदारी मिलने का मतलब केवल पद संभालना नहीं, बल्कि सक्रिय रूप से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मंडल, ब्लॉक, गांव और वार्ड स्तर तक संगठन का मजबूत ढांचा खड़ा करें और हर स्तर पर कार्यकर्ताओं को आगे कर उन्हें और सक्रिय करें। उन्होंने कहा कि अब केवल कागजों पर कमेटियां बनाकर सूची भेजना पर्याप्त नहीं माना जाएगा, अलबत्ता हर नियुक्ति और हर इकाई का फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाएगा। यदि कोई भी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को सही ढंग से नहीं निभाते पाया गया, तो उनका पद जाना तय होगा। नेताओं ने ब्लॉकाध्यक्षों को बताया कि जिलाध्यक्षों के काम का मूल्यांकन पहले से जारी है। अब छह महीने बाद उनके(ब्लॉकाध्यक्षों) के काम की भी समीक्षा की जाएगी, यानि कि कांग्रेस में परफार्मेंस सिस्टम को लागू किया जाएगा, जहां पद पाकर घर बैठने वाले नेताओं को बिल्कुल ही नहीं झेला जाएगा। संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया कि हर ब्लॉक स्तर पर पार्टी संगठन द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। जिसमें हर दिन कार्यकर्ता लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं को सुनकर अपने स्तर पर उनके निराकरण की पहल करेंगे। इसके उपरांत ऐसे लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद करने से संगठन मजबूत होगा और पार्टी की एक बार फिर से जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत होगी।




### उनका लक्ष्य कांग्रेस को सत्ता में वापस लाना

बैठक का शुभारंभ करने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र (जीतू) पटवारी ने कहा कि पार्टी पिछले 25 साल से राज्य में सत्ता से बाहर है,ऐसे में कार्यकर्ताओं को ज्यादा मेहनत करने की जरुरत है। पटवारी ने कहा कि उनका लक्ष्य किसी पद की प्राप्ति नहीं,बल्कि कांग्रेस की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करना है। वर्तमान में मध्यप्रदेश कर्ज, क्राइम और करप्शन के कैंसर से जूझ रहा है, जिसे बचाने के लिए हमें अपनी आहुति देनी होगी।

### बैठक छोड़ अजय सिंह निकल गए

बैठक के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल के अचानक चले जाना चर्चा का विषयरहा। कुछ कार्यकर्ता कानाफूंसी करते देखे गए,तो वरिष्ठ नेताओं ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। बताया गया है कि अजय सिंह राहुल ने जाने से पहले प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से चर्चा की थी।

# एक साल के कामकाज से की जाएगी कलेक्टरों की रैंकिंग

## सीएम ने कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में सौंपे लक्ष्य, गांवों में बिताएंगे रात

**विशेष संवाददाता. भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिन अफसरों को जिलों की कमान सौंपी गई,उन्हें अपनी क्षमता और योग्यता दिखाना होगी। अधिकारी दिन भर कक्ष में न बैठे रहें,बल्कि गांवों तक दौरा करें और जनता से सीधे संवाद कर उनसे जुड़े। सभी कलेक्टर एक-दो बार गांवों में रात बिताएं और गांवों वालों के साथ चौपाल भी लगाएं। सीएम ने कहा कि प्रदेश में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने के उद्देश्य से एक साल के काम के आधार पर सभी कलेक्टरों की रैंकिंग तय की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश शुक्रवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी संभागायुक्त एवं कलेक्टरों को दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर जब भी मैदानी दौरा करें तो लोगों से जनकल्याण के कामों को लेकर चर्चा करें। यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है या नहीं। जल गंगा संवर्धन सहित सभी अभियानों की सार्थकता और सफलता तभी सुनिश्चित होगी, जब इनमें अधिकाधिक जनसहयोग एवं जन भागीदारी भी हो। इसके लिए सभी समर्पित और फोकस्ड होकर प्रयास करें।



### सूख चुके जल स्रोतों को मिले नया जीवन

डॉ. यादव ने कहा कि 12 जनवरी से 31 मार्च तक 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया। इस अभियान से सरकार की 106 प्रकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता और जरुरतमंदों तक पहुंचाया गया। सभी कलेक्टर्स इस अभियान के मूल लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हमेशा क्रियाशील रहें और जनता को अधिकतम लाभ दिलायें। प्रदेश में जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से प्रारंभ हुआ है। यह 30 जून 2026 तक चलेगा। विगत 2 सालों में अभियान के अंतर्गत हुए जल संचयन के कार्यों से यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की पहचान बन चुका है। अब आवश्यकता है कि इस साल भी जल संरक्षण और सूख चुके जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के भरसक प्रयास किये जायें।

### धार्मिक स्थलों पर 50 बेड के अस्पताल

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी बड़े धार्मिक स्थलों पर कम से कम 50 बेडेड हास्पिटल होने चाहिए। सभी संभागीय मुख्यालयों में बर्न यूनिट्स स्थापित की जाए।

### किसानों को न हो कोई परेशानी

प्रदेश में चल रही गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि छोटे किसानों का गेहूं पहले खरीदा जाये। उन्हें समय पर भुगतान भी करायें। सभी कलेक्टर्स गेहूं उपार्जन केन्द्रों का सघन निरीक्षण करें और यह देखें कि खरीदी केंद्र पर समुचित छाया-पानी, बारदाना, तेज गर्मी के चलते ओआरएस घोल, पावडर आदि सभी जरूरी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। किसानों को किसी भी तरह की प्रक्रियागत या व्यवस्थागत परेशानी नहीं हो।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल के खिलाफ दर्ज करें एफआईआर: हाईकोर्ट

**लखनऊ, जेएनएन।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा, एफआईआर दर्ज करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। सीबीआई इसकी जांच करेगी। कोर्ट ने यह आदेश कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाया था। 28 जनवरी, 2026 को एमपी-एमएलए कोर्ट ने विग्नेश शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट को लगाए गए आरोपों की सत्यता पर टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं थी।



### हरिवंश तीसरी बार रास के उपसभापति चुने गए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हरिवंश नारायण सिंह को लगातार तीसरी बार राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध चुन लिया गया। खास बात यह है कि पहली बार किसी मनोनीत सदस्य को इस पद पर चुना गया है। राज्यसभा सचिवालय को उनके समर्थन में कुल पांच प्रस्ताव मिले थे। सदन के नेता जेपी नड्डा ने पहला प्रस्ताव रखा, जबकि दूसरा प्रस्ताव नितिन नबीन ने पेश किया। विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार नहीं उतारा गया।


पहली बार मनोनीत सदस्य को मिला पद

### आप मंत्री और पार्टनरों के 13 ठिकानों पर ईडी की रेड

**चंडीगढ़, जेएनएन।** पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के दिग्गज मंत्री संजीव अरोड़ा पर ईडी की रेड हुई है। जांच एजेंसी की टीमें शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे ही लुधियाना के गुरदेव नगर स्थित उनके घर (कोठी नंबर- 3311) में पहुंच गईं। इसके बाद बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात कर अंदर-बाहर आने-जाने पर पाबंदी लगा दी गई। जिस वक्त रेड हुई, मंत्री घर पर नहीं थे। लुधियाना के अलावा जालंधर में भी रियल एस्टेट कारोबारी हेमंद सूद और चंद्रशेखर अग्रवाल के ठिकानों पर ईडी ने रेड की है। सूद हैम्पटन होम्स के डायरेक्टर हैं और संजीव अरोड़ा के करीबी माने जाते हैं। हेमंत सूद के लुधियाना में सराभा नगर स्थित कोठी नंबर 175-आई पर भी रेड चल जारी थी। अग्रवाल की भी अरोड़ा के रियल एस्टेट कारोबार में पार्टनरशिप है।



### टीसीएस केस: निदा फरार नहीं, परिवार के साथ : वकील

**मुंबई, जेएनएन।** बीपीओ केस में निदा खान को लेकर उनके वकील ने कहा है कि निदा खान प्रेग्नेंट है। वह फरार नहीं हैं, बल्कि मुंबई में अपने परिवार के साथ हैं। वकील के अनुसार, निदा खान ने कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। निदा खान की तलाश महाराष्ट्र पुलिस की विशेष जांच टीम को है। निदा से पूछताछ के लिए उसकी खोज की जा रही है। नासिक के टीसीएस बीपीओ ऑफिस के अंदर धर्म परिवर्तन और यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर कुल नौ एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन एफआईआर में पहली रिपोर्ट से ही निदा खान का नाम आरोपी के रूप में शामिल है। आरोपों के मुताबिक, वह उन लोगों के साथ थीं, जिन पर हिंदू महिला और पुरुष कर्मचारियों को निशाना बनाने के आरोप लगाए गए हैं।




### टक्कर के बाद कार में लगी आग, 6 जिंदा जले

**यादगीर, जेएनएन।** कर्नाटक के यादगीर में आज शुक्रवार को बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई, वहीं दो घायल हैं। हादसा सुरपुर तालुका के देवपुर के पास हुआ। यहां एक कार और बस के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई।। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में तुरंत आग लग गई और वह कुछ ही पलों में आग का गोला बन गई। पुलिस के अनुसार, कार यादगीर से रायचूर की ओर जा रही थी। शुरुआती जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि कार का टायर अचानक फट गया, जिससे कार बेकाबू हो गई। इसी दौरान सामने से आ रही बस से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने के तुरंत बाद कार में आग लग गई, जिससे उसमें सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। कार में कुल 8 लोग सवार थे, जिनमें से 6 की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में 3 बच्चे भी शामिल बताए हैं।



## संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक क्यों गिरा?

# नंबर गेम सरकार के खिलाफ था, नरैटिव सेट करने लाए विधेयक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन बिल लोकसभा में पास नहीं हो सका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील, सरकार की रणनीति और 21 घंटे की लंबी बहस के बावजूद यह बिल 54 वोट से गिर गया। यह बीते 12 सालों में पहला मौका है जब केंद्र सरकार कोई बड़ा विधेयक सदन में पारित नहीं करा सकी। इस पूरे घटनाक्रम के पीछे सिर्फ संख्या का गणित नहीं, बल्कि राजनीति, रणनीति और भविष्य की चुनावी दिशा भी छिपी है। असल में, एनडीए के पास करीब 293 सांसद हैं, जो कुल संख्या के हिसाब से पर्याप्त नहीं थे। विपक्ष के पास भी मजबूत संख्या थी और उसने एकजुट होकर बिल का विरोध किया। यानी साफ था नंबर गेम सरकार के खिलाफ था। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, सरकार को यह अंदाजा था कि उसके पास जरूरी बहुमत नहीं है। फिर भी प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू समेत कई नेताओं ने विपक्ष से समर्थन की अपील की। पीएम मोदी ने तो यहां तक कहा कि 'हमें क्रेडिट नहीं चाहिए, विपक्ष चाहे तो पूरा श्रेय ले ले।' इसके बावजूद विपक्ष नहीं माना। विश्लेषकों का मानना है कि सरकार इस मुद्दे को राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रही थी।

### विपक्ष की आपत्तियां

**दक्षिण बनाम उत्तर विवाद:** दक्षिण भारत के राज्यों को डर है कि जनसंख्या के आधार पर सीटें बढ़ाने से उनकी राजनीतिक ताकत कम हो जाएगी।

**ओबीसी और दलित प्रतिनिधित्व:** विपक्ष का कहना है कि इस मॉडल में ओबीसी और अन्य वर्गों के प्रतिनिधित्व को नजरअंदाज किया जा रहा है।



आरक्षण बिल पास न के बाद संसद परिसर में भाजपा महिला सांसदों ने प्रदर्शन किया

### यह था सरकार का प्लान

- लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करना
- नई सीटों के आधार पर 33 फीसदी महिला आरक्षण लागू करना।

### सरकार का नैरेटिव

- विपक्ष ने महिलाओं का हक छीना
- चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बनेगा

### विपक्ष का नैरेटिव

- सरकार राजनीतिक फायदा चाहती थी
- असली मुद्दा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन था

### यह थी राजनीतिक रणनीति

**अगर बिल पास हो जाता:** सरकार को महिला सशक्तिकरण का बड़ा श्रेय मिलता
**बिल गिरने पर:** विपक्ष को 'महिला विरोधी' बताने का मौका मिल गया है। यानी दोनों ही स्थितियों में सरकार को राजनीतिक फायदा मिल सकता था।

### असली विवाद: महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन

दिलचस्प बात यह है कि विपक्ष ने महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया, बल्कि उसे परिसीमन से जोड़ने का विरोध किया। परिसीमन का मतलब है—जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सीटों की संख्या और सीमाएं तय करना।

### शाह बोले- विपक्ष बिना सोचे-समझे कर रहा विरोध

शाह ने कहा- विपक्ष ने अच्छा बुरा सोचे बिना मोदी जी जो करे रहे हैं, उसका विरोध करने का ठान लिया है। देश की माताओं बहनों के लिए आरक्षण आ रहा है तो लग रहा था विरोध नहीं होगा। लेकिन हो रहा है। 2023 में सर्वसम्मति से ये बिल पारित हुआ लेकिन आज कांग्रेस पीछे हट रही है। इसके दो ही कारण हैं- क्योंकि बिल मोदी जी ला रहे हैं और क्रेडिट उन्हें मिलेगा। मोदी जी ने उन्हें एड देकर क्रेडिट देने का कह दिया फिर भी ये नहीं मान रहे हैं। हमारे नेता ने कहा कि अंतरआत्मा की आवाज से वोट करिए।



### राजनीतिक नक्शा बदलने की कोशिश -राहुल गांधी

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों पर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह असल में महिला सशक्तिकरण का कानून नहीं, बल्कि देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश है। सरकार महिला आरक्षण को 'ढाल' बनाकर राजनीतिक फायदे के लिए परिसीमन करना चाहती है। 'यह बिल महिलाओं को सशक्त नहीं करेगा, बल्कि भारत के निर्वाचन क्षेत्र के नक्शे को बदलने का प्रयास है।' सरकार ओबीसी, दलित और पिछड़े वर्गों की राजनीतिक भागीदारी को कमजोर करना चाहती है।



## ममता बांग्लादेश से रोहिंग्याओं को दुल्हन की तरह बुला लेती हैं : हिमंता

# प.बंगाल पर जबर्दस्ती कब्जा करने की कोशिश हो रही: ममता बनर्जी

**नई दिल्ली, कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मालदा में चुनाव प्रचार के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा- हर जनगणना में मुस्लिम आबादी 4-5 प्रतिशत बढ़ी है। असम में भी यही हो रहा है। मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि देश को बचाना आपके हाथों में है। नहीं तो देश बांग्लादेशी मुसलमानों का अड्डा बन जाएगा। वहीं, दमदम की सभी में सीएम ममता बनर्जी ने कहा- जब कल आप सत्ता में नहीं रहेंगे, तब आपके घरों पर भी ये छापे पड़ेंगे। इससे पहले कूच बिहार की सभा में उन्होंने कहा- हमारे पार्टी कार्यालयों, कैंडिडेट के घरों तक पर छापेमारी हो रही है। लेकिन, चाहे कितनी भी साजिश रच लें, भाजपा को हार का सामना करना ही होगा।

**लाए जा रहे हैं बंगाल बाहरी लोग:** आपने एआई का इस्तेमाल किया और उनकी वर्तनी में गलती की और फिर उनके नाम मिटा दिए। आपको कितना चाहिए, नाम मिटाना, वोट मिटाना, ईडी का अत्याचार, सीबीआई का अत्याचार। असम से लोगों को लाकर मतदाता सूची में हेराफेरी करवाई जा रही है। सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों की मदद से असम से बाहरी लोगों को बंगाल में लाकर मतदाता सूची में हेराफेरी कर हमारी जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने असम में राष्ट्रीय नियंत्रण अधिनियम (एनआरसी) लागू किया। अब वे राजबंशी समुदाय को नोटिस भेजकर उसी एनआरसी का दुरुपयोग कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने ये आरोप शुक्रवार को कूच बिहार की सभा में लगाए।





### भाजपा के गुंडे घर-घर जाकर धमका रहे: अभिषेक

अभिषेक बनर्जी ने कहा-बंगाल गुजरात के तड़ीपार और उसके स्थानीय गुंडों से नहीं डरेगा। मेदिनीपुर की जनसभा में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा- अमित शाह बंगाल आए और उन्होंने खुलेआम हमारे नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को 23 और 29 मई को घर के अंदर रहने की धमकी दी। उनकी इस धमकी के बाद भाजपा के पालतू गुंडे अब घर-घर जाकर लोगों को डरा रहे हैं। बंगाल चुनाव के जरिए बदला लेगा। बंगाल गुजरात के तड़ीपार और उसके स्थानीय गुंडों से नहीं डरेगा। हम लोकतंत्र और अपनी जनता की रक्षा करेंगे।



### ममता हर बात का विरोध करती हैं : सुवेंदु

पश्चिम बंगाल के बांकुरा में भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने कहा- ममता बनर्जी हर बात का विरोध करती हैं। वह सीएए को एनआरसी और एसआईआर को एनआरसी कहती हैं, ये सब बातें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। देश में संविधान का पालन होना चाहिए।



# सीरिया से 12 साल बाद जॉर्डन लौटे 2000 अमेरिकी सैनिक

## सीरियाई सरकार ने सभी एयरबेस कब्जे में लिए

**दमिश्क, जेएनएन।** करीब 12 साल की सैन्य मौजूदगी के बाद अमेरिका ने सीरिया से अपने सभी सैनिक निकाल लिए हैं और सैन्य ठिकाने खाली कर दिए हैं। अप्रैल 2026 में हसाका के कसराक एयरबेस से आखिरी अमेरिकी काफिला निकल गया। इसके बाद सीरियाई सरकार ने सभी बेस अपने कब्जे में ले लिए। सीरियाई विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम देश को एकजुट करने और पूरे इलाके पर सरकार का नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में बड़ा मोड़ है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि करीब 2000 सैनिक जॉर्डन जा रहे है। अमेरिका ने हसाका, रुमैलान और देइर एज-जोर में मौजूद कम से कम सात बड़े ठिकाने खाली किए। आखिरी ठिकाना कसराक एयरबेस था। अब इस पर सीरियाई सेना का नियंत्रण है। सीरिया ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय एंटी-आईएसआईएल गठबंधन में शामिल होकर अपनी भूमिका बदली है।



### सीरियाई सरकार और एसडीएफ के बीच समझौता

इस बीच, सीरिया सरकार और एसडीएफ के बीच हुए समझौते के बाद कुर्द लड़ाकों को राष्ट्रीय सेना में शामिल किया जा रहा है। हसाका और क़ामिशली जैसे शहरों में सरकारी बल तैनात हो चुके हैं और सीमाई इलाकों पर भी दमिश्क का नियंत्रण बढ़ा है। इसी साल दोनों पक्षों के बीच झड़पें भी हुई थीं, जिसके बाद मार्च में एक नया समझौता हुआ। इसके तहत एसडीएफ और कुर्द प्रशासनिक ढांचे को धीरे-धीरे राज्य में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई।

## चुनाव से पहले बंगाल में ममता के प्रपोजर के घर ईडी की रेड

**कोलकाता, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस के विधायक देबाशीष कुमार के घर के बाद अब इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भवानीपुर में ममता बनर्जी के नॉमिनेशन के प्रपोजर के घर पर रेड मारी है। शुक्रवार दोपहर को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने मिराज शाह नाम के प्रपोजर के 2 एल्गिन रोड स्थित घर पर रेड मारी। इसे लेकर तृणमूल कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। बेलेघाटा से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कुणाल घोष ने कहा, ममता बनर्जी के प्रपोजर के घर पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रेड डेमोक्रेसी के लिए खतरनाक है। वे यह जानते हुए भी बेशर्मी से ऐसा कर रहे हैं कि वे हार जाएंगे। वे चुनाव का माहौल खराब कर रहे हैं। मिराज शाह तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी द्वारा भवानीपुर से कैंडिडेट के तौर पर जमा किए गए नॉमिनेशन पेपर के प्रपोजर्स में से एक हैं। वे एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और एक एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन का नेतृत्व करते हैं।



### आईटी ने देबाशीष के घर और आफिस की सर्चिंग

आईटी के अधिकारियों ने शुक्रवार को देबाशीष कुमार के घर और ऑफिस की सर्चिंग शुरू की। कुछ दिन पहले ईडी ने साउथ कोलकाता में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के ऑफिस की तलाशी ली थी। आरोप है कि कंपनी ने नगरपालिका की मदद से अलग-अलग जगहों पर जमीन पर कब्जा किया और कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स किए। देबाशीष कुमार के इलाके में भी ऐसा कंस्ट्रक्शन हुआ है। उस गैर-कानूनी कंस्ट्रक्शन की शिकायत मिलने के बाद सेंट्रल जांच एजेंसी ने यह तलाशी ली।

## तेलंगाना में एससी-एसटी से 3 गुना पिछड़े हैं सामान्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तेलंगाना में पिछले साल हुए जातिगत सर्वे की रिपोर्ट में एससी और एसटी के लोग सामान्य वर्ग से 3 गुना पिछड़े हैं। वहीं, ओबीसी वर्ग 2.7 गुना पिछड़ा है। एससी का पिछड़ापन सूचकांक स्कोर 96, एसटी का 95 और ओबीसी का 86 है। नियम कहता है कि स्कोर जितना ज्यादा होगा, पिछड़ापन उतना ही अधिक होगा। तेलंगाना में इन जाति वर्ग की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक स्थिति बहुत पिछड़ी है। सामान्य वर्ग का स्कोर 31 है, जो बेहतर स्थिति है। राज्य में 242 जातियां हैं।

### सर्वे की मुख्य बिंदु

- राज्य के 88.2 प्रतिशत एसटी और 86.2% एससी परिवारों की सालाना आय 1 लाख से कम है।
- सामान्य के 33% बच्चे निजी स्कूलों में जाते हैं, जबकि एससी/एसटी के 10% से कम।
- 107 जातियों का स्कोर 81 से भी बहुत ज्यादा है। कुल आबादी में ये 29% हैं.
- 13.3% से ज्यादा घरों में शौचालय नहीं है। इनमें एससी के 18.8%, एसटी के 32.5% हैं।
- कुल 21% घरों में नलों से पानी नहीं पहुंचता। एससी के 19.7%, एसटी के 21%, सामान्य के 12.8% हैं।
- 5.8% घरों में बिजली नहीं है। एसटी के 11%, एससी के 8.3%, ओबीसी के 4.7%, सामान्य के 2.7%।
- सामान्य में कार रखने वाले ओबीसी से 3 गुना, एससी-एसटी से करीब 5 गुना ज्यादा हैं।

## संभल में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार ढहाई गई

**संभल, जेएनएन।** संभल में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनारे गिरा दी गई। अब बुलडोजर मस्जिद के बाकी हिस्सों को तोड़ दिया। इससे पहले, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। मस्जिद की मीनार तोड़ने के लिए प्रशासन ने दो हाइड्रा मशीनें बुलाईं। एक मजदूर मीनार पर चढ़कर रस्सी को बांधा, फिर उसके दूसरे सिरे को दोनों हाइड्रा मशीनों से बांधा। इसके बाद मशीनों से खींचकर मीनार को गिरा दिया। मामला मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक, 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। फिलहाल, डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके बिश्नोई समेत 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर हैं। गांव वाले जुटने लगे तो विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। 12 दिन पहले, यानी 5 अप्रैल को मस्जिद पर कार्रवाई होनी थी, लेकिन उस समय बुलडोजर चालक ने मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार तोड़ने से मना कर दिया था। तर्क दिया था कि मीनार बुलडोजर के ऊपर गिर सकती है। हालांकि उस दिन मदरसा, पांच दुकानें और मस्जिद का गेट तोड़ दिया गया था। दुकानों का करीब 20 फीसदी हिस्सा बच गया था, जिसे आज गिराया गया। मुबारकपुर बंद गांव में करीब 30 साल पहले सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था। 15 साल पहले खेल मैदान पर 150 वर्गमीटर में मस्जिद का निर्माण किया गया। इसके साथ ही पांच दुकानें और आठ मकान भी बना लिए गए। हैरानी की बात यह है कि इसी जमीन पर दो सरकारी प्राइमरी स्कूल भी बने हुए हैं।



### गेहूं उपार्जन के लिए 30 अप्रैल तक स्लॉट किए जाएंगे बुक

**विसं, भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि किसानों को गेहूँ विक्रय के लिये 30 अप्रैल तक स्लॉट बुकिंग की सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक एक लाख 30 हजार 655 किसानों से 57 लाख 13 हजार 640 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 355 करोड़ 3 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है। अभी तक 4 लाख 22 हजार 848 किसानों द्वारा 1 करोड़ 82 लाख 96 हजार 810 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं।

### चित्रकूट सीवरेज परियोजना का निरीक्षण कर मुख्य अभियंता ने दिए आवश्यक निर्देश



**चित्रकूट।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के मुख्य अभियंता शैलेंद्र शुक्ला ने चित्रकूट में संचालित सीवरेज परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयसीमा की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य अभियंता श्री शुक्ला ने अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि परियोजना के सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य में आमजन को कम से कम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को परियोजना की प्रगति की सतत समीक्षा करते हुए समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। मुख्य अभियंता ने कहा कि यह परियोजना शहर के स्वच्छता एवं पर्यावरण सुधार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए।

## ब्लूमबर्ग: अडाणी एशिया में सबसे अमीर, दूसरे स्थान पर अंबानी

**मुंबई, जेएनएन।** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स में उनकी नेटवर्थ 92.6 अरब डॉलर यानी करीब 8.59 लाख करोड़ रुपए हो गई है। अभी तक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर शख्स थे। उनकी नेटवर्थ 90.8 अरब डॉलर यानी करीब 8.42 लाख करोड़ है।



### गौतम अडाणी की नेटवर्थ में इस साल 75 हजार करोड़ रु. का हुआ इजाफा

**गौतम अडाणी:** इस साल इनकी नेटवर्थ में 8.1 अरब डॉलर यानी 75.11 हजार करोड़ रुपए बढ़ी है। अडाणी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी ने इनकी नेटवर्थ को बूस्ट दिया है।

**मुकेश अंबानी:** इनकी संपत्ति में इस साल 16.9 अरब डॉलर यानी 1.57 लाख करोड़ रुपए घटी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।



### इलॉन मस्क दुनिया में सबसे अमीर व्यक्ति

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की लिस्ट में इलॉन मस्क 656 अरब डॉलर यानी करीब 60 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। उनके बाद लैरी पेज दूसरे और जेफ बेजोस तीसरे नंबर पर हैं। हालांकि कोई भी भारतीय टॉप टेन में शामिल नहीं है। ब्लूमबर्ग दुनिया के सबसे अमीर लोगों की नेटवर्थ को ट्रैक करने वाला एक डेली इंडेक्स है। नेटवर्थ की गणना कंपनियों के स्टॉक की कीमत और अन्य सार्वजनिक होल्डिंग्स के आधार पर की जाती है। चूंकि यह बाजार पर आधारित है, इसलिए शेयरों के दाम गिरते ही रैंकिंग में बदलाव आ जाता है

## सैन्य परिसर में नशे की सप्लाई, तीन पकड़ाए

**जागरण, महू।** नशे का काला कारोबार सैन्य परिसर तक फैल चुका है। महू में मिलिट्री इंटेलिजेंस और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सैन्य परिसर के भीतर नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले एक रैकेट का खुलासा हुआ है। कार्रवाई में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से संदिग्ध अफीम, गांजा और पांच मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पकड़ाए गये आरोपियों में से दो आरोपी महू सैन्य परिसर में सामान्य श्रमिक के रूप में काम भी कर रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने एक बड़े सप्लायर के लिए काम करने की बात कबूल की है। जानकारी के अनुसार, महू में सैन्य क्षेत्रों और स्थानीय बाजारों के आसपास नशीले पदार्थों की सप्लाई बढ़ रही थी। इसका असर वर्तमान में कार्यरत सैनिकों पर भी पड़ रहा था। आशंका थी कि कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जो सामान्य लेबर के रूप में सैन्य प्रतिष्ठानों तक पहुंच बना चुका है। मुखबिर से सूचना मिली कि सुमित सुरवाड़े नामक युवक इन्फैंट्री स्कूल के बाहर अफीम और गांजे की खेप पहुंचाने वाला है।

### नेटवर्क खंगाल रही एजेंसियां

पूछताछ में सामने आया कि सुमित और प्रेम बीते दो साल से स्टेशन मुख्यालय महू में सामान्य श्रमिक के रूप में काम कर रहे थे। इस कारण उन्हें सैन्य प्रतिष्ठानों की कार्यप्रणाली और व्यवस्था की पूरी जानकारी थी। मोबाइल फोन की जांच और सख्त पूछताछ में तीनों ने कबूल किया कि वे यादव मोहल्ला निवासी कलू उर्फ मुख्य सप्लायर के लिए काम करते थे, जो सैन्य प्रतिष्ठानों में नशीले पदार्थों की सप्लाई करता है। फिलहाल तीनों आरोपियों को पीएस महू की हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस और मिलिट्री इंटेलिजेंस अब इस पूरे नेटवर्क की विस्तृत जांच कर रही है।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| शुभमन गिल (गुजरात) | 251 |
| विराट (आरसीबी) | 228 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 224 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 11 |
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 10 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 09 |



## बाउंड्री मीटर

441 छक्के

782 चौके

54 अर्धशतक



वरुण ने गुजरात के खिलाफ मैच में दो विकेट लिए। इसके साथ ही उनके आईपीएल में केकेआर के लिए 100 विकेट हो गए है।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 09 | 7 | 1.067 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 | 1.503 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | 0.889 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 | 0.018 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | 0.576 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.322 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.804 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.846 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.076 |
| कोलकाता | 6 | 0 | 5 | 1 | -1.149 |

### मैच 25: गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइटराइडर्स को पांच विकेट से हराया, लगाई जीत की हैट्रिक

# सीजन की पहली जीत को तरसी केकेआर, अब गुजरात से भी हारी

जेएनएन, अहमदाबाद

कगिसो रबाडा (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर दो विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल (86) की बेहतरीन पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 25वें मैच में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। कैमरुन ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन केकेआर की पारी 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 180 रन पर सिमट गई। टाइटंस ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। केकेआर को मौजूदा सत्र में छह मैचों के बाद भी पहली जीत का इंतजार है। टाइटंस की पांच मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है और टीम छह अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। गिल ने साई सुदर्शन (22) के साथ 31 गेंदों में 57 रन और जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 24 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (13) के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिए, जबकि वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और रमनदीप सिंह ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्रीन ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभाला और 55 गेंदों में 79 रन बनाए। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (27) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन और अनुकूल रॉय (नौ) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। रबाडा और सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने नई गेंद से कहर बरपाते हुए शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया, जबकि अशोक शर्मा और प्रसिद्ध कृष्णा ने बीच के ओवरों में अच्छा साथ दिया।

**05** मैचों में गुजरात की यह केकेआर के खिलाफ चौथी जीत है। केकेआर को सिर्फ एक बार सफलता मिली है।

### ग्रीन चले, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना सकी केकेआर

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले चार ओवरों में ही तीन विकेट गंवा दिए। रबाडा ने पावरप्ले में दोहरा झटका दिया और छह ओवर की समाप्ति के बाद केकेआर मात्र 37 रन ही बना पाई। इसके बाद कैमरन ग्रीन और रोवमैन पॉवेल के बीच अर्धशतकी साझेदारी हुई और केकेआर की पारी वापसी की राह पकड़ने लगी। ग्रीन को शुरुआत में ही सिराज के खिलाफ अंपायर ने कॉट बिहाइंड आउट करार दिया था, लेकिन डीआरएस पर वह बच गए। ग्रीन ने धीमी शुरुआत की थी, लेकिन पॉवेल (27) के आउट होने के बाद उन्होंने गियर बदल लिया और केकेआर की पारी के 12वें से 14वें ओवर तक बीच टीम ने 52 रन बनाए। ग्रीन ने 55 गेंदों पर 79 रनों की पारी जरूर खेली, लेकिन उन्होंने पहले 29 गेंदों पर 27 रन बनाए और अंतिम 11 गेंदों पर वह मात्र चार रन ही बना पाए।

### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स: 180/10 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साइफर्ट का. फिलिप्स बो. रबाडा | 19 | 14 | 2 | 1 |
| रहाणे का. रबाडा बो. सिराज | 0 | 1 | 0 | 0 |
| रघुवंशी का. बटलर बो. रबाडा | 8 | 4 | 2 | 0 |
| ग्रीन का. बटलर बो. राशिद | 79 | 55 | 7 | 4 |
| पॉवेल का. सिराज बो. अशोक | 27 | 20 | 2 | 2 |
| अनुकूल का. बटलर बो. कृष्णा | 9 | 7 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह का. बटलर बो. रबाडा | 1 | 2 | 0 | 0 |
| रमनदीप का. सिराज बो. अशोक | 17 | 8 | 2 | 1 |
| नारायण का. फिलिप्स बो. सिराज | 0 | 5 | 0 | 0 |
| कार्तिक त्यागी रनआउट | 6 | 4 | 0 | 1 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 14, **कुल:** 20 ओवर में 180 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-5, 2-21, 3-32, 4-87, 5-147, 6-148, 7-165, 8-166, 9-173, 10-180, **गेंदबाजी:** सिराज 4-0-23-2, रबाडा 4-0-29-3, कृष्णा 4-0-32-1, अशोक शर्मा 4-0-45-2, राशिद खान 4-0-44-1.

**गुजरात टाइटंस: 181/5 (19.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का. त्यागी बो. नारायण | 22 | 16 | 1 | 2 |
| शुभमन गिल का. ग्रीन बो. वैभव | 86 | 50 | 8 | 4 |
| जोस बटलर का. ग्रीन बो. वरुण | 25 | 15 | 2 | 2 |
| वॉशिंगटन का. त्यागी बो. वरुण | 13 | 13 | 1 | 0 |
| फिलिप्स का. रिंकू बो. अनुकूल | 19 | 16 | 2 | 0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 7 | 6 | 0 | 0 |
| शाहरुख खान नाबाद | 3 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 6, कुल: 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन, **विकेट पतन:** 1-57, 2-95, 3-141, 4-158, 5-177, **गेंदबाजी:** वैभव अरोड़ा 4-0-35-1, कार्तिक त्यागी 4-0-40-0, अनुकूल रॉय 3-0-37-0, सुनील नारायण 4-0-28-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-34-2, रमनदीप 0.4-0-5-1.



इस सीजन गिल ने लगातार तीसरी बार 50 का आंकड़ा पार किया।

प्लेयर ऑफ द मैच शुभमन गिल

86 रन

50 गेंद

08 चौके

06 छक्के

### डबल हेडर आज: दिल्ली बनाम बेंगलुरु मैच दोपहर 3.30 बजे से, शाम को सीएसके और हैदराबाद की भिड़ंत

# दिल्ली के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा भारी

जेएनएन, बेंगलुरु

डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है, जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दोपहर 3.30 बजे से होने वाले मैच में अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। जहां आरसीबी की टीम पांच में से चार मुकाबले जीतकर शीर्ष-2 में है, वहीं दिल्ली चार में से दो मुकाबले जीत और दो मुकाबले हारकर अंक तालिका के बीच में है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 33 मुकाबलों में आरसीबी को 20, जबकि दिल्ली को 12 में जीत मिली है, जबकि एक मुकाबला रद्द हुआ था। बेंगलुरू में हुए दोनों टीमों के बीच 13 मुकाबलों में भी आरसीबी 7-5 से आगे है।



### अक्षर पटेल लगा सकते हैं विराट पारी पर ब्रेक

पांच पारियों में दो अर्धशतकों के साथ 228 रन बना चुके विराट कोहली को अगर रोकना है, तो दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को खुद नई गेंद थामनी होगी। अक्षर ने कोहली को सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन कोहली, उन पर सिर्फ 113 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाते हैं। अक्षर, कोहली के सलामी जोड़ीदार फिल सॉल्ट को भी परेशान करते हैं और सॉल्ट भी उनके खिलाफ सिर्फ 113 के ही स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सॉल्ट, अक्षर के खिलाफ चार पारियों में दो बार आउट भी हुए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी ने भी सॉल्ट को चार में से दो पारियों में आउट किया है। वैसे कोहली को रोकना हो तो दिल्ली को दुश्मांता चमीरा को मौका देना चाहिए, जिन्होंने कोहली को चार टी-20 पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि कोहली उन पर सिर्फ 104 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

### तालिका में स्थिति मजबूत करने उतरेंगे सनराइजर्स और सीएसके

**हैदराबाद, जेएनएन।** प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार की शाम में होने वाले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। दोनों ही टीमों को पांच में से दो में जीत और तीन में हार मिली है, हालांकि बेहतर नेट रन रेट के कारण हैदराबाद पांचवे, जबकि सीएसके आठवें स्थान पर है। दोनों के बीच अब तक कुल 22 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें सीएसके 15-7 से आगे है। हालांकि 2022 से मुकाबला लगभग बराबरी का है और दोनों टीमों ने छह में से तीन-तीन मुकाबले जीते हैं। हैदराबाद में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलती है और मेजबान हैदराबाद यहां पर 3-2 से आगे है। इशान किशन इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। सीएसके के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी उन पर लगाम लगा सकते हैं, जो कि चोटिल होकर बाहर हो चुके खलील अहमद की जगह एकादश का हिस्सा हो सकते हैं। चौधरी ने किशन को दो पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि किशन उन पर सिर्फ छह रन ही बना पाए हैं। हालांकि अभिषेक शर्मा, चौधरी पर 211 के स्ट्राइक रेट से प्रहार करते हैं, लेकिन चौधरी ने उन्हें भी तीन पारियों में एक बार आउट किया ही है। अभिषेक को राहुल चाहर भी तीन पारियों में दो बार आउट कर चुके हैं, जबकि अभिषेक उन पर सिर्फ 71 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।



## न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में मेजबान बांग्लादेश को 26 रन से हराया

**मीरपुर, जेएनएन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने भीषण गर्मी के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश पर 26 रन से जीत दर्ज की। ब्लेयर टिकनर, नाथन स्मिथ और विल ओरूर्के की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ने मिलकर आठ विकेट लिए और बांग्लादेश को 48.3 ओवरों में 221 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड ने धीमी पिच पर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए आठ विकेट पर 247 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज हेनरी निकोल्स के 68 रन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। निक केली (7) के जल्दी आउट होने के बाद निकोल्स ने विल यंग (30) के साथ मिलकर 73 रन जोड़े और पारी को संभाला। चोटिल मुस्तफिजुर रहमान की जगह दिसंबर 2024 के बाद अपना पहला वनडे खेल रहे शोरिफुल ने 10 ओवर में 27 रन देकर दो विकेट झटके। इसके बाद न्यूजीलैंड ने तीन तेज गेंदबाजों के आक्रमण ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। टिकनर ने 40 रन देकर चार विकेट झटके। स्मिथ (45 रन देकर तीन विकेट) ने शुरुआती झटके दिए, उन्होंने लगातार गेंदों पर तंजीद हसन तमीम और नजमुल हुसैन शांटो को आउट किया और फिर तौहीद हृदय (55) का विकेट लेकर बांग्लादेश की पारी को समेटा। बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 21 रन था। टीम ने सैफ हसन (57) और लिटन दास (46) के जरिए वापसी की कोशिश की। इन दोनों ने मिलकर 93 रन जोड़े। लेकिन ओरूर्के ने सैफ का विकेट लेकर इस साझेदारी का अंत किया।

### वनडे सीरीज के लिए मई-जून में पाक जाएगी ऑस्ट्रेलिया टीम

**कराची, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया टीम लाहौर और रावलपिंडी में तीन मैच की वनडे सीरीज खेलने के लिए मई के अंत में पाकिस्तान का दौरा करने के लिए तैयार है। यह सीरीज क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और पीसीबी के बीच हुए एक समझौते का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम ने टी-20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान का दौरा किया था और लाहौर में तीन मैच खेले थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ इस दौरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है, लेकिन मैच संभावित रूप से 30 मई से पांच जून के बीच होंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान से बांग्लादेश के लिए रवाना होगी, जहां उसे नौ जून से वनडे सीरीज खेलनी है। पाकिस्तान को पीएसएल के समापन के बाद आठ से 20 मई के बीच में दो टेस्ट की सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करना है।

## खेल एक नजर

### कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच मैड्रिड ओपन से हटे

**मैड्रिड, जेएनएन।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के क्ले कोर्ट सत्र के प्रमुख टूर्नामेंट मैड्रिड ओपन से हटने के कारण बड़ा झटका लगा है। अल्काराज ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें इस टूर्नामेंट से हटने का 'दुख' है और वह लगातार दूसरे वर्ष मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होना है। अल्काराज हाल ही में दाहिनी कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बुधवार को बार्सिलोना ओपन से भी नाम वापस ले लिया था। इससे पहले विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच भी कंधे की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हट चुके हैं, जिससे टूर्नामेंट की स्टार पावर को बड़ा झटका लगा है। जोकोविच ने इंडियन वेल्स में आयोजित बीएनपी परिबास ओपन के बाद से कोई प्रतियोगिता नहीं खेली है।





### सौरव गांगुली के बाद अब शेन वॉटसन बने सुपर कोच

**मुंबई, जेएनएन।** क्रिकेट प्रशिक्षण को नया रूप देने वाले एआई से संचालित खेल प्रौद्योगिकी मंच कबुनी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को अपना 'सुपर कोच' नियुक्त किया। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने पिछले साल ब्रिटेन स्थित इस स्टार्टअप के साथ हाथ मिलाया था। वाटसन ने क्रिकेट में बहुत छोटे-छोटे बदलावों का महत्व होता है और उन एक प्रतिशत बदलावों की पहचान करके और उन पर अमल करने की क्षमता बहुत बड़ा फर्क ला सकती है। कबुनी प्रशिक्षण को इस तरह से स्पष्टता प्रदान करता है कि किसी भी स्तर के खिलाड़ी इसे समझ सकें और इसका फायदा उठा सकें। काबुनी के फाउंडर और सीईओ निमेश पटेल ने कहा, यह अनुबंध अत्याधुनिक तकनीक को वॉटसन की क्रिकेट की गहरी समझ के साथ जोड़ता है। कोचिंग का यह विशेष मंच खिलाड़ियों की गतिविधियों और सही समय पर गेंद का अनुमान लगाकर इसे सरल और उपयोगी फीडबैक में बदलकर पारंपरिक नेट अभ्यास को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है।

### कनाडा का टी-20 विश्व कप मैच एंटी करप्शन यूनिट के जांच के घेरे में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईसीसी क्रिकेट कनाडा के खिलाफ अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के कथित उल्लंघन की जांच कर रहा है, जिसमें टी-20 विश्व कप में 17 फरवरी को चेन्नई में खेला गया मैच भी शामिल है, जिसमें उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था। एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। चेपॉक में खेले गए उस मैच में कनाडा आठ विकेट से हार गया था। हाल ही में प्रसारित एक डॉक्यूमेंट्री 'करप्शन, क्राइम एंड क्रिकेट' में भ्रष्टाचार के आरोपों को उजागर किए जाने के बाद आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) इसकी गहन जांच कर रही है। कनाडा ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य केवल 15.1 ओवर में हासिल कर लिया। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार एसीयू क्रिकेट कनाडा से जुड़े आरोपों की जांच कर रहा है। इसमें दो सक्रिय जांच शामिल हैं, जिनमें क्रिकेट कनाडा पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। यह डॉक्यूमेंट्री कनाडा के खोजी कार्यक्रम 'द फिफ्थ एस्टेट' ने किया था और जिसे सीबीसी ने शुक्रवार को प्रसारित किया था।

## एस्टन विला यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम, जेएनएन।** ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा। एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया, जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए। एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी। इस तरह से फॉरेस्ट ने कुल मिलाकर 2-1 से जीत दर्ज की। फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई। फ्रीबर्ग का अगला मुकाबला ब्रागा से होगा, जिसने पहले चरण में 1-1 से बराबरी के बाद कुल 4-2 के अंतर से जीत हासिल की।



### रॉयल्स के मैनेजर ने किया डगआउट में फोन का उपयोग लगा एक लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बीसीसीआई ने राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल को लेकर भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है और बोर्ड के कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर उन्हें चेतावनी भी जारी की है। यह जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को दी। यह उल्लंघन 10 अप्रैल को गुवाहाटी में राजस्थान और आरसीबी के बीच खेले गए आईपीएल मैच के दौरान हुआ था। इसके बाद शरद कुमार के नेतृत्व वाली बीसीसीआई की एसीयू ने भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-15 क्रिकेट: मयंक चतुर्वेदी ने अभय गोस्वामी अकादमी को 87 रन से हराया

**भोपाल, खेप्र।** मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने प्रथम शहीद भगत सिंह अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में अभय गोस्वामी अकादमी को 87 रन से शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर मयंक अकादमी ने आर्यवीर (100) के शतक और रिषभ पांडेय (66) के अर्धशतक की बदौलत 215 रन बनाए। अभय के तेजस ने 8 ओवर में सिर्फ 9 रन देकर 6 विकेट लिए। जवाब में अभय अकादमी 37 ओवर में सभी विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। आर्यवीर और तेजस को संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।



### अंकुर को हराकर अरेरा क्रिकेट अकादमी फाइनल में



**भोपाल, खेप्र।** अरेरा क्रिकेट अकादमी अंडर-12 बीडीसीए टूर्नामेंट में अंकुर अकादमी को तीन विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंकुर अकादमी ने 30 ओवर में सात विकेट खोकर 126 रन बनाए। हिमांशु बघेल ने 28 और विवान डंग ने 22 रन बनाए। अरेरा के संस्कार रघुवंशी ने तीन विकेट, जबकि राज और रुद्र प्रताप ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में अरेरा ने सात विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। जय बैरागी ने 22 और अनिका ने 18 रन बनाए। अंकुर के विवान ने चार विकेट लिए।

### डीजीपी कप डे नाइट क्रिकेट: साइबर टेलिकॉम और एसएएफ फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** साइबर टेलिकॉम और एसएएफ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर डीजीपी कप डे नाइट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुलिस क्रिकेट ग्राउंड पर भोपाल पुलिस ने हेमंत (85) और अंबिया (27) की शानदार पारियों की बदौलत 165 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। साइबर टेलिकॉम के भागवत ने 2 विकेट लिए। रियाज इकबाल, नरेंद्र और राम को 1-1 विकेट मिला। जवाब में साइबर ने आसानी से मुकाबला जीत लिया। अनुराग ने 59 और रियाज ने 43 रन बनाए। दोनों के बीच 104 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। भोपाल पुलिस के सुनील ने 4 विकेट झटके। अन्य मैच में एसबी ने 122 रन बनाए। रवेंद्र ने 20 और शशांक ने 19 रन की पारी खेली। एसएएफ के शुभम चौहान ने चार विकेट झटके। जवाब में एसएएफ ने 15 ओवर में केके (47) और शुभम (37) की पारियों की बदौलत मैच जीत लिया।



### एलएनसीटी की महिला टीम वॉलीबॉल में चैंपियन, बैडमिंटन में अनन्या को 3 खिताब

**भोपाल।** एलएनसीटी की महिला टीम ने 9वें इंजीनियर ओलंपिक्स के तहत आयोजित वॉलीबाल स्पर्धा में सेंट पॉल स्कूल को 2-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। एलएनसीटी में आयोजित ओलंपिक्स के तहत कई प्रतियोगिता आयोजित की गईं। ई-स्पोर्ट्स बीजीएमआई में एलएनसीटीई ने टीम हेंड्रा को हराकर खिताब जीता। पुरुष वर्ग कबड्डी में प्रेस्टीज टीम एलएनसीटी को 30-18 से हराकर चैंपियन बनी। बैडमिंटन पुरुष एकल में अनुराग मिश्रा को हराकर ध्रुव चौहान चैंपियन बने। युगल में अनुराग मिश्रा एवं अग्रिम राठौर की जोड़ी विजेता रही। महिला एकल में अनन्या शर्मा चैंपियन रहीं, जबकि मिक्स्ड डबल्स में उन्होंने यश दवे के साथ जोड़ी बनाकर खिताब जीता। महिला युगल में अनन्या ने संस्कृति के जोड़ी बनाकर खिताब अर्जित किया। पावर लिफ्टिंग में महिला वर्ग में पलक परिहार, श्रद्धा वर्मा, टीनू तिवारी एवं चारु चौरसिया अपने-अपने वर्ग में विजेता रहीं। पुरुष वर्ग में शिवम सिंह, कृष्णा प्रजापति, जितेंद्र कुशवाह एवं सूर्यांश सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



# सड़क पर दुकान लगाने से बाज नहीं आ रहे दुकानदार, प्रशासन ने दे रखी है मौन स्वीकृति

## अतिक्रमण कर सड़क को बना दिया है संकरी गली

**हनुमना, नि.प्र.।** वाहन कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता ने संवाददाता को बताया कि मऊगंज जिले के हनुमना नगर परिषद वार्ड क्रमांक 9 धर्मशाला प्रांगण में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों में हनुमना नगर के स्थानीय दुकानदार एवं ठेले वालों के कारण मार्ग में शंकरा हो चुका है। इस कारण से वाहन चालकों एवं स्थानीय दुकानदार से प्रतिदिन वाद विवाद हो रहा है, किसी न किसी दिन यह बात विवाद खूनी संघर्ष भी बन सकता है। उन्होंने आगे कहा कि इस समस्या को समाचार के माध्यम से कई बार स्थानीय एवं जिला के आला अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से भी अवगत कराया गया परंतु अभी तक सड़क के उपर किए गए




अतिक्रमण पर कभी भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा लग रहा है कि शासन और प्रशासन की मौन स्वीकृति से अतिक्रमण दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है।

## अतिक्रमण हटाने इन्होंने की मांग

वाहन कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता, पूर्व नगर उपाध्यक्ष भरत लाल गुप्ता, उपाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता, समाजसेवी रितेश केसरी, अमन गुप्ता, पंकज गुप्ता के साथ शुक्रवार को नगरी एवं ग्रामीण लोगों ने जिला अधिकारी मऊगंज मुख्य नगर पालिका अधिकारी हनुमना से यह मांग है कि अगर अतिक्रमण पर कार्यवाही नहीं की गई तो किसी दिन वाद-विवाद की समस्या खूनी संघर्ष में विपरीत हो जाएगा, क्या तब शासन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण में कार्यवाही की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की मांग की है।

# गौरा रोड पर बढ़ता अतिक्रमण, जाम से लोग त्रस्त

**चाकघाट, नि.प्र.।** चाकघाट नगर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल मंत्री चौराहे से पुराने बस स्टैंड चौराहे तक स्थित गौरा रोड पर अतिक्रमण के कारण रोजाना जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए कब्जे और बढ़ती ठेला-व्यवस्था एवं मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने खड़े हुए वाहनों ने यातायात को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। इस मार्ग पर दुकानों के बाहर तक फैला सामान, फुटपाथों पर अतिक्रमण और सड़क पर खड़े वाहन मार्ग को संकरा बना रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम के कारण उन्हें रोजाना देर का सामना करना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बावजूद इसके, प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। दुकानदारों का तर्क है कि सीमित स्थान और आजीविका के दबाव के कारण वे सड़क किनारे दुकान लगाने को मजबूर हैं, लेकिन वे भी इस समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता मानते हैं। नगर परिषद चाकघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चाकघाट व्यापार मंडल द्वारा विगत दिवस अतिक्रमण हटाने के लिए सार्वजनिक तौर पर आदेश दिया गया था एवं आदेश का उल्लंघन करने पर अर्थदंड का प्रावधान था लेकिन यह आदेश केवल औपचारिकता बनकर रह गए है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गौरा रोड पर अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त और स्थायी कदम उठाए जाएं, नियमित निगरानी की जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।




## रोजगार मेला 22 अप्रैल को सतपुड़ा आई.टी.आई. में

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत सतपुड़ा आई.टी.आई. मऊगंज में 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 11 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

# सेमरिया मुख्य बाजार में सुबह से ही लग जाता है भीषण जाम

**सेमरिया, नि.प्र.।** नगर परिषद सेमरिया अतर्गत सेमरिया मेन बाजार मे शंकर जी तालाब के पास ऑटो चालक की मनमानी चरम पर होती है, स्थानीय लोगों ने संवाददाता को बताया कि ऑटो चालक इस तरह लापरवाही बरत रहे हैं कि जहां मन किया ऑटो लागाया और गायब यही हाल है बकिया तिराहा, शास्त्री जी की प्रतिमा के पास चारो ओर अवैध कब्जा कहीं ठेला चालक या फिर मनमानी वाहन पार्किंग, रीवा रोड हो या मेन बाजार रोड तक दुकानें सजती हैं, किसी को प्रशासन का भय नहीं है, दिन भर रीवा रोड से बड़े वाहन ट्रकों का आनाजाना लगा रहता है, वाहनों की धमाचौकड़ी में निकलने वाले धुए से सांस लेना भी हुआ दूभर है। यही हाल है सतना तिराहा का जहां सारा व्यापार रोड पर होता है, सतना तिराहा से लेकर संतोषी माता मदिर के पास और सरास्वती स्कूल जाने वाली गली मेन जाम का मुख्य केन्द्र है और आगे मुख्य जाम का कारण है। कुछ व्यापारी जिन्हे रोड पर सारा कार्य करना है, जाम लगने पर शातं खड़े देखते रहते हैं। अचानक कभी आपतकालीन परिस्थितियों में अस्पताल जाना पड़ जाय तो यहां जाम के हलात रहते हैं, मरीज का बचना मुश्किल हो जाय, ज्ञात हो पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ने आस्थाई ऑटो स्टैण्ड बनाया था, वहां ऑटो खड़े होने जाम से निराकरण हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन से निवेदन है इस विषय पर ठोस कार्यवाही कि जाय और सुबह से शाम तक बड़े वाहन ट्रक का आवागमन रोका जाय, साथ ही सतना तिराहा के पास बेरीकेट और बिरसिंहपुर मोड के पास बेरीकेट लागाने के बाईपास से बड़े वाहन की निकासी की जाय। लोगों का कहना है कि प्रसाशन इन विषय पर गभीरता से कार्यवाही कर जल्द जाम से निजात दिलाए।

# सड़क पर कूड़े का अंबार बना खतरा, दुर्घटना की आशंका

## पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल फुलहा के छात्र-शिक्षक परेशान, जिम्मेदार बेखबर

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** नईगढ़ी तहसील अंतर्गत आने वाली रघुनाथगंज वाया तेंदुआ रोड में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल फुलहा के पास सड़क किनारे वर्षों से जमा कूड़े का ढेर अब बड़ी समस्या बन गया है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सड़क संकरी होने से दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का संवाददाता से कहना है कि नियमों के अनुसार हर साल सड़क किनारे साफ-सफाई और मरम्मत कार्य होना चाहिए, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता के चलते हालात बदतर होते जा रहे हैं। कचरे के कारण न सिर्फ दुर्गंध फैल रही है, बल्कि यह आसपास के वातावरण को भी प्रदूषित कर रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल फुलहा में कक्षा 10वीं तक के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। रोजाना स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस गंदगी और जोखिम भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, जो उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरा बन चुका है। स्थानीय नागरिक एवं सेवानिवृत शिक्षक प्रद्युम्न प्रसाद शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द कूड़े के ढेर को हटाकर नियमित साफ-सफाई और सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं और बीमारियों से बचाव हो सके।



# शैलजा पांडेय बनीं महिला कांग्रेस सेवादल मऊगंज की जिला अध्यक्ष

**आंचलिक, डेस्क।** मध्य प्रदेश कांग्रेस महिला सेवा दल ने मऊगंज जिले में महिला कांग्रेस संगठन को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शैलजा पांडेय को महिला कांग्रेस सेवादल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विशेषकर महिला विंग में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। शैलजा पांडेय का संगठनात्मक अनुभव पहले से ही मजबूत रहा है। वह पूर्व में महिला कांग्रेस मऊगंज ब्लॉक की अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने महिला सशक्तिकरण, संगठन विस्तार और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए, जिसके चलते उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद शैलजा पांडेय ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। उन्होंने विशेष रूप से पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, त्योंथर विधानसभा प्रभारी राजू सिंह सेंगर, पूर्व प्रत्याशी देवतालाब पद्मेश गौतम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीलाल कोल सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए कृतज्ञता जताई। उन्होंने आगे कहा कि महिला कांग्रेस सेवादल को मजबूत बनाते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा तथा उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। शैलजा पांडेय की नियुक्ति को संगठन में नई ऊर्जा और सक्रियता का संकेत माना जा रहा है।



# धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, से सेवा भक्ति करे : पं. बागीश महाराज



## भागवत कथा के पांचवे दिन किया श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**आंचलिक डेस्क।** श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को कुलगुरु पं. बागीश नारायण मिश्र व कथा व्यास पं. भूपेन्द्र शुक्ल शास्त्री ने पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई। जिसमें कथा में नंदोत्सव, पूतना वध, सकटासुर, तृणावर्त, वकासुर, अघासुर, वत्सासुर, धेनुकासुर का उद्धार, चीर हरण लीला, कालिया मर्दन एवं गोवर्धन पूजा के साथ श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे, वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। वहीं महाराज ने बताया पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दिखने लगे।

# सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहनों का रहा गौरव पूर्ण प्रदर्शन



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** एम.पी.बोर्ड कक्षा-दशमी एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नईगढ़ी के भैया -बहनों का गौरव पूर्ण प्रदर्शन रहा। हायर सेकेण्डरी में अध्ययनरत भैया चन्द्रेश मिश्रा 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान रहे। दूसरे स्थान पर सुयश कुशवाहा 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ एवं बहन रिमझिम शुक्ला 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय में हायर सेकेण्डरी का औसत परिणाम 96.29 प्रतिशत रहा । हाई स्कूल परीक्षा में बहन सुप्रिया त्रिपाठी एवं नित्या जायसवाल 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं । दूसरे स्थान पर खुशबू कुशवाहा 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ एवं ऋषभ पाण्डेय 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। हाई स्कूल परीक्षा का औसत परिणाम 81.4 प्रतिशत रहा। भैया/बहन के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्था प्राचार्य रमेश कुमार सिंह, व्यवस्थापक अभिषेक सिंह, अध्यक्ष श्यामसुंदर गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शुक्ला एवं विद्यालय के आचार्य एवं दीदियों का सराहनीय योगदान एवं मार्गदर्शन रहा। विद्यालय परिवार ने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सरस्वती स्कूल बैकुण्ठपुर का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**बैकुण्ठपुर।** सरस्वती शिशु / उ. मा. विद्यालय का हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, हाई स्कूल परीक्षा में बहिन आस्था सिंह ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान शनी सिंह 96.2 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पियूष पाण्डेय 95 प्रतिशत रहा । हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रथम स्थान शिवम सोनी ने 81.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अम्बुज साहू 78 प्रतिशत, तृतीय स्थान काजल गुप्ता 77.6 प्रतिशत रहा । छात्रों की सफलता पर विद्यालय प्रवेश समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह, व्यवस्थापक सुशील कुमार गुप्ता, प्राचार्य विजय प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य अशोक विश्वकर्मा तथा समिति के सभी सदस्य एवं आचार्य बन्धु भगिनी ने प्रसन्नता करते हुए भैया बहिनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी प्रकार कक्षा पंचम एवं अष्टम का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अष्टम में प्रथम स्थान आलिया परवीन 531/600, 88.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान अवनी सोनी 510/600, 85 प्रतिशत तृतीय स्थान अनामिका तिवारी 509/600 84.83 प्रतिशत रहा । कक्षा पंचम् में प्रथम स्थान काव्या गुप्ता 334/400, 83.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान पावनी सिंह 328/400, 82 प्रतिशत, तृतीय स्थान वेद प्रकाश सोनी 326/400, 81.5 प्रतिशत रहा ।

# नप सिरमौर में सीएमओ नेहा शर्मा ने संभाला पदभार



**सिरमौर, नि.प्र.।** नगर परिषद सिरमौर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा शर्मा (राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग की अधिकारी) को नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह द्वारा आज गुरुवार को पद भार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर विजय सोनी ,उपाध्यक्ष , पीआईसी एड शैलेंद्र सिंह, विशाल गुप्ता अमरजीत दाहिया सहित पार्षद प्रतिनिधि पंकज श्रीवास्तव, गुड्डू खान मौजूद रहे । अश्वनी तिवारी जनसंपर्क प्रभारी नप सिरमौर ने जानकारी देते हुए बताया कि नवागत सीएमओ नेहा शर्मा ने पदभार ग्रहणकर सभी जन प्रतिनिधियों सहित कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर सभी विभागो का निरीक्षण किया ।

**इनका कहना है :** शासन के आदेशानुसार निकाय में पदभार ग्रहण किया। मेरा प्रयास होगा कि शासन की संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिले । साथ ही निकाय के सर्वाणिक विकास के शासन एवं पीआईसी/परिषद के साथ मिलकर जनहित में काम करने का मेरा पूरा प्रयास होगा ।

**( नेहा शर्मा )**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नप सिरमौर**

# शियाशीं पाण्डेय का सुयश

**सेमरिया, नि.प्र.।** सांदीपनि उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय में सेमरिया की कक्षा 10वीं की छात्रा शियाशीं पाण्डेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शियाशी ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। विद्यालय परिवार, शिक्षकों और परिजनों ने शियाशीं पाण्डेय को इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सरस्वती विद्या निकेतन मिसिरगवां के छात्र ने प्रदेश में प्राप्त किया आठवां स्थान

**हनुमना, नि.प्र.।** सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल हनुमना के प्राचार्य एवं सरपंच आनंद मिश्रा ने संवाददाता से बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 99प्रतिशत रहा माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परिणाम में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 99प्रतिशत रहा, इसी के साथ विद्यालय में प्रदेश की टॉप 10 सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। किसान के बेटे ने किया कमाल विद्यालय के छात्र आदर्श प्रजापति पिता अशोक प्रजापति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया आदर्श ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरजनो के आशीर्वाद को दिया है। विशेष योगदान मेरे माता-पिता का रहा जिन्होंने मुझे ऐसे विद्यालय में अध्ययन कराया, मैं आज अपने विद्यालय का नाम रोशन कर पाया, आदर्श के पिता पेशेवर किसान है जो खेती से परिवार का भरण पोषण करते हैं। विद्यालय का एकमात्र उद्देश्य क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर अच्छे मुकाम तक पहुंचना है। हम चाहते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी बड़े शहरों के बच्चों से पीछे ना रहे। प्राचार्य ने कहा ग्राम सरपंच समेत पूरे मिसिरगवां और मऊगंज जिले में हर्ष व्याप्त है।

## कृषकों का सम्मान कर गेहूं उपार्जन केंद्र का हुआ शुभारंभ

**गुढ़, नि.प्र.।** भाजपा मंडल महसांव में सेवा सहकारी समिति क्रमांक 1 में गेहूं उपार्जन खरीदी केंद्र का विधिवत एवं गरिमामय शुभारंभ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा उपार्जन प्रभारी विश्वंभरनाथ पटेल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विश्वजीत चौरसिया एवं उपार्जन मंडल प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि, जिला सह संयोजक (सोशल मीडिया) आकाश चौरसिया द्वारा की गई। अन्न पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गेहूं खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात किसानों का मुंह मीठा कराते हुए समिति प्रबंधक संतोष चौरसिया द्वारा गेहूं की तौल प्रारंभ कराई गई। इस अवसर पर उपार्जन केंद्र प्रभारी रामानुज चौरसिया, सह प्रभारी रामभजन साकेत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नईगढ़ी जनपद ने बनाए नए कीर्तिमान





**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मऊगंज जिले में इस वर्ष कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों ने शिक्षा के क्षेत्र में नई उम्मीदें जगाई हैं। अलग-अलग विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नईगढ़ी जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल फुलहा की छात्रा अर्पिता सिंह ने कक्षा 10वीं में 95.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और गांव को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे पारिवारिक शैक्षणिक वातावरण का भी योगदान रहा है उनके दादा राधिका सिंह सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। वहीं देवभूमि एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल, भुअरी देवतालाब के छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अभय गुप्ता 92 प्रतिशत,आदर्श मिश्रा 92प्रतिशत, आस्था तिवारी 86 प्रतिशत, इन विद्यार्थियों की सफलता ने विद्यालय का मान बढ़ाया है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है,प्राचार्य उपेन्द्र मिश्र ने बधाई दी है। इसके अलावा, केंद्रीय विद्यालय में अध्ययनरत पुनीत चतुर्वेदी ने 90प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुनीत, पूर्व में लौर थाने में 112 डायल सेवा में पायलट रहे शिवेश चौबे के छोटे भाई हैं। छात्रों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शिवेश शर्मा ने प्रदेश प्राण्वीय सूची में हासिल किया दसवां स्थान

**बड़ी हर्दी, नि.प्र.।** शासकीय हाई स्कूल माड़ौ में अध्यनरत कक्षा दसवीं के छात्र शिवेश शर्मा ने मध्य प्रदेश हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025-26 में राज्य की मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता विद्यालय एवं शिक्षकों को गौरवान्वित किया है । शिवेश शर्मा ने 98प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें विद्यालय परिवार एवं ईस्टमित्र परिवारजनों रिश्तेदारों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है जिसमें माता-पिता, दादा, विद्यालय के प्राचार्य विनोद शंकर अग्निहोत्री, लक्ष्मी नारायण पांडे, कपिल कुमार ओझा, निधि तिवारी, श्रवण कुमार त्रिपाठी, अर्चना सिंह एवं विश्वनाथ कोल सभी शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# उत्कृष्ट रहा सरस्वती शिशु मंदिर देवतालाब का परीक्षा परिणाम

**देवतालाब, नि.प्र.।** सरस्वती शिशु मंदिर देवतालाब का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। मण्डल परीक्षा में कक्षा 12वीं में बहिन ज्योति पटेल ने 93.5प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम एवं भैया प्रशांत पाण्डेय ने 89प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। इसी तरह हाईस्कूल मण्डल परीक्षा में बहिन इशिता कुशवाहा ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं बहिन नैन्सी सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के उत्कृष्ट भैया/बहिनों में बहिन ज्योति पटेल 93.5प्रतिशत, इशिता कुशवाहा 92.5प्रतिशत, नैन्सी सिंह 91प्रतिशत, प्रशांत पाण्डेय 88.8प्रतिशत, पुष्पांजलि साकेत 86.6प्रतिशत, मनीषा मिश्रा 87.4प्रतिशत, दिव्या मिश्रा 82प्रतिशत, रोशनी पटेल 82प्रतिशत, सौम्या शुक्ला 83प्रतिशत, दिव्या चतुर्वेदी 83.4प्रतिशत, गौरी पाण्डेय 81प्रतिशत, रोशन तिवारी 84प्रतिशत, अख्तर राजा 80.6प्रतिशत, शालिनी शुक्ला 79प्रतिशत, प्रीति पटेल 76.4प्रतिशत, अंजली सोनी 80.8प्रतिशत, श्याम गुप्ता 77.4प्रतिशत, शैवी शुक्ला 75.2प्रतिशत, उन्नति तिवारी 75.2प्रतिशत, समीक्षा मिश्रा 75प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सरस्वती विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिये विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ. ब्रह्म विद्या मिश्र, अध्यक्ष राम सोहें मिश्र, प्राचार्य दयाशंकर तिवारी, प्राचार्य ओमप्रकाश जायसवाल, सहित अन्य ने बधाई दी है एवं भैया/बहिनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



इम्पैक्ट फीचर

## प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय 21वीं सदी का सबसे अहम फैसला साबित होगा

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मजबूत होगी विकसित भारत की नींव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया है। यह 21वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय है। इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के परस्पर नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा, तो वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर देवी अहिल्याबाई का शहर है और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। आज हम जिस सभागृह में उपस्थित है वह लता मंगेशकर की स्मृति में बनाया गया है।

“ नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का एक ऐतिहासिक कानून है। इस अधिनियम का उद्देश्य निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है यह आरक्षण लोकसभा, राज्य विधानसभाओं में लागू होगा। इसके वर्ष 2029 तक क्रियान्वित होने की संभावना है यह आरक्षण कानून अगले 15 वर्षों के लिए प्रभावी होगा। जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

**विभिन्न वर्गों की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं इंदौर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में**






## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बढ़ेगा बेटियों का मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर मां-बेटे का संबंध किसी को बताना है तो सिर्फ यशोदा मैया का नाम लेने से कृष्ण-कन्हैया का स्वतः ही स्मरण हो जाता है। यशोदा मैया के प्रण की पराकाष्ठा ऐसी थी कि उन्होंने अपनी संतान के प्राणों की चिंता न करते हुए कन्हैया का लालन-पालन किया। जब तक कन्हैया उनके पास रहे कभी बाल बराबर भी आंच नहीं आने दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना धाय का उदाहरण देते हुए कहा कि एक मां ने राज परिवार के बच्चे के प्राणों की रक्षा के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को आंखों के सामने बलिदान होते देखा। वहीं, इंदौर में सुशासन स्थापित करने वाली लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने प्रजा के हितों की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। जब पेशवा की सेना राज्य पर आक्रमण करने आई तो माता अहिल्याबाई ने सेना तैयार की, जिसका नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया था। उन्होंने अपनी युक्ति और बुद्धि से पेशवाओं को सचेत किया कि बहनों से युद्ध करने पर इतिहास में इसका परिणाम किस प्रकार देखा जाएगा। बहनें कभी हारने वाली नहीं हैं, अगर हार भी गए तो पेशवाओं के माथे पर कलंक लगेगा कि उन्होंने पूरी ताकत से लड़ते हुए राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल की रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की थी। आखिरी युद्ध में दुश्मन सेना ने तोप का प्रयोग किया। तब रानी ने अपने महावत को आज्ञा पूर्वक खंजर सौंपते हुए कहा कि मैं आखिरी सांस तक युद्ध करूंगी, अगर सेना पराजय की स्थिति में आए तो तुम मेरी जीवन लीला समाप्त कर देना। रानी दुर्गावती ने राज्य की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया।





### महिला शक्तियां रही हैं हमारी आदर्श

विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। सनातन संस्कृति में नारी को सदैव ज्ञान, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। पंचायत राज संस्थाओं में आधे स्थानों पर महिलाओं को आरक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार धन्यवाद की पात्र है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने पर देश की हर बेटी ऐतिहासिक निर्णयों में अपनी भूमिका निभा पाएगी।

### नारियों ने अनोखी मिसाल पेश की

लता मंगेशकर ऑडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर इंदौर की नारियों ने अनोखी मिसाल पेश की। कार्यक्रम में मंच पर कई वर्गों में कार्य कर रही नारियों ने अपनी सहभागिता की और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मंच की शोभा बढ़ाई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों में मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारी सब दर्शक दीर्घा में बैठे। कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री का अवलोकन किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास हो जाने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ।




## लाड़ली से लक्ष्मी तकः सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में आधी आबादी को मिल रही नई ताकत’

“ मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार लगातार कई अहम कदम उठा रही है। बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और महिलाओं की आर्थिक मजबूती तक, योजनाओं के जरिए एक व्यापक बदलाव लाने की कोशिश की जा रही है। इन पहलों का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### योजनाओं से बदलती सोच

राज्य में चलाई जा रही योजनाओं का मकसद सिर्फ आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि समाज की मानसिकता में बदलाव लाना है। बेटियों को प्रोत्साहित करने और महिलाओं को सम्मान देने की दिशा में यह एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

### शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर

जहां पहले कई परिवारों में बेटियों की पढ़ाई को नजरअंदाज किया जाता था, वहीं अब स्थिति बदल रही है। अभिभावक बेटियों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। साथ ही महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक सहायता से वे अपने खर्च खुद संभालने लगी हैं और छोटे-छोटे काम भी शुरू कर रही हैं।

### महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

सरकार का मानना है कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी, तब ही समाज में संतुलन स्थापित होगा। अब महिलाएं परिवार के फैसलों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जिससे उनकी सामाजिक स्थिति मजबूत हो रही है।




### सरकार का नजरिया और चुनौतियां

मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार इन योजनाओं को अपनी बड़ी उपलब्धि मानती है। हालांकि विपक्ष समय-समय पर इन योजनाओं पर सवाल उठाता रहा है, लेकिन सरकार का कहना है कि उसका लक्ष्य साफ है—महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना।

### सशक्त महिला, मजबूत समाज

कुल मिलाकर ये पहलें सिर्फ योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का माध्यम बन रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाकर एक मजबूत और संतुलित समाज की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

### मिशन महिला-शक्ति के स्वर्णिम दो वर्ष सुश्री निर्मला भूरिया

मध्यप्रदेश में बीते दो वर्ष महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा, सम्मान और समग्र विकास के अद्वितीय कालखंड के रूप में दर्ज हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व और संवेदनशील दृष्टिकोण से प्रदेश में महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा स्पष्ट रही है—हर महिला को सुरक्षित जीवन, हर बालिका को प्रोत्साहन तथा हर बच्चे को बेहतर भविष्य का अधिकार मिले। इन्हीं लक्ष्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक पहलें की गईं, जिनसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की व्यापक लहर उत्पन्न हुई है। महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में मैं यह बताते हुए गर्व का अनुभव करती हूँ कि मिशन वात्सल्य के माध्यम से प्रदेश में हजारों बच्चों को नए जीवन अवसर प्रदान किए गए हैं। स्पॉन्सरशिप योजना ने कमजोर परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य किया है, जिसके अंतर्गत प्रति माह 4 हजार रुपये की वित्तीय सहायता ने परिवारों और संस्थाओं दोनों को सशक्त बनाया है। वर्ष 2024-25 में 20,243 बच्चों को इस सहायता का लाभ मिला और वर्ष 2025-26 के लिए 32,896 बच्चों के प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने चौबीसों घंटे त्वरित सेवा उपलब्ध कराते हुए दो वर्षों में लगभग 48,872 बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सबसे क्रांतिकारी पहलों में से एक रही है। कई राज्यों ने इसका अनुसरण किया है।

## सुशासन, संवेदना और महिला सशक्तिकरण : मध्यप्रदेश में ‘मोहन मॉडल’ का सजीव अनुभव

*जब आज से दो वर्ष पूर्व डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी, तभी यह आभास होने लगा था कि उनका नेतृत्व केवल प्रशासनिक स्थिरता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह शासन को एक ‘नैतिक, सामाजिक और मानवीय दिशा’ देने का प्रयास करेगा। सत्ता की बागडोर संभालने के कुछ ही दिनों के भीतर यह स्पष्ट संकेत मिलने लगे थे कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विश्वासपात्र मुख्यमंत्रियों की सूची में शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान सुनिश्चित करेंगे। इसका कारण केवल राजनीतिक सामंजस्य नहीं, बल्कि नीति, नीयत और क्रियान्वयन का संतुलन था।*

*मैं स्वयं एक साधारण श्रमिक पृष्ठभूमि से आती हूँ। जीवन में संघर्ष, अभाव और श्रम का अनुभव मेरे व्यक्तित्व का हिस्सा रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मुझे मंत्रीमंडल का हिस्सा बनाना केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह उस समावेशी सोच का प्रमाण था, जिसमें पृष्ठभूमि नहीं, प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता को महत्व दिया जाता है। मंत्रीमंडल में उन्होंने सभी साथियों के साथ समभाव और समानता का व्यवहार रखा और व्यवहार में उस लोककथन को चरितार्थ किया।*

***‘मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान सब एक’*** *: यह केवल कहावत नहीं, बल्कि उनके शासन का स्वभाव बन चुका है। आज डॉ. मोहन यादव की पहचान केवल एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि ‘सबके भैया’ के रूप में बन चुकी है। मेरे मंडला जिले में आयोजित एक सामूहिक कार्यक्रम के दौरान मैंने सहज भाव से कहा था ‘हमारे भैया आज सब बहनों के भाई बन गए हैं।‘*

*आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो गर्व होता है कि वह नारा प्रदेश की लाखों बहनों की भावना बन गया। यह पहचान किसी प्रचार अभियान से नहीं बनी, बल्कि उनके व्यवहार, संवाद और संवेदना से निर्मित हुई है।*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यकाल के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि महिला सशक्तिकरण उनकी सरकार के लिए केवल एक योजनागत प्राथमिकता नहीं, बल्कि नैतिक प्रतिबद्धता है। यही कारण है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं को न केवल निरंतरता दी गई, बल्कि उन्हें और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यापक स्वरूप प्रदान किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशेष आग्रह पर कई नई योजनाओं की शुरुआत की गई, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक स्तरों पर सशक्त बनाना था।*



*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लिखे गए ब्लॉग में यह दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए यह भरोसा दिलाया कि सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और गरिमा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनका यह कथन अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जब महिलाएँ आर्थिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त होंगी, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत होंगे। लाड़ली बहना योजना आज मध्यप्रदेश सरकार की पहचान बन चुकी है। लगभग 1.26 करोड़ महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1500 रुपये की राशि का नियमित अंतरण न केवल आर्थिक सहायता है, बल्कि राज्य और नागरिक के बीच विश्वास का सेतु भी है। इस राशि को चरणबद्ध रूप से 3 हजार रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार इस योजना को अल्पकालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक निवेश के रूप में देख रही है।*

*इस योजना की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इससे महिलाएँ डिजिटल लेन-देन से जुड़ रही हैं और वित्तीय निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ी है। हाल ही में योजना की 31वीं किश्त जारी करते हुए मुख्यमंत्री का यह कहना कि ‘बहनों का आशीर्वाद हमारी सबसे बड़ी ताकत है’, उनके नेतृत्व की भावनात्मक गहराई को दर्शाता है।*

*महिला सशक्तिकरण को केवल प्रत्यक्ष सहायता तक सीमित न रखते हुए सरकार ने महिलाओं को उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने पर विशेष ध्यान दिया है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए प्रति वर्ष एक लाख रुपये की आय का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना महिलाओं को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।*

*आज यह तथ्य अत्यंत उत्साहवर्धक है कि प्रदेश में 47 प्रतिशत स्टार्टअप्स महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्यरत महिलाओं को 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देना और ‘एक बगिया माँ के नाम’ योजना के अंतर्गत फलदार पौधरोपण- ये सभी पहल इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि आर्थिक भागीदार बनाना चाहती है।*

*महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सुरक्षा और अवसर भी उतने ही आवश्यक हैं। इसी सोच के तहत राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण को 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया गया है। संपत्ति पंजीयन शुल्क में एक प्रतिशत की छूट और कामकाजी महिलाओं के लिए ‘सखी निवास’ के रूप में सुरक्षित आवास सुविधाओं का विस्तार, ये सभी निर्णय महिला हितों के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाते हैं।*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा अपने पुत्र का विवाह सार्वजनिक सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराना आज के समय में एक विरल उदाहरण है। जब विवाह सामाजिक प्रदर्शन का माध्यम बनते जा रहे हों, तब यह कदम उन परिवारों के लिए आशा का संदेश है, जो सीमित साधनों में बच्चों के भविष्य की चिंता करते हैं। यह उदाहरण सिद्ध करता है कि मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।*

*मध्यप्रदेश में पिछले दो वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो कार्य हुए हैं, वे अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। फिर भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहते हैं कि उन्हें प्रशंसा नहीं केवल बहनों का आशीर्वाद चाहिए। यही आशीर्वाद उन्हें निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है।*

*एक मंत्री, एक महिला और एक जनप्रतिनिधि के रूप में मुझे गर्व है कि मैं इस परिवर्तनकारी यात्रा की सहभागी हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज सुशासन, संवेदना और समावेशी विकास की दिशा में एक सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है।*

D-19022/26

**नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक 23 अप्रैल को**

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक 23 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गयी है। बैठक में रीवा एवं मऊगंज जिलों द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

**एयरपोर्ट विस्तारः जमीनों की खरीद, बिक्री पर रोक**

**रीवा।** रीवा एयरपोर्ट के विस्तार का मास्टर प्लान मंजूर करते हुए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। एयरपोर्ट के विस्तार के लिए ग्राम उमरी और चोरहटा की 140 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है। इस जमीन की खरीद बिक्री, डायवर्सन और नामांतरण पर एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने प्रतिबंध के आदेश दिए है।


Divisa
आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा
असर पहले दिन से
100% Ayurvedic
Helps In: • Eye Strain • Eye Dryness • Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness
Dr. Juneja's EYE Mantra
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
Clinically Tested
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores


## तेल चक्की में हाथ कटने से युवक की मौत, परिजनों ने किया चकाजाम



**जागरण, रीवा।** जिले के अतरैला में तेल चक्की में हाथ कटने से हुई युवक की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने चकाजाम कर दिया। मामले में कार्यवाही न करने से नाराज परिजनों नें अतरैला स्थित मार्ग पर शव को रखकर चकाजाम कर दिया। उन्होंने ना सिर्फकार्यवाही की मांग की बल्कि पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। दरअसल मामला जिले के अतरैला थाने का है जहां थाना क्षेत्र के भनिगवां बरहठा निवासी अनूप वर्मा बीते दिवस गांव में ही स्थित चक्की में तेल निकलवाने गया था, जिस दौरान चक्की में हाथ फंसने से युवक घायल हो गया। घायल युवक को पहले उपचार के लिये स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे बेहतर उपचार के लिये जबलपुर अस्पताल ले जाया गया लेकिन घायल की जान नहीं बचाई जा सकी। घायल युवक की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने चकाजाम कर दिया और घंटों वह अपनी मांग पर अड़े रहे। आरोप है कि घटना के बाद की गई शिकायत पर पुलिस ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की जिससे आक्रोशित होकर परिजनों ने जाम लगाया।

## युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, बीच सड़क बेल्ट और डंडे से की मारपीट

### दो पक्षों में आपसी विवाद पुलिस ने दर्ज किया मामला



**जागरण,रीवा।** शहर में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाता एक और वीडियो सोशल मीडिया में एक बार फिर वायरल हुआ है। वायरल हुआ यह वीडियो शहर के समान थाना क्षेत्र में स्थित ओवर ब्रिज के नीचे का बताया जा रहा है। वीडियो में एक बुलेट सवार युवक को कुछ युवक सड़क के बीच दौड़ा-दौड़ा कर पीटते नजर आ रहे हैं। फिलहाल सड़क के बीच हुई मारपीट की यह घटना एक कार सवार ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इधर पुलिस ने भी वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया है। पुलिस की माने तो मामला दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद का है, जिसमें शराब पीने के बाद दोनों पक्षों ने आपस में मारपीट की है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और अब आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। बता दे कि रीवा में इन दिनों मारपीट की घटनाओं के वायरल हो रहे वीडियो पुलिस के लिए मुसीबत का सबब बनते जा रहे हैं। हाल ही में शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित साईं मंदिर के समीप हुई मारपीट की घटना के बाद दूसरा मामला शहर के समान थाना क्षेत्र का प्रकाश में आया है जहां सड़क के बीचो-बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि बाइक सवार को किस तरह से घेरकर उस पर बेरहमी पूर्वक ना सिर्फ बेल्ट और डंडे बरसाए जा रहे हैं बल्कि जान बचाकर भाग रहे युवक को सड़क के बीच आरोपी दौड़ा-दौड़ा कर पीटते भी नजर आए हैं। एक युवक अपनी जान बचाकर भागते हुए सड़क पर गिर जाता है, जिसके बाद आरोपी उस पर टूट पड़ते हैं और बेल्ट वा डंडे साथ साथ लात वा घूंसों से मारपीट करते हैं। फिलहाल इस वीडियो के वायरल होने के बाद एक बार फिर रीवा शहर की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं तो वहीं सोशल मीडिया पर भी लोग पुलिस की जमकर किरकिरी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि मामला रात में ही थाने पहुंचा, जिसके बाद वायरल हुए वीडियो को पुलिस ने संज्ञान में लिया है ।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
Kamta कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311


## चित्रकूट की पवित्र नदियों पर संकटः प्रदूषण और अतिक्रमण पर एनजीटी की सख्ती

### कोर्ट ने प्रशासन से मांगी विस्तृत रिपोर्ट 15 मई को होगी अगली सुनवाई



**जागरण, रीवा।** एनजीटी की केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ भोपाल ने चित्रकूट क्षेत्र की पवित्र नदियों मंदाकिनी, पयसुनी और सरयू में बढ़ते प्रदूषण, अवैध अतिक्रमण और प्रशासनिक निष्क्रियता को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। यह मामला अधिवक्ता नित्यानंद मिश्रा द्वारा दायर निष्पादन आवेदन एजीक्यूशन आवेदन 07/2026 में उठाया गया है, जो पूर्व में पारित आदेशों के पालन से संबंधित है। मामले की अगली सुनवाई 15 मई 2026 को निर्धारित की गई है। सभी संबंधित विभागों को तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

**धार्मिक आस्था और पर्यावरण पर दोहरा संकट :** एनजीटी ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि चित्रकूट न केवल एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र भी है। ऐसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बावजूद नदियों की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक बताई गई है।

**बिना शोधन के सीवेज बना मुख्य कारण :** ट्रिब्यूनल के समक्ष प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार, नगर पंचायत क्षेत्र का अधिकांश सीवेज बिना किसी ट्रीटमेंट के सीधे नालों के माध्यम से नदियों में छोड़ा जा रहा है। इससे नदियों के जल का रंग काला और भूरा हो चुका है, जो गंभीर प्रदूषण का संकेत है। यह स्थिति न केवल पर्यावरण बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है।

**अतिक्रमण और अवैध निर्माण ने बिगाड़ी स्थिति :** एनजीटी ने पाया कि नदियों के किनारों और नदी भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण किए गए हैं। इनमें होटल, धर्मशालाएं, आश्रम, फार्महाउस और निजी कॉलोनियां शामिल हैं। कई स्थानों पर प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा नदी के प्रवाह को मोड़कर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्राकृतिक जलधारा बाधित हो रही है और पर्यावरण को स्थायी नुकसान पहुंच रहा है।

**कलेक्टर सतना को यह दिए निर्देश**

- नदी क्षेत्र का सीमांकन कर अतिक्रमणों की पहचान की जाए।
- सभी अवैध निर्माणों को विधि अनुसार हटाया जाए।
- नदी तटों पर किसी भी प्रकार का नया अतिक्रमण रोका जाए।

**राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ये निर्देश**

- प्रदूषण की नियमित निगरानी की जाए।
- नियमों के उल्लंघन पर अभियोजन चलाया जाए।
- पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूली जाए।

**तीन सप्ताह में देनी होगी रिपोर्ट**

एनजीटी ने प्रशासन से तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है, जिसमें चित्रकूट की कुल जनसंख्या और त्योहारों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या, जल उपयोग और उत्पन्न होने वाला सीवेज निस्तारण हेतु वर्तमान में एसटीपी की संख्या और उनकी क्षमता, सीवेज उपचार में कमी, ठोस अपशिष्ट, प्रबंधन की स्थिति, कचरा निस्तारण के वैकल्पिक उपाय के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ जल और प्रदूषण रहित पर्यावरण का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार है। किसी भी व्यक्ति या संस्था को व्यावसायिक लाभ के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## नकदी और जेवरात छोड़ गैस सिलेंडर सहित बाइक ले गए चोर



### सीसीटीवी फुटेज आया सामने, मकान मालिक और पुलिस हैरान

**जागरण, रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र में एक घर में चोरी का अजीबो गरीब मामला सामने आया है, यहां पर चोरों ने घर से बाइक चुराई फिर उसी बाइक से घर में रखे दो भरे गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गया। चोरों ने घर से और कोई कीमती सामान नहीं चुराया सिर्फ बाइक और सिलेंडर लेकर फरार हो गए। घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमे चोर बाइक से सिलेंडर लेकर जाते नजर आ रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। समान थाना क्षेत्र से जो मामला सामने आया है, उसने पुलिस और आम जनता दोनों को हैरान कर दिया है। चोरों ने यहां सोने-चांदी और नकदी को छोड़कर गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गए। यह पूरी घटना रीवा शहर के सामान थाना क्षेत्र की है। चोरों ने पहले घर में खड़ी बाइक चुराई फिर घर के अंदर से कुछ और नहीं बल्कि दो भरे हुए गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गए। हैरान करने वाली बात यह है कि घर में अन्य कीमती सामान भी मौजूद थे लेकिन चोरों ने उन्हें हाथ तक नहीं लगाया, उनकी पूरी दिलचस्पी सिर्फ मोटरसाइकिल और दो सिलेंडरों में थी। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें दो चोर बाइक में सिलेंडर लेकर जाते नजर आ रहे हैं।


गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
एवं महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
रीवा में 19 अप्रैल 2026
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
डॉ. अखिलेश दुबे
एम.डी., डी.एम. कार्डियोलॉजी एम्स नई दिल्ली
पता - गोयल मार्केट, (बाल भारती स्कूल के बगल में) डॉ. संजय मिश्रा की क्लिनिक में, सिरमौर चौराहा, रीवा-486001
समय- सुबह 10:00 से 3:00 तक
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें :- 7000598450,8839604296,8305923943,8109456222

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
उपलब्ध सुविधा: • एंडोस्कोपी • कोलोनोस्कोपी • फाइब्रोस्केन • ERCP
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा


## आधी रात घर में चोरों का धावा आहट सुन नींद से जागा परिवार



**जागरण, रीवा।** शहर से सटे एक गांव में चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने की नाकाम कोशिश की है। यहां चोरी की इरादे से पहुंचे चोरों को उस वक्त उल्टे पांव भागना पड़ा, जब चोरों की आहट सुन पीड़ित परिवार नींद से जाग उठाए ऐसे में चोर उल्टे पांव भागने को मजबूर हो गए लेकिन चोरों की यह नाकाम कोशिश पीड़ित के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हालांकि पीड़ित परिवार चोरी की घटना से बाल बाल बच गया लेकिन उसने चोरी के प्रयास की सूचना पुलिस को दीए बावजूद इसके दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मौके पर पहुंचना मुनासिब नहीं समझा। दरअसल चोरी के प्रयास का यह मामला शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में स्थित रामसागर मोड बदरांव की बताई गई है। घटना के संबंध में बदरांव निवासी दीपक शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 और 16 अप्रैल की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने उनके घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने का असफल प्रयास किया है। बताया गया की रात करीब 2 बजे आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने घर का दरवाजा खोलने की कोशिश की, इस बीच चोरों की आहट मिलने पर पीड़ित परिवार के लोगों की नींद खुल गई और जैसे ही उन्होंने घर के अंदर की लाइट चालू की तभी बदमाश मौके से भाग खड़े हुए। हालांकि बदमाशों द्वारा किए गए चोरी के प्रयास की यह घटना पीड़ित परिवार के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैए जिसमें बदमाश आधा दर्जन की संख्या में नजर आ रहे हैं और उन्होंने अपने चेहरों को नकाब से ढक रखा था। हालांकि घटना की रात ही पीड़ित ने पुलिस की डायल 112 को फोन कर घटना की सूचना दी और दूसरे दिन थाने पहुंचकर पुलिस को भी घटना से अवगत करायाा गयाए लेकिन पीड़ित का आरोप है कि दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक मौके पर नहीं पहुंची है।

## कॉलेज चौराहे के समीप कचरे के ढेर से लगी आग

### कई गोमतियां जल कर खाक, देर रात की घटना



**जागरण,रीवा।** शहर के कॉलेज चौराहे के पास जॉन टॉवर के बगल में रात लगभग 2 बजे भीषण आग लग गई। आग यहां पर रखी गोमतियों में लगी, इस बात की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और विद्युत मंडल सहित फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। आग जिस जगह पर लगी थी, वहां पर कई ट्रांसफार्मर लगे हुए थे। चाय पान की कई गोमतियां थीं साथ ही कचरे का ढेर भी था। गर्मी की वजह से कचरा पूरी तरीके से सूखा हुआ था। विद्युत मंडल ने सबसे पहले इलाके की लाइट बंद की, उसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। यह तो अच्छा रहा आग की लपटें आसपास मौजूद दुकान के अंदर तक नहीं पहुंची, नहीं तो भारी नुकसान हो सकता था। सूखे कचरे से फैली आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की वजह से यहां पर रखी कुछ गोमतियां पूरी तरीके से जलकर खाक हो गईं। आग लगने की वजह किसी के द्वारा बीड़ी या सिगरेट पीने के बाद फेंकने को माना जा सकता है। क्योंकि जिस जगह पर आग लगी वहां पर जल्दी कोई रात को नहीं जाता है। दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया।


REWA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi | Affiliation No.- 1031367
Where Every Student is Valued .... Science, Art, Commerce
ADMISSION OPEN 2026-27 Nursery to 12th
Call: 9806154224, 8120154224
Add.: Ward 15, Gadariya, Ratahara, Rewa (M.P.)
Email: ripsrewaschool@gmail.com

डॉ. बीरभान सिंह
एम.डी. (मेडिसिन) DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
उपलब्ध सुविधाएं
पता: श्रवण कुमारी स्कूल के पास, गुड़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

THE BRAIN SHAPER SENIOR SECONDARY SCHOOL
Shaping Brilliant Minds with Discipline and Excellence
FOCUS DISCIPLINE DEDICATION QUALITY SUCCESS
Director: Renowned Coach B. M. SHARMA
LEARN with UNDERSTANDING | LEAD with CONFIDENCE | ACHIEVE with COMMITMENT | GROW with VALUES
DISCIPLINE TODAY, EXCELLENCE TOMORROW
Saman Bandh Rewa 9300607071

मिनर्वा आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज | सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ • IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग, निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

विंध्य के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. पी.सी. द्विवेदी
एम.एस. (नेत्र) सेवानिवृत्त एवं पूर्व विभागाध्यक्ष
का नया पता
समयः सुबह 10 बजे से 2 बजे तक
जूनियर MIG-3 हेडगेवार नगर कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने, रीवा
आस्था मेडिकल स्टोर, ढेकहा तिराहा, रीवा
समयः शाम 5 बजे से 7 बजे तक
8966825155,7225925922,9179687302

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com